ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 05 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 09 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 126 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

रवीना ने 'पाइन कोन' के लिए ओनिर को ... पेज 12 पर



**NEWS इन ब्रीफ**

### चाईबासा में पांच किलो का एक आईईडी बम बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के गोईलकेरा थाना क्षेत्र के इचागोड़ा से गवई जाने वाले रास्ते से पुलिस ने पांच किलो का एक आईईडी बम बरामद किया है। एसपी आशुतोष शेखर ने गुरुवार को बताया कि गत 27 जून से एक अभियान टोन्टो थाना क्षेत्र के तुम्बाहाका ,अंजदबेड़ा के सीमावर्ती क्षेत्र और गोईलकेरा थाना के कुईड़ा एवं मारादिरी गांव के सीमावर्ती क्षेत्र में प्रारंभ किया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को सर्च अभियान के दौरान सुरक्षा बलों को निशाना बनाने के उद्देश्य से लगाए गए एक आईईडी को बरामद किया गया। बरामद बम को डिफ्यूज कर दिया गया है। इलाके में सर्च अभियान जारी है।

### मुरहू में पिस्टल-गोलियों के साथ 3 गिरफ्तार

**खूंटी।** पुलिस अधीक्षक अमन कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर गठित छापामार टीम ने गुरुवार तड़के मुरहू थानांतर्गत नील फैक्ट्री मोड़ के समीप छापामारी कर तीन युवकों को खदेड़कर पकड़ा गया। पकड़े गए युवकों की तलाशी ली गई, तो उनके पास से एक पिस्टल, नाइन एमएम की चार गोलियां और दो मोबाइल पुलिस ने बरामद किये। गिरफ्तार आरोपितों में इशाक पाहन उर्फ रापा (19) कमला पाहन उर्फ नोंडा उर्फ लांगो (19) और साइमन पाहन उर्फ साई (20) सभी गांव चालम बरटोली थाना खूंटी शामिल हैं। गिरफ्तार आरोपितों के विरुद्ध मुरहू थाने में आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर सभी को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया। यह जानकारी खूंटी एसडीपीओ अमित कुमार ने दी।

### वाहन के धक्के से बाइक सवार दो की मौत, बच्चा गंभीर

**रामगढ़।** अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो लोगों की मौत हो गई और एक बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना बरकाकाना ओपी क्षेत्र के चिल्ड्रन पार्क के पास बीती रात हुई। जानकारी के अनुसार, मृतक हेंदेगिरी से बाइक पर सवार होकर दो लोग और एक बच्चा रामगढ़ के सुगिया आ रहे थे। इसी दौरान बरकाकाना चिल्ड्रन पार्क के पास अज्ञात वाहन की चपेट में आ गए। मृतकों की पहचान हेंदेगिरी के सुगिया निवासी नागेश्वर मुंडा (35) वर्ष और दीपक मुंडा (31) वर्ष के रूप में हुई है, जबकि इस घटना में 12 वर्षीय नागेश्वर मुंडा का पुत्र साहिल कुमार घायल हो गया।

### गुमला में 10 पशु तस्कर गिरफ्तार, सौ से अधिक मवेशी जब्त

**गुमला।** झारखंड-छतीसगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में चल रहे गोवंशीय पशुओं की तस्करी के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत गुमला जिले के कुरुमगढ़ थाना पुलिस ने एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। गुरुवार को अहले सुबह लगभग पांच बजे कुरूमगढ़ थाना प्रभारी नीतीश कुमार के नेतृत्व में छापेमारी कर पुलिस ने रोगाडीह गांव के पास से तस्करी के लिए ले जा रहे 100 से अधिक गोवंशीय पशुओं के साथ 10 तस्करों को गिरफ्तार किया है। इस गिरफ्तारी के बाद पशु तस्करों में खलबली मच गई है। कुरुमगढ़ पुलिस की यह दूसरी उपलब्धि है। इससे पहले भी कुरुमगढ़ पुलिस ने 120 गोवंशीय पशुओं को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया था। हालांकि उस समय पशु तस्कर अंधेरा का फायदा उठाकर जंगल की ओर भागने में सफल रहें थे। मगर इस बार 10 पशु तस्करों को धर दबोचा गया।

## गोड्डा में पड़ रही भीषण गर्मी, तापमान 45 डिग्री के पार

**नवीन मेल संवाददाता। गोड्डा**

गर्म हवाओं के थपेड़े से झारखंड की धरती तप रही है। बीते दिनों हुई बारिश के बाद मौसम बदल गया था और राज्य के सभी जिलों का तापमान 40 डिग्री से लुढ़ककर 30 से 35 डिग्री तक पहुंच गया था लेकिन पिछले चार-पांच दिनों से एक बार फिर गर्मी उफान पर है।

गोड़डा जिले में सर्वाधिक गर्मी पड़ रही ,है जिससे जनजीवन अस्त व्यस्त हो चला है। यह स्थिति एक हफ्ते से लगातार जारी है। जिले का पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने से लोगों को भारी कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। दोपहर 12:00 बजे के बाद ही सड़कों पर सन्नाटा



छा जाता है। इधर सरकारी विद्यालयों के खुल जाने से बच्चों को इस तपिश में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। बताया जा रहा है कि अगले कुछ दिनों तक इस स्थिति में कोई सुधार होने की संभावना नहीं है। लोगों ने जिला प्रशासन से स्कूलों के समय में परिवर्तन करने की मांग की है।

### 7 दिन देर ही सही, केरल में मानसून ने दी दस्तक

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम मानसून ने अपने सामान्य समय से एक सप्ताह के विलंब के बाद गुरुवार को भारत में दस्तक दे दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग आईएमडी ने मानसून के केरल आगमन की घोषणा की है। मौसम विज्ञानियों ने इससे पहले कहा था कि चक्रवात बिपरजॉय मानसून को प्रभावित कर रहा है और केरल में इसका शुरूआत मामूली होगी। आईएमडी ने गुरुवार को एक बयान में कहा, दक्षिण पश्चिम मानसून आज 8 जून को केरल पहुंच गया। बयान में कहा गया है, मानसून दक्षिण अरब सागर के शेष हिस्सों और मध्य अरब सागर के कुछ हिस्सों तथा समूचे लक्षद्वीप क्षेत्र, केरल के अधिकतर क्षेत्र, दक्षिण तमिलनाडु के अधिकतर हिस्सों, कोमोरिन क्षेत्र के शेष हिस्सों, मन्नार की खाड़ी और दक्षिण पश्चिम, मध्य एवं उत्तर पूर्व बंगाल की खाड़ी के कुछ हिस्सों की ओर बढ़ रहा है। दक्षिण पश्चिम मानसून आम तौर पर केरल में एक जून तक पहुंच जाता है और सामान्यतः एक जून से करीब सात दिन पहले या बाद में यह पहुंचता है। मई के मध्य में आईएमडी ने कहा था कि मानसून केरल में चार जून के आसपास पहुंच सकता है। निजी मौसम पूवार्नुमान केंद्र स्काईमेट ने केरल में सात जून को मानसून के आगमन का अनुमान जताया था और कहा था कि मानसून 7 जून से तीन दिन आगे पीछे आ सकता है। आईएमडी के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 150 वर्षों में केरल में मानसून की शुरूआत की तारीख भिन्न रही है, जो 1918 में समय से काफी पहले 11 मई को और 1972 में सबसे देरी से 18 जून को आया था। दक्षिण-पश्चिम मानसून पिछले साल 29 मई को, 2021 में तीन जून को, 2020 में एक जून, 2019 में आठ जून और 2018 में 29 मई को केरल पहुंचा था।

## स्थानीय नीति के विरोध में झारखंड बंद 10 व 11 को

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड स्टेट स्टूडेंट यूनियन ने 10 और 11 जून को एक बार फिर स्थानीय नीति के विरोध में झारखंड बंद का आह्वान किया है। सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रों ने भी ट्विटर पर अभियान चलाया। अब एक बार फिर सड़क पर उतरकर विरोध करने की तैयारी की जा रही है। कई जिलों में नियोजन नीति के विरोध में प्रचार अभियान भी तेज किया गया है। नेताओं से भी नियोजन नीति के विरोध में अपना समर्थन मांगा है। छात्र अपनी मांग को लेकर मांदर ढाक नगाड़ा बजाकर सखुआ पत्ता लेकर घूम रहे है और छात्रों को एकजुट होकर स्थानीय नीति का विरोध करने की मांग कर रहे हैं। इस संबंध में छात्र इंग्लिस लाल मरांडी ने बताया कि नियोजन नीति अभी सिर्फ कैबिनेट में पास हुई है। यह अभी न तो विधानसभा से पास हुई है और ना ही गजट पत्र बना है। एक तरफ सरकार इसके माध्यम से नियुक्ति की तैयारी में है तो दूसरी तरफ छात्रों के बीच 60-40 आधारित नीति को लेकर विरोध प्रदर्शन जारी है। इनमें झारखंड उलगुलान मार्च, पंच परगना फाइटर, आदिवासी छात्र संघ, आमया और आदिवासी मूलवासी संगठन भी शामिल हैं।

**सेना जमीन घोटाला : अमित अग्रवाल के खिलाफ मनी लाउंड्रिंग का बड़ा साक्ष्य**

# जगतबंधु के खाते में डाले 4.13 करोड़

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में सेना जमीन की खरीद में कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल के खिलाफ ईडी को बड़ा साक्ष्य मिला है। अमित अग्रवाल ने अपने रिश्तेदार दिलीप घोष के नाम पर जगतबंधु टी एस्टेट कंपनी खोली थी। मनी लाउंड्रिंग व अवैध तरीके से अर्जित 4 करोड़ 69 लाख 80 हजार रुपये अमित अग्रवाल ने जगतबुध टी एस्टेट के आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के खाता 10060532973 में डलवाए। पैसे जगतबुध के खाते में डिपोजिट होने के तत्काल बाद मेसर्स राजेश ऑटो मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड के खाते में डाले गए। ईडी ने जांच में पाया है कि अमित अग्रवाल के स्वामित्व वाली ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर



### कैसे जगतबंधु-राजेश ऑटो के खाते से की मनी लाउंड्रिंग

**ईडी ने** जांच में पाया है कि खाता खोले जाने के ठीक बाद 16 अक्तूबर 20 को दीपक साहा ने 25 लाख रुपये जगतबंधु के खाते में डाले, इसके बाद उसी दिन चेक के जरिए 25 लाख राजेश ऑटो के खाते में ट्रांसफर कर दिए गए। 19 अक्तूबर 20 को विकास जैन ने तीन अलग अलग किश्तों में 20 लाख डाले, पूरी राशि सी दिन चेक के जरिए राजेश ऑटो को ट्रांसफर कर दी गई। 28 अक्तूबर 20 को 10 लाख कैश जमा हुए, उसी दिन राशि राजेश ऑटो में ट्रांसफर हुई। 29 अक्तूबर 20 को विकास जाना ने 10 लाख डाले, उसी दिन राशि ट्रांसफर की गई। चार नवंबर 20 को विकास जाना ने पांच लाख जमा कराए, उसी ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

### अमित के कर्मचारी ही डालते थे कैश

**ईडी ने** जब जगतबंधु के खातों को खंगाला तब पाया कि विकास जाना, दिलीप शाह ने पूरी राशि जमा करायी थी। ईडी ने पीएमएलए की धाराओं के तहत पूछताछ की, तब पता चला कि दोनों अमित अग्रवाल के ही कर्मचारी हैं। ईडी ने जांच में पाया है कि जगतबंधु टी एस्टेट के निदेशक भले ही दिलीप घोष हों, लेकिन कंपनी के लाभ के असल मालिक अमित अग्रवाल रहे हैं। जगत बधु के खातों से अमित अग्रवाल की कंपनी मेसर्स औरा स्टूडियोज प्राइवेट लिमिटेड, राजेश ऑटो में पैसों के ट्रांसफर लगातार होने को ईडी ने माना है कि तीनों कंपनियों को अग्रवाल ही लीड करते थे।

## लोहरदगा में टीपीसी के नाम पर लेवी मांगने वाले तीन गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा पुलिस ने प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन टीपीसी के नाम पर लेवी मांगे जाने व फायरिंग करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार करने में कामयाब हुई है। गिरफ्तार लोगों में गुमला जिले के सिसई थाना क्षेत्र के पोढा ग्राम निवासी गौरी साहू के पुत्र रवि साहू उर्फ अजय जी, लोहरदगा जिले के निंगनी शांति नगर निवासी रामकुमार साहू के पुत्र शिवराज साहू उर्फ बबलू साहू एवं निंगनी कुंबाटोली निवासी रामदयाल साहू के पुत्र नवल साहू शामिल हैं। पुलिस ने गिरफ्तार लोगों के पास से एक देशी कट्टा, तीन एंड्राइड मोबाल फोन, सैमसंग की पैड मोबाइल फोन और एक स्कूटी बरामद किया है। पुलिस कप्तान आर रामकुमार ने गुरूवार को गिरफ्तार आरोपियों को प्रेस के समक्ष प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि विगत 8 मई को निंगनी कुंबटोली निवासी उपेन्द्र कुमार साहू के फर्द बयान के आधार पर लोहरदगा सदर थाना कांड संख्या 116,2023 दिनांक 8.5.2023, धारा 387, आईपीसी, 27 आर्म्स एक्ट एवं 17 सीएलए एक्ट के तहत दर्ज की गई थी।

जिसके अनुसंधान के लिए पुलिस कप्तान के निर्देशानुसार एक छापामारी दल का गठन किया गया एवं तकनीकी सखा के सहयोग से सिसई एवं लोहरदगा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर छापामारी की गई और उक्त लोगों की गिरफ्तारी की गई। पुलिस कप्तान कुमार ने इनकी गिरफ्तारी को पुलिस के लिए बड़ी कामयाबी बताया है।



### जेसीबी जलाने के दो आरोपी गिरफ्तार, भेजा जेल

**पलामू।** जिले की सतबरवा पुलिस ने जेसीबी मशीन को आग के हवाले करने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। दोनों को गुरुवार को पुलिस ने मेदिनीनगर जेल भेज दिया है। पुलिस के समक्ष गिरफ्तार किए गए अपराधियों ने कांड में संलिप्त होने की बात कबूल की है। थाना प्रभारी को अपराधियों ने गुरुवार को यह भी बताया कि 20 लाख रुपये रंगदारी नहीं मिलने पर जेसीबी मशीन को सतबरवा के ठेमी गांव में पार्क कर लगाए गए स्थल पर केरोसिन छिड़ककर जला दिया था। इस घटना में छह अपराधी शामिल थे। थाना प्रभारी अमित कुमार सोनी ने बताया कि पकड़े गए दो आरोपितों में एक मेदिनीनगर सदर थाना क्षेत्र के गनके गांव के संजय सिंह और दूसरा सतबरवा के फुलवरिया गांव के ज्ञानदीप सिंह है। पुलिस ने इनके पास से दो एंड्राइड मोबाइल फोन और तीन बाइक जब्त की है।

## शिवकुमार व मनोज अकेला की मौजूदगी में डाटा रिट्रिव कराया

### प्रदीप यादव के करीबी हैं पूर्व अभियंता शिवकुमार

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

आयकर चोरी के केस में संदिग्ध पूर्व इंजीनियर शिवकुमार और मनोज कुमार अकेला गुरुवार को ईडी कार्यालय पहुंचे। ईडी के रांची जोनल आफिस में दोनों को तलब किया गया था।

ईडी ने बीते दिनों छापेमारी के दौरान शिवकुमार के आवास व दफ्तर में छापेमारी कर कई डिजिटल उपकरण जब्त किए थे, इसी तरह मनोज के गोड्डा आवास से भी उपकरण जब्त किए गए थे। गुरुवार को ईडी ने उन सारे डिजिटल उपकरणों का डाटा दोनों संदिग्धों की मौजूदगी में रिट्रिव कराया। इसके साथ ही सारे डाटा की कॉपी भी दोनों की मौजूदगी में कर पंचनामा कराया।

### शिवकुमार के अधिकारियों संग अच्छे कारोबारी रिश्ते

**ईडी ने** जांच में पाया है कि पूर्व इंजीनियर व अब रियल एस्टेट कारोबारी शिवकुमार के कुछ आईएएस अधिकारियों के साथ अच्छे कारोबारी रिश्ते हैं। सरकारी ठेकों के बदले शिवकुमार ने अफसरों को काफी लाभ पहुंचाया है। वहीं काफी कम समय में अधिकारियों की मिलीभगत से शिवकुमार की कंपनी को काफी सरकारी ठेके भी मिले थे। कुछ ठेकों के आवंटन के लिए नियम भी शिथिल किए जाने के साक्ष्य एजेंसी को मिले हैं। वहीं गोड्डा का मनोज कुमार अकेला सरकारी कर्मचारी होने के बाद भी पीएचईडी विभाग समेत अन्य सरकारी विभागों में सरकारी ठेके लेता था, इसके लिए उसने अपनी पत्नी के नाम पर कंपनी बनायी थी।

## खौफनाक : प्रेमिका की हत्या कर शव के किए कई टुकड़े

**एजेंसी। मुंबई**

सरस्वती वैद्य मर्डर केस ने मुंबई समेत देश भर में सनसनी फैला दी है। 56 साल के लिव इन पार्टनर मनोज साहनी ने जिस तरह 32 साल की सरस्वती को मौत के घाट उतारा और उसके शव के साथ जो वीभत्सता की, उससे हर कोई हैरान है। यह दिल दहला देने वाली घटना महाराष्ट्र से सामने आई है। जहां मीरा रोड इलाके में 56 साल के व्यक्ति ने उसके साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही 32 साल की एक महिला की बड़ी बेरहमी से हत्या कर दी। साथ ही उसके शरीर के टुकड़े-टुकड़े कर दिए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस-प्रशासन में हड़कंप मच गया।



मीरा-भायंदर कोर्ट ने आरोपी मनोज साने को 16 जून तक पुलिस हिरासत में भेजा जिसके बाद उसे कोर्ट से पुलिस थाने ले जाया गया। जानकारी के अनुसार, आरोपी शव के टुकड़ों को कुकर में डालकर उबालता था और फिर मिक्सर में पीसता था। फिलहाल आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है और घर से हत्या में प्रयुक्त सभी सामग्री जब्त कर ली गई है।

वहीं, पुलिस उपायुक्त, जोन क जयंत बाजबले का कहना है कि मीरा रोड पर एक घर से बदबू की सूचना मिलने पर ▶▶ शेष पृष्ठ 11 पर

### तीन और चार दिन पहले हुई थी हत्या

पुलिस के मुताबिक ऐसा लगता है कि मनोज साने ने सरस्वती की हत्या 3-4 दिन पहले की हो। फिलहाल शव के टुकड़ों को इकठ्ठा कर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया गया है। फ्लैट को सील कर दिया गया है। मुंबई पुलिस के मुताबिक मनोज साने मुंबई के बोरीवली इलाके में दुकान चलाता है। वहीं सरस्वती वैद्य के परिवार के बारे में जानकारी हासिल की जा रही है।

**राज्यपाल ने लोगों के साथ किया संवाद, बोले**

## गांव का आदमी हूं, ग्रामीणों की भावना समझता हूं

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड के राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन गुरुवार को लातेहार सदर प्रखंड के उदयपुरा और मतनाग गांव में ग्रामीणों के साथ संवाद किया। उन्होंने कहा कि वह खुद तमिलनाडु के एक छोटे से गांव के रहने वाले हैं। इसलिए गांव की परिस्थितियों से वह भलीभांति परिचित हैं। राज्यपाल ने कहा कि जब उन्होंने झारखंड में राज्यपाल के पद पर शपथ ग्रहण किया था तो उसी समय उन्होंने यह सोच लिया था कि अब ग्रामीणों को राजभवन आने की जरूरत नहीं पड़ेगी बल्कि राजभवन खुद ग्रामीणों के पास जाएगा। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों के लिए राजभवन का दरवाजा भी हमेशा खुला है। ग्रामीण अपनी किसी भी समस्या को लेकर बेझिझक राजभवन आकर उनसे मिल सकते हैं।



राज्यपाल ने कहा कि यह भारत की एकता का मिसाल है कि तमिलनाडु के एक गांव का रहने वाला व्यक्ति आज झारखंड के गांव में पहुंचकर लोगों से मिल रहा है। राज्यपाल ने कहा कि गांव में आकर ग्रामीणों से संवाद करने का उनका मुख्य मकसद यह है कि ग्रामीणों की समस्याओं को नजदीक से जान सके और यह समझ सके कि ग्रामीणों की खुशहाली के लिए और क्या किया जा सकता है।

उन्होंने कहा कि देश का विकास तभी संभव है जब गांव का विकास होगा। हमारे देश की आत्मा गांवों में बसती है। कार्यक्रम के दौरान राज्यपाल ने धनबाद में हुए बिजली के पोल हादसे में मृत संजय भुइयां और दिनेश भुइयां के परिजनों को मुआवजे की राशि भी प्रदान की। साथ ही समाज के लिए बेहतर कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित भी किया।

सरकारी स्कूलों में पढ़ने के बावजूद बेहतर रिजल्ट लाने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया। साथ ही लाभुकों के बीच परिसंपत्तियों का भी वितरण किया। इससे पूर्व लातेहार आगमन पर राज्यपाल को गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पलामू आईजी राजकुमार लकड़ा, लातेहार डीसी भोर सिंह यादव, लातेहार एसपी अंजनी अंजन, डीएफओ रोशन कुमार आदि अधिकारी उपस्थित रहे।

**नरेश सिंह भोक्ता हत्या का मामला**

## एनआईए ने झारखंड और बिहार में मारे छापे

**एजेंसी। पटना**

प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन सीपीआई (माओवादी) द्वारा नरेश सिंह भोक्ता की हत्या के मामले में राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हाल ही में झारखंड और बिहार में सात स्थानों पर छापेमारी की है। एक अधिकारी ने गुरुवार को यह जानकारी दी। 2 नवंबर, 2018 को सीपीआई (माओवादी) के शीर्ष नेतृत्व और नक्सल कैडरों द्वारा प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन द्वारा बुलाई गई तथाकथित 'जन अदालत' (जन सुनवाई) में भोक्ता का अपहरण कर लिया गया था और उसकी हत्या कर दी गई थी। उसका शव बिहार के औरंगाबाद जिले के मदनपुर थाना क्षेत्र के बधाई बिगहा गांव के पास मिला था। जांच एजेंसी ने




बिहार के गया और औरंगाबाद जिलों और झारखंड के पलामू में आरोपियों और संदिग्धों के परिसरों पर तलाशी ली। सीपीआई (माओवादी) के पांच गिरफ्तार कमांडरों और दो संदिग्ध ओजीडब्ल्यू/समर्थकों के आवासीय परिसरों पर तलाशी ली गई। तलाशी में विभिन्न डिजिटल उपकरणों, मोबाइल फोन, सिम कार्ड के साथ-साथ आपत्तिजनक दस्तावेजों को जब्त किया गया।

### 15 दिवसीय 'क्रिएटिव चिल्ड्रन समर वर्कशॉप' का हुआ समापन

# बच्चों ने दिखाया अपनी प्रतिभा का जलवा



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखण्ड सरकार की ओर से 25 मई से 8 जून तक आयोजित 15 दिवसीय 'क्रिएटिव चिल्ड्रन समर वर्कशॉप' का गुरुवार को समापन समारोह ऑड्रे हाउस में भव्य तरीके से किया गया। समारोह का प्रारम्भ प्रातः 9 बजे पर्यटन, कला-संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के सचिव मनोज कुमार, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय विभाग के निदेशक हिमांशु मोहन, एवं अन्य वरिष्ठ कलाकारों द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

उक्त 15 दिवसीय 'क्रिएटिव चिल्ड्रन समर वर्कशॉप' में 6 विभागों में बच्चों को प्रशिक्षण दिया गया जिसमें 1. शास्त्रीय गायन 2. कत्थक नृत्य 3. भरनाट्यम नृत्य 4. चित्रकला 5. नाटक 6. पारम्परिक लोक नृत्य शामिल है। सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरूवात स्वागत गान से की गई, इसके बाद शास्त्रीय गायन में राग 'देश' एवं एकता गीत के साथ -साथ पर्यावरण गीत की प्रस्तुति की गई। भरतनाट्यम नृत्य में सरस्वती वंदना, आडव एवं महाभारत पर आधारित नृत्य प्रस्तुत की गयी। कत्थक नृत्य में नृत्यरंग, तराना एवं भाव नृत्य प्रस्तुत की गयी। नाटक में मूक अभिनय, अकबर और बीरबल के कहानी पर आधारित एकांकी नाटक एवं गिरगिट एकांकी नाटक की प्रस्तुति की गई। अंत में पारम्परिक लोक नृत्य की प्रस्तुति की गई। इसमें सारे दर्शक गण झूम उठे। समापन समारोह में चित्रकला की प्रदर्शनी की भी गई जिसमे बहुत सुन्दर चित्रों के साथ बच्चों के द्वारा बनाया गया क्राफ्ट भी प्रदर्शित किया गया। अभिभावकों एवं विशिष्ट अतिथियों ने बच्चों के पेंटिंग एवं क्राफ्ट को उन्हें प्रोत्साहन राशि देकर प्रोत्साहित किया। रांची शहर के अलावा दूर दराज से बच्चों ने सुबह 8 बजे से 11 बजे तक पिछले 15 दिनों तक कुल 275 बच्चों ने प्रशिक्षण प्राप्त करके आज समापन समारोह में उनकी झलकियां बहुत बेहतरीन तरीके से दिखाई। आज की कार्यक्रम देखकर अविभावकगण तथा उपस्थित सभी दर्शक गण मंत्रमुग्ध हो गए।

### शिक्षा की आड़ में धर्मांतरण का खेल, 6 युवक-युवतियां धराए

**चक्रधरपुर।** झारखंड के घाटशिला में शिक्षा की आड़ में धर्मांतरण के प्रयास का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में चक्रधरपुर के देवगांव से ग्रामीणों की सूचना पर आधा दर्जन युवक-युवतियों को हिरासत में लिया है। फिलहाल उनसे पूछताछ की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि बच्चों को चित्रकला के साथ-साथ पढ़ाने की आड़ में युवक-युवतियां धर्म प्रचार कर रहे थे। बच्चों को धर्मांतरण के लिए उकसाया जा रहा था। ग्रामीणों का आरोप है कि बच्चों के बीच धर्म विशेष पुस्तक मेरा सच्चा आदर्श नाम की किताब का वितरण भी किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि देवगांव नीचे टोला में पिछले 3 दिनों से 6 युवक-युवतियां बच्चों को शिक्षा देने का नाम पर धर्म प्रचार कर रहे थे।

# झामुमो पंचायत कमेटी का हुआ गठन



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली** सिल्ली झामुमो प्रखंड कमेटी की टीम और झामुमो के सक्रिय कार्यकर्ता गण के द्वारा प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका की अध्यक्षता में सिल्ली प्रखंड के लुपुग पंचायत कमेटी का गठन किया गया। कमेटी गठन के पश्चात कमेटी द्वारा बताया गया कि पार्टी का सिद्धांत को घर-घर तक पहुंचाने के उद्देश्य से तथा सरकार द्वारा संचालित योजनाओं को समाज के अंतिम लोगों तक पहुंचाने के लिए कमेटी का निर्माण किया गया।इस मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष बलराम महतो उर्फ राधिका, बंशी कोइरी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सर्वसम्मति से लुपूंग पंचायत कमेटी का गठन किया गया जिसमें-: अध्यक्ष-राजेश चौधरी, सचिव-प्रदीप मुंडा , कोषाध्यक्ष-मथुर चंद्र महतो, उपाध्यक्ष-किशोर विश्वकर्मा, उप कोषाध्यक्ष-गणेश रविदास, सक्रिय सदस्य-रोहित मुंडा उर्फ बनकाडा, वीर साई महतो, चंडी विश्वकर्मा, तपन गोराई, पुतुल महतो, अजीत कुमार महतो, महादेव मुंडा, संजय बड़ाईक आदि बनाए गए ।

### झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन व झारखंड श्रमिक संघ की बैठक आयोजित

# संगठन विस्तार का लिया गया निर्णय



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** गुरुवार को झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एवं झारखंड श्रमिक संघ के केंद्रीय कार्य समिति की संयुक्त बैठक केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन की अध्यक्षता में रांची के मोरहाबादी स्थित राजकीय अतिथि शाला के सभागार में सम्पन्न हुई। उक्त बैठक में यूनियन के संगठनात्मक बिंदुओं, मजदूर एवं विस्थापितों के ज्वलंत समस्याओं तथा यूनियन के सदस्यता अभियान की मजबूती पर गहन विचार करते हुए झारखंड के विभिन्न कंपनियों जैसे सीसीएल, बीसीसीएल, ईसीएल, डीवीसी, बोकारो स्टील, टाटा स्टील, इलेक्ट्रोस्टील, एसईसी, टाटा मोटर्स तथा निजी प्रतिष्ठानों के साथ-साथ बंगाल राज्य के ईसीएल क्षेत्रों में संगठन विस्तार करने का निर्णय लिया गया। मजदूर एवं विस्थापितों के ज्वलंत समस्याओं व कंपनियों में विस्थापितों एवं स्थानीय को 75% नियोजन की घोषणा के क्रियान्वयन को लेकर सभी कंपनी के क्षेत्रों में चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। भाजपा नेतृत्व वाली केंद्रीय सरकार द्वारा 44 श्रम कानून में से 29 श्रम कानूनों को कंपनियों के मालिकों एवं पूंजीपतियों के हित में चार कोड में बदले जाने जैसे कानून को भाजपा रघुवर सरकार ने झारखंड में वर्ष 2015, 2018 एवं 2019 मैं विधायक पास किया था उसको हेमंत सरकार द्वारा संशोधन करते हुए लागू नहीं होने का प्रस्ताव लिया जो स्वागत योग्य है, इसके साथ साथ केंद्र सरकार के प्रतिष्ठानों में कार्यरत आउट-सोर्स कंपनी मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी 25000 एवं 'समान काम-समान वेतन' लागू करवाने का प्रस्ताव लिया गया। भाजपा की रघुवर सरकार द्वारा विस्थापितों के जमीन आसानी से छीनने के लिए लैंड बैंक बनाया था, उसके जरिए अभी तक विभिन्न कंपनियों भू माफियाओं द्वारा नौकरशाह से गठजोड़ कर आसानी से विस्थापितों के जमीन को लूट रहे हैं तथा प्रबंधन आसानी से अपना प्लांट खदान चला रही है और दूसरी तरफ विस्थापित अपने जमीन मकान के एवज में नौकरी मुआवजा के लिए भटक रहे है। झारखंड में स्थित विभिन्न कंपनियों द्वारा ली गई विस्थापितों के जमीन के बदले मुआवजा एवं नौकरी नहीं मिलने पर चिंता व्यक्त करते हुए वर्तमान हेमंत सरकार से लैंड बैंक जैसे नियम को अविलंब रद्द करने की अपील किया जाता है। बैठक में सर्व समिति से झारखंड कोलियरी मजदूर यूनियन एवं झारखंड श्रमिक संघ के संगठन विस्तार करने हेतु वर्ष 2023 में सदस्यता अभियान चलाने तथा मजदूर-विस्थापितों के ज्वलंत समस्याओं को लेकर चरणबद्ध आंदोलन करने का निर्णय लिया गया।

### पुल निर्माण की गुणवत्ता पर ग्रामीणों ने उठाया सवाल

**खूंटी।** जिले के खूंटी प्रखंड अंतर्गत अरगोड़ी में 1 करोड़ 20 लाख की लागत से पुल का निर्माण कार्य चल रहा है। पहुंच सड़क से जोड़ने की प्रक्रिया भी पूर्ण की जाएगी। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने पुल के घटिया निर्माण और टेढ़े अप्रोच सड़क को लेकर सवाल उठाया है। स्पेशल डिवीजन से पुल का निर्माण कार्य कराया जा रहा है। विभाग के कार्यपालक पदाधिकारी सिकंदर साहू ने बताया कि विभाग को इसकी शिकायत मिली है और जांच की जा रही है। उन्होंने माना कि पुल के निर्माण में गुणवत्ता को ध्यान में नहीं रखा गया है। उन्होंने कार्रवाई की बात कही।ये भी पढ़ेंः डँ४ल्ल३ ठी६२ः बिरसा इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस रिसर्च सेंटर में खुलेगा 750 बेड का अस्पताल, छात्र कर सकेंगे पढ़ाईग्रामीणों के अनुसार दस सालों में यह पुल तीन बार टूट चुका। चौथी बार पुल का निर्माण कराया गया।

### रांची पटना वंदे भारत ट्रेन का इंतजार जल्द होगा खत्म

# शुभारंभ की हो रही तैयारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बिहार की राजधानी पटना को रांची से जोड़ने वाली रांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस जल्द शुरू होने वाली है। इस ट्रेन का रैक चेन्नई से पटना के राजेन्द्र नगर स्टेशन दो दिन पहले पहुंचा है। वंदे भारत ट्रेन के रैक पहुंचने के बाद रेलवे इसकी परिचालन की तैयारी में जुट गई है। रांची रेल मंडल के हटिया स्टेशन पर इसकी शुभारंभ की तैयारी चल रही है। स्टेशन के अंदर और बाहर रंग रोहन के साथ आकर्षक चित्रकारी की जा रही है, जो बताने के लिए काफी है कि शुभारंभ कार्यक्रम की तैयारी किस तरह से की जा रही है। जब हादसे वाली जगह से गुजरी वंदे भारत एक्सप्रेसरांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन के बारे में माना जा रहा है कि इस महीने के तीसरे सप्ताह में सभी तकनीकी प्रक्रिया पूरी करने के इसकी शुरूआत हो जाएगी। हालांकि अभी इस मामले में किसी भी तरह की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है। रांची पटना वंदे भारत एक्सप्रेस महज 06 घंटे में रांची से पटना तक की दूरी को तय करेगी। यह हाई स्पीड ट्रेन झारखंड बिहार के लिए किसी सौगात से कम नहीं है।रांची रेलमंडल के सीनियर डीसीएम निशांत कुमार के अनुसार इस ट्रेन के रूट और उद्घाटन की तारीख रेल मंत्रालय से आनी बाकी है। रूट और समय सारणी आने के बाद यह साफ हो जायेगा कि यह ट्रेन किस रास्ते से चलेगी। हालांकि सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार हजारीबाग के रास्ते वंदे भारत ट्रेन चलाने की बात की जा रही है। रांची पटना के बीच वंदे भारत ट्रेन चलाने से पहले इसका ट्रायल होगा। ट्रेन को कमिशनिंग करने के बाद 09 और 10 जून को इस ट्रेन को मैंटेन करने के लिए लगाए गए स्टाफ की ट्रेनिंग होगी। तकनीकी तौर पर तैयार होने के बाद रांची पटना के बीच वंदे भारत का ट्रायल रन होगा, जो दो से तीन ट्रिप होगा।

### रांची नगर निगम में बर्थ सर्टिफिकेट को लेकर फर्जीवाड़ा

**रांची।** नगर निगम से जारी होने वाले बर्थ सर्टिफिकेट को लेकर बड़ा फर्जीवाड़ा सामने आया है। रांची नगर निगम से एक ही व्यक्ति के दो दो बार बर्थ सर्टिफिकेट जारी हो रहे हैं। दूसरी बार जारी होने वाले बर्थ सर्टिफिकेट में जन्म की तारीख और जन्म का स्थान दोनों बदल दिया जा रहा है। नगर निगम से ऐसे सैकड़ों फर्जी सर्टिफिकेट जारी हुए हैं, जिनका इस्तेमाल लोग नौकरी, स्कूल-कॉलेज में एडमिशन के लिए कर रहे हैं। रांची नगर निगम यह कैसा निगम है, जहां से आप जब चाहे तब अपनी उम्र कम या ज्यादा करवा सकते हैं। ईटीवी भारत के पास एक दर्जन से ज्यादा ऐसे बर्थ सर्टिफिकेट हाथ लगे हैं जो दो दो बार निगम के द्वारा जारी किए गए। ऐसे सर्टिफिकेट जो दूसरी बार जारी किए गए हैं, उसका विवरण हम नीचे दे रहे हैं।रांची के रहने वाले एक शख्स के जन्म प्रमाण पत्र में जन्म का साल 1994 है, यह प्रमाण पत्र साल 2022 में जारी हुआ है। लेकिन इससे पूर्व भी उसी व्यक्ति का एक बर्थ सर्टिफिकेट बन चुका था, जिसमें उनकी जन्म का वर्ष 1995 दर्शाया गया था। इसी तरह रांची के ही रहने वाली एक महिला का साल 2022 में जन्म प्रमाण पत्र रांची नगर निगम से ही जारी किया गया है।

### राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन

# बीएयू के सहयोग से प्रशिक्षण का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा




**नवीन मेल संवाददाता। रांची** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के पशु चिकित्सा संकाय में आयोजित दसवां मैत्री प्रशिक्षण का समापन हुआ। महीने भर चले इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में रांची, दुमका, हजारीबाग, खूंटी, कोडरमा, पलामू तथा पश्चिम सिंहभूम के कुल 37 बेरोजगार ग्रामीण युवक झयुवतियों ने भाग लिया। समापन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के झारखंड स्टेट इम्प्लीमेंटिंग एजेंसी (जेएसआईए) होटवार, रांची के मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी डॉ. पीके झा शामिल हुए। उन्होंने बताया कि मैत्री (बहुउद्देशीय कृत्रिम गभार्धान कार्यक्रम) का उद्देश्य शिक्षित ग्रामीण युवाओं को मान्यता प्राप्त संस्थानों से कृत्रिम गभार्धान (एआई) में प्रशिक्षण देकर रोजगार का अवसर सृजित करना है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों से प्रशिक्षण से सबंधित सवालों को पूछा और प्रशिक्षणार्थियों के जवाब से सतुष्ट दिखे। डॉ. झा ने कहा कि बीएयू के सहयोग आयोजित दस प्रशिक्षण कार्यक्रमों से कुल 412 ग्रामीण युवक-युवतियों प्रशिक्षित कराया गया है। भारत सरकार ने राष्ट्रीय गोकुल मिशन योजना के तहत मैत्री प्रशिक्षण कार्यक्रम का बढ़िया संचालन एवं शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति पर झारखंड राज्य के कार्य प्रगति की प्रशंसा की है। डीन वेटनरी डॉ. सुशील प्रसाद ने प्रशिक्षणार्थियों से सीधा संवाद किया। महीने भर चले प्रशिक्षण से मिली जानकारी एवं गांवों में उसकी उपयोगिता पर विस्तार से चर्चा की और ईमानदारी से कृत्रिम गभार्धान का कार्य करने की सलाह दी। उन्होंने ने बताया कि राष्ट्रीय गोकुल मिशन का मुख्य उद्देश्य पशुपालकों की आमदनी दोगुनी, किसानों के दरवाजे पर दुधारू पशुओं का कृत्रिम गभार्धान एवं दुधारू पशुओं का नस्ल का सुधार करना है। देश में दूध की बढ़ती मांग को पूरा करने और किसानों के लिए डेयरी को अधिक लाभकारी बनाने के लिए देश दुधारू पशु नस्ल सुधार से दूध उत्पादन में वृद्धि एवं उसकी उत्पादकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इससे राज्य के बहुतायत छोटे और सीमांत किसानों के गो-पशुओं और भैंसों को लाभ होगा। स्वागत भाषण में प्रशिक्षण प्रभारी डॉ.आलोक कुमार पांडेय ने बताया कि प्रशिक्षण के दौरान कृत्रिम गभार्धान, नस्ल सुधार, टीकाकरण, पशु आहार, राशन बैलेंसिंग, पशु स्वास्थ्य और आवास आदि के बारे में व्यावहारिक जानकारी दी गई। प्रशिक्षणार्थियों को कृत्रिम गभार्धान के लिए आवश्यक सभी उपकरणों को सरकार के माध्यम से उपलब्ध कराया जायेगा। समारोह का संचालन एवं धन्यवाद ट्रेनिंग असिस्टेंट (मैत्री) डॉ. अमित कुमार झा ने दी।


## कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा

**शुद्धि पत्र**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, सिमडेगा द्वारा प्रकाशित अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या – 03/2023 –24 (RRP से संबंधित) PR. No. 299017 के प्रा०राशि, अग्रधन की राशि तथा परिणाम विपत्र का मूल्य में निम्नलिखित प्रकार से संशोधित किया जाता है –

| क्र० | ग्रुप सं० | नलकूपों की सं० | प्रा० राशि लगभग (रू० लाख में) | अग्रधन की राशि (रू० लाख में) | परिमाण वि० का मूल्य (रू० लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | SIM/RRP-I | 102 Nos. | 14.88785 | 0.30000 | 0.02500 |
| 2 | SIM/RRP-II | 102 Nos. | 14.88785 | 0.30000 | 0.02500 |
| 3 | SIM/RRP-III | 102 Nos. | 14.88785 | 0.30000 | 0.02500 |
| 4 | SIM/RRP-IV | 102 Nos. | 14.88785 | 0.30000 | 0.02500 |
| 5 | SIM/RRP-V | 104 Nos. | 15.17977 | 0.31000 | 0.05000 |

शेष कंडिकाएं यथावत रहेंगी।

PR 299599 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,सिमडेगा


### परिचर्चा
### स्वास्थ्य मंत्री ने फाइलेरिया और कालाजार को लेकर की बैठक

# मिशन मोड में कार्य करें पदाधिकारी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** राज्य से फाइलेरिया और कालाजार रोग के उन्मूलन की प्रतिबद्धता के क्रम में गुरुवार को रांची में स्वास्थ्य मंत्री, झारखण्ड सरकार बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में फाइलेरिया और कालाजार से प्रभावित क्षेत्रों के जनप्रतिनिधियों के साथ एक सार्थक परिचर्चा का आयोजन किया गया। उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधियों का प्रस्तुतिकरण के माध्यम से फाइलेरिया और कालाजार के बारे में संवेदीकरण भी किया गया। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री ने कहा श्फाइलेरिया और कालाजार का राज्य से उन्मूलन करने के लिए हम सभी को मिशन मोड में आपस में समन्वय बनाकर कार्य करना होगा और इनसे सबंधित गतिविधियों को सफलता पूर्वक संपन्न कराने के लिए इससे जुड़े कार्यक्रमों की अपने क्षेत्र में प्रत्येक स्तर पर निरंतर समीक्षा करनी होगी ताकि कार्यक्रम के दौरान आने वाली चुनौतियों को समझा जा सके और जल्दी से जल्दी उनका समाधान करके कार्यक्रम को पूर्ण रूप से सफल बनाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि कालाजार रोग संक्रमित बालू मक्खी के काटने से होता है और यह मक्खी कच्चे मकानों की अन्दूरनी सतहों और नमी वाले स्थानों पर रहती हैं और पनपती हैं। इसीलिए, हम सब जनप्रतिनिधियों को स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर अपने क्षेत्रों में कच्चे मकानों में निवास करने वालों की पहचान करके उन्हें सूचीबद्ध करना होगाए साथ ही ऐसे सभी लोगों के लिए भारत सरकार एवं राज्य सरकार की अलग-अलग योजनाओं के तहत पक्के मकानों की व्यवस्था सुनिश्चित करनी होगी साथ ही हर घर में छिड़काव कार्य को पूरा करवाने पर जोर दिया जाए जिससे कालाजार रोग फैलाने वाली बालू मक्खी का खात्मा किया जा सके। स्वास्थ्य मंत्री ने इस बात पर विशेष रूप से बल दिया कि फाइलेरियाए हाइड्रोसिल और कालाजार के चिन्हित सभी मरीजों का उपचार पूरी तरह सुनिश्चित किया जाये। कार्यक्रम में उपस्थित राज्य सरकार के मंत्री कृषिए पशुपालन एवं सहकारिता एवं जरमुंडी विधान सभा के विधायक बादल पत्रलेख ने सुझाव दिया कि राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के दौरान राज्य सरकार द्वारा साल में एक बार मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन कार्यक्रम चलाया जाता है।

### तेज रफ्तार कार ने तीन युवकों को रौंदा, गंभीर

**गोड्डा।** जिला मुख्यालय से पोड़ैयाहाट जाने वाले मुख्य मार्ग एनएच-133 पर सूरज मंडल इंटर महाविद्यालय के समीप गुरुवार की शाम तीन किशोर को कार ने रौंद दिया। इसमें दो की स्थिति गंभीर है। बताया जाता है कि आकाश कुमार, युगल किशोर साह एवं उज्जवल कुमार प्रत्येक दिन की तरह अपने घर से सूरज मंडल इंटर महाविद्यालय प्रांगण में क्रिकेट खेलने जा रहा थे। इसी क्रम में पीछे से एक कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर अफरा तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने तीनों को अस्पताल पहुंचाया। परिजनों को इस बात की जानकारी दी गई जानकारी मिलते ही परिजन अस्पताल पहुंचे। बताया जाता है कि कार चालक नशे में धुत थे। पूरे मामले की सूचना पुलिस को दे दी गई है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।


## ई-प्रोक्योरमेंट सेल
## अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल, हजारीबाग

**अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट नोटिस (3rd Call)**

ई-टेन्डर रेफरेन्स नं०- BCD/BCHZB/BOKARO/12/2023-24 दिनांकः- 07.06.2023

| क्र० | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू०) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT BHANDARIDAH, BLOCK-BERMO, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 02 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT CHANDIPUR, BLOCK-KASMAR, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 03 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT ARGAMO, BLOCK-NAWADIH, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 04 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT JHUJHANKO, BLOCK-PETRWAR, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| 05 | CONSTRUCTION OF HSC BUILDING AT PICHARI, BLOCK-PETERWAR, DIST-BOKARO. | Rs. 55,50,000.00 | 6 (Six) Months |
| I | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 12.06.2023 | |
| ii | वेबसाईट में निविदा डालने की अंतिम तिथि एवं समय | 17-06.2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| iii | वेबसाईट में अपलोड किये गये दस्तावेज की हार्ड कॉपी जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | 19-06-2023 को अपराह्न 12.00 बजे | |
| iv | निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 19-06-2023 को अपराह्न 3.00 बजे | |
| v | निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता | ई-प्रोक्योरमेंट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग। | |
| vi | प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या | 9110983022/8987663716 | |
| vii | ई-प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या | 06546-222640 | |

- किसी भी प्रकार का बदलाव http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- अन्य किसी भी प्रकार की सूचना http:// Jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

*note: UCAN Registration is mandatory for the bidders.*

नोडल पदाधिकारी, ई-प्रोक्योरमेंट सेल
अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन अंचल, हजारीबाग

PR 299578 Building(23-24)#D

# जेबीवीएनएल के निदेशक ने स्मार्ट मीटर को अपडेट करने की अपील की



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड बिजली वितरण निगम (जेबीवीएनएल) ने उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर जल्द से जल्द अपडेट करने की अपील की है। ये अपील जेबीवीएनएल के निदेशक मनीष रंजन ने की है। उन्होंने कहा है कि राजधानी रांची में स्मार्ट मीटर लगाने का काम तेजी से किया जा रहा है लेकिन लोगों की जानकारी के अभाव में मीटर अपडेट नहीं हो पा रहा है, जिससे बिलिंग प्रक्रिया शुरू नहीं हो पायी है।उपभोक्ताओं को इस ओर ध्यान देना चाहिये। साथ ही रांची आपूर्ति क्षेत्र के अधिकारियों को भी कहा गया कि जल्द से जल्द राजधानी में स्मार्ट मीटर इंस्टालेशन कार्य पूरा किया जा सके, जिससे व्यवस्था सुगम हो सके। उपभोक्ताओं से अपील की गयी है कि समय पर बिजली बिल भुगतान किया जायें, जिससे गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल सकें। उल्लेखनीय है कि रांची में जनवरी से स्मार्ट मीटर लगाया जा रहा है। पायलट प्रोजेक्ट के तहत पहले एक हजार उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर दिया गया। अब तक 44 हजार उपभोक्ताओं को स्मार्ट मीटर मिल चुका है लेकिन पंचिंग ऑन नहीं होने से स्मार्ट मीटर रिचार्ज या बिलिंग अभी नहीं हो पाया है। निगम के अनुसार अभी तक कुछ ही स्मार्ट मीटर प्री पेड मोड पर कार्यरत है जबकि जिन घरों में पुराने स्मार्ट मीटर को रिप्लेस किया गया है, वहां स्मार्ट मीटर प्री पेड मोड में शुरू होने में वक्त लगेगा।

## मारवाड़ी कॉलेज के 10 विद्यार्थियों का टीसीएस में चयन

**रांची।** मारवाड़ी कॉलेज प्लेसमेंट सेल के जरिये बीसीए, बीएससी आईटी के 10 छात्रों का चयन टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज लिमिटेड में हुआ है। चयन ग्रेजुएट ट्रेनी डेवलपर पद के लिए किया गया है। इनमें अंकित चौधरी, आदित्य चौधरी, अंकित राज, आयुष राज, शुभम भारद्वाज, हर्ष चौधरी, जीत कुमार, रवींद्र पांडे, प्रेम मोहन व अमन कुमार शामिल हैं। एक साल के प्रशिक्षण के बाद कंपनी इंटरनल असेसमेंट में सफल होने पर सात लाख रुपए सालाना स्थायी पैकेज पर सिस्टम इंजीनियर के पद पर इनकी नियुक्ति करेगी। इन्हें एमसीए शास्त्र यूनिवर्सिटी से करवाया जाएगा और 15-25 हजार रुपए मासिक वेतन भी मिलेगा। प्राचार्य डॉ मनोज कुमार ने सभी छात्रों को नई शुरूआत के लिए बधाई दी।

# यौन शोषण मामले में पीड़िता मॉडल का कोर्ट में बयान दर्ज




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
लव जिहाद और यौन शोषण मामले में जुडिशल मजिस्ट्रेट सृष्टि घई की अदालत में पीड़ित मॉडल मानवी राज ने गुरुवार को सीआरपीसी की धारा 164 के तहत बयान दर्ज कराया। बुधवार को रांची पहुंचने पर उसका मेडिकल और कोरोना टेस्ट किया गया था। कोर्ट में मॉडल का बयान दर्ज कराने को लेकर मामले के अनुसंधानकर्ता विवेक कुमार उसके साथ कोर्ट पहुंचे थे। साथ में महिला पुलिसकर्मी भी उनके साथ थी। उल्लेखनीय है कि मॉडल ने रांची के तनवीर अख्तर पर यौन शोषण करने और जबरन धर्म परिवर्तन कर शादी करने का दबाव बनाने का आरोप लगाया है। तनवीर अख्तर रांची में यश मॉडलिंग एजेंसी चलाता था। युवती यहां मॉडलिंग करने आयी थी। इसी दौरान उसका संपर्क तनवीर से बढ़ा था। युवती ने मुंबई के वसोर्वा में मामला दर्ज कराया था, जिसे बाद में रांची के गोंदा थाना को भेज दिया गया। इसके बाद मामले की जांच रांची के गोंदा पुलिस कर रही है।

## रांची में पेड़ से लटका मिला युवती का शव

**रांची।** जिले के सिकिदिरी थाना क्षेत्र में गुरुवार को लाधुप टुंगरी गांव के जंगल में पेड़ से लटका एक युवती का शव मिला। उसकी शिनाख्त ज्योति कुमारी के रूप में की गयी है। वह अनगड़ा की रहने वाली थी। शरीर में कहीं भी किसी प्रकार के जख्म के निशान नहीं मिले है। आशंका है कि उसने खुदकुशी की है। युवती का शव देखकर ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया। मृत युवती की हथेली पर आई लव यू पंचानन लिखा हुआ है। पुलिस को घटनास्थल से मृत युवती का मोबाइल और पर्स भी मिला है। थाना प्रभारी सत्यप्रकाश ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला खुदकुशी का प्रतीत होता है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## एयरपोर्ट रांची ने जारी किया नया समर शेड्यूल

**रांची।** रांची बिरसा मुंडा एयरपोर्ट ने नया समर शेड्यूल जारी कर दिया। रांची से मुंबई उड़ान भरने वाली एक फ्लाइट के समय में बदलाव भी किया है। हालांकि, इस समर शेडयूल में आकाशा को शामिल नहीं किया है। नया समर शेड्यूल दस जून से लागू हो जायेगा। नये शेडयूल में 35 विमानों की सूची है। इसमें रांची-मुंबई के बीच शुरू हो रहीं नयी सेवा को शामिल किया गया है। इसमें चार फ्लाइट गो फर्स्ट के भी हैं, जिसकी सेवा फिलहाल बंद है। 35 विमान एयर एशिया, इंडिगो, एलायंस एयर विस्तारा और गो फर्स्ट के हैं। इसमें एयर एशिया ने रांची से मुंबई ड़ान भरने वाली एक फ्लाइट के समय में बदलाव कर दिया है।

# गैस एजेंसी के स्टाफ से 46 हजार की लूट



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
पिठौरिया थाना क्षेत्र के पतरातु मुख्य सड़क केला बागान के समीप दो बाइक सवार तीन अपराधियों ने गैस एजेंसी के स्टाफ से हथियार के बल पर 46 हजार 400 रुपये लूट कर फरार हो गए। इस संबंध में गुरुवार को कर्मचारी अमित नायक ने थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार आलम इंडेन ग्रामीण वितरक पिठौरिया गैस एजेंसी के स्टाफ अमित नायक और सज्जाद मंसूरी रोजाना की तरह बुधवार को आलम इंडेन ग्रामीण वितरक पिठौरिया से गैस लेकर पिकअप वैन में होम डिलीवरी के लिए निकले। केला बागान, समटोली, बरवाटोली, बाडू, चामा, पतगाई, बुकरू चौक, वास्तु विहार, ग्रीन सिटी, एकता स्टेट, हुसीर, आइटीबीपी से डिलीवरी कर वापस लौट रहे थे। आने के दौरान देर शाम केला बागान के समीप दो बाइक में सवार तीनअपराधियों ने गाड़ी को रुकवाया और गैस लेने की बात कही। इस पर गाड़ी पर सवार स्टॉप अमित नायक ने कहा कि, गैस नहीं है कल मिलेगा। उन लोगों ने अमित नायक से फोन नंबर मांगा। फोन नंबर देने के दौरान अपराधियों ने अचानक हथियार निकाल कर अमित नायक पर सटाकर करीब 40 सिलेंडर का पैसा 46 हजार 400 रुपये और अमित के पास से 580 रुपये लूट कर तीनों अपराधी दो बाइक में सवार होकर रांची की ओर फरार हो गए। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ने बताया कि मामले को लेकर गुरुवार को प्राथमिकी दर्ज कराई गई है ।

## बिरसा उद्यान में मादा तेंदुए का जन्म, नाम पड़ा वैदेही

**रांची।** भगवान बिरसा जैविक उद्यान में पहली बार मादा तेंदुआ ज्योति ने मादा शावक को जन्म दिया। नन्हे शावक का नाम वैदेही रखा गया। मादा गौर रोशनी ने भी नर बच्चे को जन्म दिया, जिसका नाम हीरा रखा गया। उद्यान में आये पर्यटकों ने भी नन्हे जानवरों के साथ खेला और पदाधिकारियों ने केक काटे। 11 मई को हिप्पो लिली ने भी नर बच्चे को जन्म दिया, जिसका नाम मोती रखा गया। मौके पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी शशिकर सामंता, जब्बार सिंह मुख्य वन संरक्षक एवं निदेशक भगवान जैविक उद्यान ओरमांझी मौजूद थे। शशिकर सामंता ने कहा कि उद्यान के कर्मचारियों के सहयोग के कारण एवं पर्याप्त पौष्टिक आहार एवं उचित देखभाल के कारण वन्यप्राणियों की संख्या में वृद्धि हुई है। कार्यक्रम में अशोक कुमार सिंह, डॉ ओमप्रकाश सिंह, बाबूनंद प्रसाद, रामलखन पासवान, प्रमोद कुमार, विवेकानंद कुमार, राकेश अवस्थी, अरुण कुमार, ललन कुमार, मुकेश कुमार, अमित कुमार समेत उद्यान के कई कर्मचारी मौजूद थे।




# लोकहित अधिकार पार्टी की सदस्यता लेंगे पूर्व भाजपा नेता हरिनाथ साहू



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
18 जून 2023 को रांची के गोकुल पैलेस अरसंडे कांके में लोकहित अधिकार पार्टी के तत्वावधान में एक मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। उक्त मौके पर पूर्व भाजपा नेता सह रांची जिला के पूर्व विधायक प्रतिनिधि हरिनाथ साहू अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ लोकहित अधिकार पार्टी की सदस्यता को ग्रहण करेंगे। मिलन समारोह कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रोशन लाल गुप्ता, विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह झारखण्ड प्रदेश प्रभारी डाक्टर जगन्नाथ प्रसाद, झारखण्ड प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू एवं प्रदेश उपाध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजहर आलम जी की गरिमामय उपस्थिति रहेगी। हरिनाथ साहू का कहना है कि देश और प्रदेश की पहली जरूरत सामाजिक न्याय है और पिछले कई महीनों से प्रदेश अध्यक्ष सुनील साहू जी के कुशल नेतृत्व में लोकहित अधिकार पार्टी इसके लिए युद्ध स्तर पर कार्य करती आ रही है। पार्टी का स्पष्ट मत है कि सामाजिक न्याय के बगैर देश विश्व गुरु नहीं बन सकता है और यह तभी सम्भव है जब सभी के लिए शिक्षा और चिकित्सा पुरी तरह निःशुल्क किया जाएगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए पार्टी के कार्यकर्ता डॉ. दानेश्वर, अजित साहू , पंकज कुमार, शंकर प्रसाद, गणेश कुमार इत्यादि तैयारी में लगे हुए हैं।

## बुंडू में लो वोल्टेज के कारण पानी की आपूर्ति बाधित अनशन की चेतावनी

**बुंडू।** लो वोल्टेज के कारण बुंडू शहरी जलापूर्ति योजना पिछले एक सप्ताह से बाधित है। ज्ञात हो कि जलापूर्ति योजना के तहत एक वाटर पंपिंग प्लांट, कांची नदी में और दूसरा जिला परिषद परिसर में है। दोनों स्थलों में मोटर चलाने के लिए न्यूनतम 390 वोल्ट बिजली की आपूर्ति जरूरी है। नगर पंचायत कार्यालय के अनुसार वर्तमान में 350 वोल्ट से भी कम बिजली आपूर्ति मिलने से दोनों प्लांटों में पंप नहीं चल रहे हैं। इससे बुंडू में पानी की आपूर्ति नहीं हो रही है। ज्ञात हो कि बुंडू में बिजली की आपूर्ति उलिडीह पावरग्रिड से होती है। पहले उलिडीह पावरग्रिड में पावर चांडिल से आता था, तब लो वोल्टेज की समस्या नहीं थी। पिछले एक सप्ताह से उलिडीह ग्रिड में पावर सप्लाई हटिया से कर दी गई है।

**आय** कोयला खनन शुरू होने से भरेगा झारखंड का खजाना

# सरकार को हर साल मिलेगा 600 करोड़ रुपए का राजस्व



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड के पास इतना कोयला है कि यह राज्य उड़ीसा और छत्तीसगढ़ को कमाई में पीछे छोड़ सकता है, लेकिन यह तभी संभव है जब यहां कोयले का उत्पादन बढ़ाया जाए और आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द से जल्द खनन शुरू की जाए। झारखंड में अगर कोयला के उत्पादन की बात करें तो वर्ष 2022 में यहाँ 130.104 टन मिलियन कोयले का उत्पादन हुआ था, जबकि वर्ष 2021 में 123.428 टन मिलियन कोयला निकाला गया था। वर्ष 2019 में कोयले का उत्पादन 134.666 टन मिलियन के सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। देश भर की बात करें तो आधुनिक तकनीकों के प्रयोग पर अधिक जोर देने से वर्ष 2021-22 में कोयले का उत्पादन 778.21 मिलियन टन तक बढ़ गया था। वहीं, 2022-23 के दौरान कोयले का उत्पादन 14.76% की वृद्धि के साथ 893.08 मीट्रिक टन था। कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) और उसकी सहायक कंपनियों ने 2020-21 में 596.22 मीट्रिक टन और वर्ष 2021-22 के दौरान 4.4% की वृद्धि करते हुए 622.63 मीट्रिक टन का उत्पादन किया। 2022-23 के दौरान कोल इंडिया लिमिटेड का कोयला उत्पादन 12.94% की वृद्धि के साथ 703.21 मीट्रिक टन रहा। देश के चार राज्यों में कोयला उत्पादन का आंकड़ा देखें तो 80 फीसदी कुल कोयला उत्पादन में से छत्तीसगढ़ की हिस्सेदारी करीब 22%, उड़ीसा की 21%, मध्य प्रदेश की 18% और झारखंड की लगभग 17% फीसदी है। डीएमएफटी (डिस्ट्रिक्ट मिनरल फंड ट्रस्ट) की बात करें तो देश में जितने पैसे इस फंड के तहत विभिन्न राज्यों को मिले हैं, उसमें सर्वाधिक आमदनी वाले शीर्ष तीन राज्यों में से झारखंड भी शामिल है। कोकिंग कोल के उत्पादन में झारखंड शीर्ष पर है। हालांकि, ओवरऑल कोयला उत्पादन में झारखंड चौथे स्थान पर है। छत्तीसगढ़ पहले, दूसरे स्थान पर उड़ीसा और तीसरे स्थान पर मध्यप्रदेश है। झारखंड ने पिछले वर्ष 119.226 मीट्रिक टन कोयला उत्पादन किया है और चौथे नंबर पर है। कोयला बहुत क्षेत्र हजारीबाग के बड़कागांव में आवंटित कोल ब्लॉकों में जल्द खनन शुरू होने से राज्य सरकार को राजस्व का अतिरिक्त लाभ होगा, जबकि यहां रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। खान विभाग के अधिकारियों के अनुसार, एक कोल ब्लॉक से औसतन पांच से दस हजार लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार का अवसर मिलता है, जिसमें आसपास खुलने वाली दुकानें, डंपर संचालक और अन्य व्यवसाय आदि शामिल हैं। बड़कागांव में एनटीपीसी, एनएमडीसी, अदाणी और जेसडब्ल्यू समेत अन्य निजी कंपनियों को भारत सरकार की ओर से कोयला मंत्रालय ने कोयला खान आवंटित किया है। यहां खनन शुरू होने से इलाके की तस्वीर बदलेगी और विकास के नए आयाम दिखेंगे। स्थानीय स्तर पर रोजगार के असीम मौके मिलेंगे और राज्य सरकार को भी राजस्व का बड़ा लाभ होगा। सिर्फ अदाणी इंटरप्राइजेज के गोंदलपुरा खनन परियोजना के शुरू होने से राज्य सरकार को करीब 600 करोड़ रुपये का राजस्व हर साल मिलेगा। इतनी बड़ी रकम का इस्तेमाल स्थानीय स्तर पर आधारभूत संरचना को विकसित करने, शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ-साथ बेहतर जीवन उपलब्ध कराने के लिए किया जा सकेगा।
कोयला खनन शुरू होने से अवैध कोयले की तस्करी पर भी लगाम लगेगी। एक आंकड़े के मुताबिक, झारखंड से हर रोज करीब 530 ट्रक अवैध कोयला निकलता है। यह सारे कोयले की चोरी बंद पड़ी खदानों या उत्खनन की अधिकारिक रूप से बाट जोह रही खदानों से होती है, जिसमें फॉरेस्ट लैंड भी शामिल है। इससे सरकार को राजस्व की भारी होनी होती है। गर्मी के समय में झारखंड समेत देश भर में बिजली की खपत बढ़ी है।



# चतरा : बाइक चोरी के 3 आरोपी समेत 4 गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** चतरा के हंटरगंज स्थित जोरी में बाइक चोरी के आरोपी समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें बिहार के गया स्थित धनगाई निवासी शिवनंदन यादव का बेटा गौतम कुमार और सूरज कुमार के अलावा चंद्रदेव यादव का बेटा प्रदीप कुमार शामिल है। चतरा सदर एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि तीनों ने कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है। जोरी से चार अप्रैल को जिरामणी कॉलेज के पास से बाइक की चोरी हुई थी। नरेश महतो ने इस संबंध में थाने को लिखित आवेदन दिया था। इस संबंध में हंटरगंज थाने में कांड संख्या-58/23 दर्ज किया गया था। इस कांड के खुलासे के लिए लगातार छापामारी की जा रही थी। इसी क्रम में सात जून को तीनों आरोपी गिरफ्त में आए। उनकी निशानदेही पर चोरी की बाइक और मोबाइल फोन बरामद किया कर लिया गया। हंटरगंज थाना क्षेत्र में लोडेड 312 बोर के देसी कट्टा और एक जिंदा गोली के साथ युवक सिकेन्द्र भारती पिता विमल भारती को गिरफ्तार किया गया है। वह चतरा के हंटरगंज स्थित बरहपुर का रहनेवाला है। इस संदर्भ में हंटरगंज थाना कांड सं0- 107/23 आर्म्स एक्ट दर्ज किया गया है। छापामारी दल में शामिल पुलिस अवर निरीक्षक सनोज कुमार चौधरी, कृष्णा कुमार, नितेश कुमार दूबे, सहायक अवर निरीक्षक राजेन्द्र नाथ मुंडा, रंजीत कुमार सिंह समेत थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## तीन साइबर अपराधी गिरफ्तार, कई केस है दर्ज

**गिरिडीह।** जिले के साइबर थाना और बेंगाबाद पुलिस ने 08 जून को संयुक्त ऑपरेशन में तीन साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तीनों अपराधियों के खिलाफ साइबर अपराध से जुड़े कई केस दर्ज हैं। गिरफ्तार अपराधियों में अहिल्यापुर के थाना क्षेत्र के सूजना गांव निवासी मो अब्दुल गनी और बेंगाबाद थाना क्षेत्र के पुरी गांव निवासी पिंटू उर्फ छोटकी व खरगडीहा निवासी विकास शर्मा शामिल है। बताया जाता है कि तीनों आरोपी काफी लंबे वक्त से फरार चल रहे थे। इसी क्रम में पुलिस को गुप्त सूचना मिली तो छापेमारी कर तीनों को दबोचा गया। हालांकि गिरफ्तारी के समय इन अपराधियों के पास से कोई सामान बरामद नहीं हुआ लेकिन पुलिस के रिकार्ड में तीनों अपराधियों ने साइबर तकनीक का इस्तेमाल कर लाखों रुपए की ठगी की है।

# मोबाइल कनेक्टिविटी में तीन महीने में होगा सुधार : डीसी

**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार में जिला उपायुक्त (डीसी) अनन्य मित्तल एवं पुलिस अधीक्षक (एसपी) आशुतोष शेखर की संयुक्त अध्यक्षता में गुरुवार को बैठक हुई। इसमें जिला अंतर्गत मोबाइल कनेक्टिविटी एवं सड़क कनेक्टिविटी से संबंधित समीक्षा की गई। बैठक के बाद डसी ने बताया कि आगामी 3 महीने के अंदर जिले में मोबाइल कनेक्टिविटी के क्षेत्र में काफी सुधार देखने को मिलेगा। जिले में बीएसएनएल एवं एयरटेल नेटवर्क प्रदाता कंपनियों द्वारा यूनिवर्सल सर्विस ऑब्लिगेशन फंड(यूएसओएफ), एडीएफ व अन्य विभागों के तहत लगाये जाने वाले मोबाइल टावर अधिष्ठापन से संबंधित जमीन एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र प्राप्ति का समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान पाया गया कि छह स्थानों पर वन विभाग से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र के अलावा सभी जगहों के लिए संलग्न विभागों से एनओसी निर्गत कर दिए गए हैं। जिले में तकरीबन 250 मोबाइल टावर लगाने की प्रक्रिया जारी है, जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का बैठक में निर्देश दिया गया है। उन्होंने बताया कि बैठक में जिला अंतर्गत दुर्गम एवं नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रोड कनेक्टिविटी से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में अपर उपायुक्त संतोष कुमार सिन्हा, उप समाहर्ता सामान्य शाखा कुमार हर्ष, आरईओ चाईबासा/चक्रधरपुर व आरसीडी चाईबासा/मनोहरपुर के अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

## निर्भय सिंह-दिलीप सिंह को मिली अग्रिम जमानत

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत काशीडीह में चंद्रशेखर सिंह से पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने के आरोप में भाजपा नेता अभय सिंह के भाई निर्भय सिंह और दिलीप सिंह को कोट ने राहत दी है। कोर्ट ने निर्भय सिंह और दिलीप सिंह की अग्रिम जमानत याचिका को मंजूर कर लिया है। मामले की सुनवाई करते हुए जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश अनिल कुमार मिश्रा ने दोनों को अग्रिम जमानत दे दी। निर्भय सिंह की ओर से अधिवक्ता प्रकाश झा ने कोर्ट में अग्रिम जमानत पर अपनी दलील रखी। अधिवक्ता प्रकाश झा ने बताया कि मई 2022 में चंद्रशेखर सिंह ने निर्भय सिंह और दिलीप सिंह के खिलाफ साकची थाना में पांच लाख रुपये रंगदारी मांगने का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। इसी मामले में उन्होंने न्यायालय में अग्रिम जमानत याचिका दायर की थी। गुरुवार को मामले की सुनवाई जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में हुई जहां अदालत ने अग्रिम जमानत दे दी।

## चार साल की बच्ची से दुष्कर्म, गिरफ्तार

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के आजादनगर थाना अंतर्गत गरीब नवाज कॉलोनी निवासी चार वर्षीय किशोरी के साथ 55 वर्षीय व्यक्ति ने दुष्कर्म किया है। उक्त व्यक्ति बच्ची का पड़ोसी है। इस संबंध में पीड़िता की मां की शिकायत पर पुलिस ने तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी पड़ोसी मो. अकरम को गिरफ्तार कर लिया है। इधर, गुरुवार को पुलिस ने पीड़िता को मेडिकल के लिए एमजीएम अस्पताल भेजा है। पुलिस कोर्ट में पीड़िता का बयान दर्ज कराने की तैयारी में है। आजादनगर थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि बुधवार की रात पीड़िता की मां ने थाना में आकर मामले की लिखित शिकायत की है। पीड़िता की मां ने बताया कि पड़ोस में रहने वाले मो. अकरम उनकी चार साल की बेटी को मोबाइल दिखाने के बहाने अपने साथ ले गया। रात होने के कारण वह बेटी को ढूंढ़ते हुए अकरम के घर गई। उन्होंने पाया कि अकरम ने बेटी के कपड़े खोल दिए हैं और उसका मुंह दबाकर उसके साथ गलत करने का प्रयास कर रहा है। आरोपी को जेल भेजा जा रहा है।

## यौन शोषण का मामला दर्ज

**जमशेदुपर।** गुवा थाना क्षेत्र के रोवाम गांव के रहने वाले गणेश गोप ने गुरुवार को गुवा थाना में यौन शोषण की लिखित शिकायत दर्ज कराई है। उसने शिकायत में कहा है कि उनकी 15 वर्षीय बेटी का रोवाम गांव के ही रहने वाले अनिल गोप शादी का झांसा देकर 2 साल से यौन शोषण करता रहा। दो साल बाद अनिल गोप ने दूसरी लड़की से शादी कर ली। नाबालिग लड़की ने पूरी आप बीती अपने पिता गणेश गोप को बताई। इसके बाद गणेश गोप ने नाबालिग बेटी के साथ हुए यौन शोषण का मामला गुवा थाना दर्ज कराया है। इस संबंध में गुवा थाना प्रभारी अनिल कुमार यादव ने कहा कि नाबालिग लड़की के साथ हुए यौन शोषण का मामला दर्ज कर लिया गया है। साथ ही नाबालिग लड़की को मेडिकल जांच के लिए भेजा गया है। आरोपी को तलाश की जा रही है।

## उपचुनाव को लेकर झामुमो की तैयारी शुरू

**बोकारो।** पूर्व शिक्षा मंत्री जगरनाथ महतो के निधन के बाद रिक्त हुई डुमरी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव को लेकर झामुमो ने तैयारी शुरू कर दी है। पार्टी पर्यवेक्षक टेकलाल चौधरी ने 08 जून को नावाडीह पंचायत सचिवालय में पार्टी कार्यकताओं के साथ बैठक की। कहा कि मंत्री जगरनाथ महतो ने डुमरी विधानसभा क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है। उनके प्रयास से क्षेत्र में पुल-पुलिया, सड़क, बिजली सब स्टेशन, पेयजल जैसे मूलभूत सुविधा मुहैया हो सकी है. उन्होंने डुमरी, नावाडीह, चंद्रपुरा प्रखंड को शिक्षा का हब बनाने का काम शुरू किया गया था। केशधरी में नेतरहाट की तर्ज पर आवासीय विद्यालय, नावाडीह बाजारटांड़ में पुस्तकालय व उपरघाट को प्रखंड बनाना जगरनाथ महतो का सपना था, जो अधूरा रह गया। उनके अधूरे कार्य को पूरा करने के लिए उनके परिजन को विजयी बनाना होगा, तभी डुमरी विधानसभा क्षेत्र का विकास होगा। बैठक में प्रखंड के सुरही, नावाडीह, खरपीटो, अहारडीह, सहरिया व पोटसो पंचायत कमेटी का विस्तार किया गया।

## तिसरी प्रखंड बीस सूत्री की बैठक

**गिरिडीह।** तिसरी प्रखंड सभागार में बीस सूत्री अध्यक्ष मो मुनीबुद्दीन की अध्यक्षता में 08 जून को प्रखंड बीस सूत्री समिति की बैठक हुई। इसमें जिले से एसडीएम धीरेंद्र कुमार सिंह मुख्यरूप से मौजूद थे। बैठक में मनरेगा, जल-नल योजना, पीएम आवास योजना, शिक्षा, कल्याण, कृषि विभाग आदि का मुद्दा छाया रहा। इस दौरान जाति-आवासीय प्रमाण पत्र बनवाने में दो-दो महीने का समय लगने पर चिन्ता व्यक्त की गई। सदस्यों ने आरोप लगाया कि कई जगह सरकारी शिक्षक अपनी जगह पढ़ाने के लिए कम पैसा देकर दूसरों लोगों को स्कूल भेज देते हैं। लक्ष्मीबथान, कारीपहरी में सड़क और पानी की समस्या भी बैठक में रखा गया। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में नामांकन के लिए दोबारा लिस्ट निकालने का मुद्दा भी छाया रहा। एसडीएम ने तमाम मुद्दों पर समुचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया। मौके पर बीडीओ संतोष प्रजापति रिंकू वर्णवाल, मनोज यादव, तिसरी थाना प्रभारी प्रदीप कुमार, लोकाय थाना प्रभारी नागेंद्र कुमार, मणिकांत आदि मौजूद थे।

## बेरमो में पीएम आवास लाभुक दिवस मना

**बोकारो।** गोमिया प्रखंड के सियारी पंचायत में 08 जून को प्रधानमंत्री आवास लाभुक दिवस मनाया गया। इस दौरान बीडीओ कपिल कुमार ने कहा कि गरीबों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाये जा रहे हैं, लेकिन कई लाभुकों का आवास निर्धारित समय के बाद भी नहीं बन पा रहा है। इस विलंब के पीछे का कारण जानने के लिए स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि व लाभुकों से बातचीत कर लंबित आवास को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया है। बताया कि सियारी पंचायत में अभी भी 25 लाभुकों का आवास अपूर्ण है।

## नहीं रहे यादव समाज के अध्यक्ष गिरधारी यादव

**बरही।** चौपारण प्रखंड के यादव समाज के अध्यक्ष गिरधारी यादव (77 वर्ष) का निधन गुरुवार को नावाडीह स्थित आवास पर हो गया। शाम को निकली अंतिम यात्रा में स्थानीय विधायक सह निवेदन समिति के सभापति उमाशंकर अकेला ने उनके परिजनों के साथ पार्थिव शरीर को कंधा देकर श्मशान घाट पहुंचाया। गिरधारी यादव मृदुभाषी थे और सभी समाज के विकास के लिए आजीवन संघर्ष किया। तीन दशक तक पूर्व विधायक मनोज यादव के साथ रहकर यादव समाज के विकास के लिए लड़ाई लड़ी। दो दशक से स्थानीय विधायक के राजनीतिक सलाहकार और यादव समाज के अध्यक्ष की भूमिका में थे। पिछले कुछ माह से वह बीमार थे। उनके निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा में विधायक ने कहा कि गिरधारी यादव के निधन से उन्हें व्यक्तिगत और समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

## योग व पर्यावरण का संदेश लेकर पैदल शहर पहुंचे कर्नाटक के कृष्णा, डीसी से मिले




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** योग और पर्यावरण के प्रति युवाओं को जागरूक करने के उद्देश्य से कर्नाटक के मैसूर जिले से पदयात्रा पर निकले योग शिक्षक कृष्णा नायक 8 जून को धनबाद पहुंचे। उन्होंने यहां डीसी संदीप सिंह से मुलाकात की और योग व पर्यावरण पर अपना मंतव्य साझा किया। उनकी बातें सुनने के बाद डीसी ने उनके हौसले की तारीफ करते हुए शुभकामनाएं दीं। कृष्णा नायक अब तक 9 राज्यों की पैदल यात्रा कर चुके हैं। योग शिक्षक ने बताया कि उनकी पदयात्रा की शुरूआत 16 अक्टूबर 2022 को मैसूर से हुई थी। वर्ष 2024 के अंत तक देश के सभी 28 राज्यों की यात्रा पूरी करने का उनका लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि पूरे भारत में योग के प्रति लोगों को जागरूक करने के साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश पहुंचाना है। वह जहां भी जा रहे हैं, वहां के स्कूल और कॉलेजों में जाकर इन दोनों बातों की जानकारी विद्यार्थियों को दे रहे हैं और योग का अभ्यास भी करा रहे हैं। उन्होंने बताया कि दिन भर पैदल चलते हैं और रात में विश्राम करते हैं। रात के वक्त वह अक्सर पुलिस स्टेशन, मंदिर, पेट्रोल पंप आदि स्थानों पर रुक कर विश्राम करते हैं।

## कोडरमाः चावल व्यवसायी हत्या मामले में एक गिरफ्तार

**कोडरमा।** जिले के नवलसाही में पिछले दिनों चावल कारोबारी शंकर साव की हुई हत्या के मामले का पुलिस ने उद्भेदन कर लिया है। इस मामले में अभियुक्त पप्पू कुमार मेहता को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। इसे लेकर एएसपी प्रवीण पुष्कर ने यह जानकारी दी. उन्होंने बताया कि नवलसाही के नवादा निवासी नकुल साव के आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई थी, इसमें शंकर कुमार साव (पिता लालो साव) की चाकू मारकर हत्या का मामला दर्ज हुआ था। कांड को लेकर पुलिस अधीक्षक द्वारा अपर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में अनुसंधान टीम का गठन किया गया था। बताते चलें कि कारोबारी शंकर साहू से रुपए की लूट के दौरान घटना को अंजाम दिया गया था। घटना के बाद अभियुक्त दिल्ली भाग गया था, जब पुलिस टीम दिल्ली पहुंची तो वह वहां से वापस अपने घर चला आया, जहां से उसे पकड़ा गया।

# प्रबंधन और आउट सोर्सिंग कर्मियों के बीच जमकर मारपीट, पांच घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** जिले के निरसा स्थित ईसीएल मुगमा क्षेत्र के कापासारा आउटसोर्सिंग में गुरुवार को कोयला चोरी के विवाद में प्रबंधन और आउट सोर्सिंग कर्मियों के बीच हुई जमकर मारपीट हुई। दोनों पक्षों के पांच लोगों को चोटें आई हैं। सूचना पर पहुंची निरसा व गलफरबाड़ी ओपी पुलिस ने मामला शांत कराया। दोनों पक्ष मामला दर्ज करा रहे हैं। घटना के संबंध में बताया जाता है कि गुरुवार सुबह आउटसोर्सिंग प्रबंधन के निजी कर्मी आउटसोर्सिंग स्थल पर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि वहां पर आउटसोर्सिंग कर्मी मुन्ना महतो, बिट्टू गोस्वामी, राजू राय और मधुसूदन बाउरी गलत तरीके से कोयला लेकर जा रहे थे। इसे देख प्रबंधन के निजी कर्मी हर्षित राय, राहुल राय व अन्य ने मना किया। इस पर वे लोग उनलोगों से उलझ गए। दोनों के बीच मारपीट होने लगी। मारपीट की सूचना पर आउटसोर्सिंग प्रबंधक हरीशंकर पांडेय मौके पर पहुंचे। इसके बाद कोयला ले जा रहे कर्मियों ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। उसके बाद दोनों ओर से जमकर मारपीट हुई। बताया जा रहा है कि इस दौरान प्रबंधन के लोगों ने तीन कर्मियों को मौके से जबरन उठाकर अपने साथ ले गए और उन लोगों की पिटाई की। इसे देख वहां पर मौजूद ग्रामीण और आक्रोशित हो गए और हंगामा शुरू कर दिया। मामला बढ़ता देख निरस पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामला शांत कराया। भुक्तभोगी मधुसूदन बाउरी ने बताया कि वह घर में चुल्हा जलाने के लिए कोयला ले जा रहा था। इस पर आउटसोर्सिंग प्रबंधन के लोगों ने कोयला चोरी का आरोप लगाकर मारपीट की। प्रबंधक पांडेय ने कहा कि जब आउटसोर्सिंग में काम करने वाले कर्मी ही कोयला चोरी कर ले जायेंगे तो कोयला चोरी कैसे रूकेगी। इसी बात को समझाने पर उल्टे वे लोग मारपीट कर दी।

# सब जूनियर झारखंड राज्य एथलेटिक्स मीट डीएवी प्रोजेक्ट स्कूल रामगढ़ में कल से

### जिला स्तरीय टीम की हुई घोषणा, 9 जून को दोपहर एक बजे गोमो से होगी रवाना




**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** सब जूनियर झारखंड राज्य एथलेटिक्स मीट डीएवी प्रोजेक्ट स्कूल रामगढ़ में 10 और 11 जून को होगा। इस ख्याल से जिला स्तरीय सब जूनियर एथलेटिक्स टीम की घोषणा कर दी गई है। धनबाद की पूरी टीम में 14 वर्ष से कम बालक वर्ग ट्रायथलॉन ए में वेद प्रकाश शर्मा और मोनू, ट्रायथलॉन बी में रामराज और मोहम्मद इरशाद, ट्रायथलॉन सी में प्रेम कुमार सिंह, इंद्रजीत कुमार महतो, किड्स जैवलिन में निशांत कुमार यादव और प्रेम राज, बालक 16 वर्ष से कम उम्र 80 मीटर में यशवर्धन पांडे और कुमार नमन, 600 मीटर में उत्तम कुमार राजवाड़ा और सुबोध कुमार महतो, 1600 मीटर में राहुल कुमार महतो और सनी पंडित, 80 मीटर हेडर्स कशल कुमार और सुमित कुमार, लॉन्ग जंप में जैनेंदा नाथ गोप और अस्तिव का चयन हुआ है। हाई जंप में जैलेंद्र गोप और प्रिंस कुमार, शॉट पुट में अमित कुमार और अतुल परपन, जैवलिन थ्रो आयुष कुमार यादव और रिशु राज, हेक्सा उदय कुमार महतो और दिनेश कुमार महतो, डिस्कस थ्रो में रिशु राज और अमित कुमार, 5000 मीटर पैदल चाल में अंकित कुमार और बंटी कुमार महतो, बालिका 14 वर्ष से कम ट्रायथलॉन ए में शशीलाल रजनी और सलोनी, ट्रायथलॉन बी में नंदनी कुमारी बोरी और राज नंदनी, ट्रायथलॉन सी में डोली कुमारी और राजकुमारी यादव, किड्स जैवलिन में सेसोलाला और राजकुमारी यादव, बालिका 16 वर्ष से कम 80 मीटर रेशमी खातून और सानया पूर्वी, 600 मीटर में किरण कुमारी और जया कुमारी, 16 मीटर में मोनिका कुमारी और रोहणी कुमारी, 80 मीटर हर्डल्स मे शालिनी कुमारी और लवली कुमारी, लॉन्ग जंप में रिंकी कुमारी और कोमल कुमारी, हाई जंप में रिंकी कुमारी और कोमल कुमारी, शॉट पुट में शरदा हंसता और प्रतिभा सिंह, हेक्सा में सोनम चंद्रवंशी और खुशबू कुमारी, डिस्कस थ्रो में शारदा हसदा और बाली रवानी, 3000 मीटर पैदल चाल में नेहा कुमारी और आरती कुमारी को शामिल किया गया है। टीम का मैनेजर जयराम भगत और कोच सूरज कुमार को बनाया गया है।

## महिला ने थाने में आवेदन देकर मारपीट-छिनतई का लगाया आरोप

**बरही।** बरही स्थित धोबीटोला की रहने वाली महिला अनुसुईया देवी ने थाने में आवेदन देकर मारपीट, छिनतई और अभद्र आचरण करने का आरोप लगाया है। आवेदन में शिकायत की गई है कि सोमवार की सुबह जब वह गया रोड स्थित दशरथ साव की जमीन पर चहारदीवारी निर्माण में मजदूरी कर रही थी। उसी दौरान धनबाद रोड निवासी रमेश केसरी और उनके बेटे अभिषेक केसरी ने उनके साथ मारपीट कर उनका बटुआ छीन लिया। वहीं उनके साथ अभद्रता भी की गई। महिला ने आवेदन के माध्यम से उचित कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं मामले को लेकर जब रमेश केसरी से बात की गई तो उन्होंने आरोप को बेबुनियाद बताया. उन्होंने कहा कि शिकायत करने के लिए महिला को उकसाया गया है। बहकावे में आकर महिला अनर्गल बयान दे रही है। उन्होंने पुलिस से मामले की जांच गहनता और निष्पक्षता से करने की मांग की है।

# नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा को लेकर कलश यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

गिरिडीह। बस पड़ाव स्थित मां छिन्नमस्तिका मंदिर के निकट नवनिर्मित हनुमान मंदिर में प्रतिमा प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर 8 जून की सुबह नवयुवक बजरंग सेवा समिति ने भव्य कलश यात्रा निकाली। कलश यात्रा में 501 महिलाएं और युवतियां सिर पर कलश लेकर शामिल हुईं। रास्ते में भगवान राम और जय हनुमान के नारे लगे। कलश यात्रा पूरे शहर का भ्रमण करते हुए अरगाघाट नदी पहुंची जहां पंडित ने वैदिक मंत्रोच्चारण कर जल भराया। श्रद्धालु महिलाएं व युवतियां कलश में जल लेकर वापस मंदिर पहुंचीं। इसके बाद मंदिर में अनुष्ठान की शुरूआत हुई. समिति के अध्यक्ष प्रकाश राणा ने बताया कि बनारस से आए पंडित दुर्गा प्रसाद पांडेय प्राण प्रतिष्ठा करा रहे हैं। मौके पर कलश चंद्र रजक, जितेन्द्र विश्वकर्मा, सागर सिंह, प्रमोद बर्णवाल, कुंदन विश्वकर्मा, ज्योति साहा समेत समित के अन्य कई सदस्य मौजूद थे।

# कूरियर कंपनी कर्मी लूट का मास्टर माइंड, 4 नाबालिग समेत 5 गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

जमशेदपुर। जमशेदपुर के उलीडीह थाना अंतर्गत शिव मंदिर लाइन में रविवार को हथियार का भय दिखाकर लूट की घटना को अंजाम देने के मामले में पुलिस ने चार नाबालिग समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस ने कूरियर कंपनी में ही काम करने वाले विशाल सिंह को गिरफ्तार किया है। विशाल ने ही लूट की योजना बनाई थी। इस संबंध में पुलिस ने घटना में प्रयुक्त नकली हथियार भी बरामद किया है। इस संबंध में पुलिस गुरुवार को मामले का खुलासा करेगी। सूत्रों के अनुसार विशाल कंपनी में ही काम करता था। रविवार को उसकी छुट्टी थी। उसने पूर्व से ही अपने अन्य साथियों के साथ लूट की योजना बना रखी थी। रविवार को छुट्टी होने के कारण कार्यालय में कोई नहीं रहता है। इसी का फायदा उठाकर उसने घटना को अंजाम दिया है।

### ऑनलाइन मंगवाया नकली हथियार

विशाल ने पुलिस को बताया कि घटना में जो हथियार इस्तेमाल किया गया था, वह नकली है। उसने कुछ दिनों पूर्व ही ऑनलाइन उक्त हथियार मंगाया था। योजना में उसने अपनी बस्ती के ही एक साथी को शामिल किया। रविवार की दोपहर 2.30 बजे दो लोग कार्यालय में घुसे और मौके पर मौजूद कर्मी को हथियार दिखाकर 29 हजार रुपए की लूट कर ली।

## ओड़िशा ट्रेन हादसे में घायल को बाबूलाल ने भेजी मदद

**गिरिडीह।** गावां प्रखंड अंतर्गत पथलडीहा गांव निवासी गंगा भुइँया का 18 वर्षीय पुत्र पवन भुइँया ओडिशा में हुए कोरोमण्डल एक्सप्रेस ट्रेन हादसे में घायल हो गया है। वह दैनिक मजदूरी करने चेन्नई जा रहा था कि ट्रेन हादसे का शिकार हो गया। ओडिशा में इलाज के बाद परिजन उसे घर लेते आए हैं। 08 जून को भाजपा कार्यकर्ता उनके निवास स्थान पर पहुंचे और विधायक बाबूलाल मरांडी की ओर से आर्थिक मदद दी। विधायक प्रतिनिधि मुन्ना सिंह ने कहा कि बहुत जल्द बाबूलाल मरांडी स्वयं घायल पवन भुंइया से मुलाकात करेंगे. मौके पर रामचन्द्र ठाकुर, पवन सिंह, श्रीराम यादव, आनन्दी यादव, सोनू हेम्ब्रम, राजेन्द्र चौधरी, अजित पांडेय, ललित पांडेय आदि मौजूद थे।

# ठेका मजदूर व आउटसोर्सिंग संचालक के बीच मारपीट, कई घायल



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** ईसीएल मुगमा एरिया के कापासारा आउटसोर्सिंग में 8 जून गुरुवार की सुबह छह बजे आउटसोर्सिंग संचालक हरिशंकर पांडेय और उसके बाडीगार्ड के साथ ठेका मजदूरों की मारपीट हो गयी। आरोप है कि ठेका मजदूर ड्यूटी के बाद जलावन के लिये डिपो से झोला में कोयला ले जाते हैं। संचालक के बॉडीगार्ड ने कोयला चोरी का आरोप लगा कर तीन ठेका मजदूरों की पिटाई कर दी। इसके बाद अन्य ठेका मजदूर गुस्से में आ गए व एकजुट होकर बॉडीगार्ड पर टूट पड़े। मजदूरों ने जमकर बॉडीगार्ड की पिटाई की। सूचना मिलने पर आउटसोर्सिंग संचालक पहुंचे तो मजदूरों ने उन्हें भी पीट दिया। सभी ठेका मजदूर आसपास के गांव के हैं। खबर फैली तो गांवों के लगभग दो सौ लोग भी जुट गए। देर तक तक खूब हंगामा हुआ। ठेका मजदूर और उसके समर्थन में ग्रामीणों का हुजूम देख आउटसोर्सिंग संचालक, बॉडीगार्ड और समर्थक उल्टे पांव भाग खड़े हुए। पांडेय ने निरसा पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर निरसा व गलफरबाड़ी की पुलिस पहुंची और ठेका मजदूरों को समझा-बुझा कर मामला शांत कराया। पुलिस से कहा कि जलावन के लिए एक झोला कोयला ले जाना चोरी है और जो आउटसोर्सिंग संचालक द्वारा हाईवा से कोयला टपाकर बेच दिया जाता है, तो वह क्या है। पुलिस ने दोनों पक्षों से लिखित शिकायत देने को कहा। मारपीट में दोनों पक्षों से पांच-छह लोग घायल हो गये हैं। ठेका मजदूरों में बिट्टू गोस्वामी, मधूसूदन बाउरी एवं राजू राय, जबकि आउटसोर्सिंग संचालक हरिशंकर पांडेय, बॉडीगार्ड राहुल राय, भांजा हर्षित कुमार एवं अन्य को चोट लगी है। इस घटना के बाद से आउटसोर्सिंग का उत्पादन, ट्रांसपोर्टिंग सहित अन्य काम ठप है।

### रामगढ़ में भाजपा झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत वाजपेयी ने किया प्रेस वार्ता का आयोजन, बोले

# मोदी सरकार के नौ साल का कार्यकाल रहा बेमिसाल

**नवीन मेल संवाददाता**

रामगढ़। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार के कार्यकाल के 9 वर्ष पूरे होने को लेकर 8 जून को शहर के थाना चौक स्थित होटल शिवम इन के सभागार में भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता ने एवं संचालन अविनेश सिंह ने किया। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई, पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह रैना, मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल, रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत, पूर्व सांसद यदुनाथ पांडे, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, प्रकाश मिश्रा, रविंद्र शर्मा, पूर्व बीस सूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजू चतुर्वेदी, मनोज कुमार सिंह, महामंत्री प्रो खिरोधर साहू, मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी मौजूद थे। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रदेश प्रभारी सह राज्यसभा सांसद लक्ष्मीकांत बाजपेई ने कहा की केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने अपने 9 वर्षों के कार्यकाल में देश वासियों को अधिक से अधिक सुविधाएं देने का कार्य करते हुए जनहित में कई कार्य किये हैं। केंद्र सरकार की उपलब्धियों की जानकारी देते हुए श्री बाजपेई ने कहा की देश में जनधन योजना के तहत 50 करोड़ लोगों का बैंकों में खाता खोला गया। कहा की इसके माध्यम से वे लोग जो कभी भी बैंक नही जाते थे बैंक जाने लगे और अपने खाते में रूपए जमा करने लगे। बताया की उज्जवला योजना के तहत देश में 10 करोड़ महिलाओं को गैस कनेक्शन देने का कार्य किया गया। जिससे उन्हें धुंआ में खाना बनाने से आजादी मिली। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत देश के 3 करोड़ लोगों का घर बनकवाकर सोंपने का कार्य किया गया। लक्ष्मीकांत बाजपेई ने बताया की जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ 15 करोड़ लोगों को प्रदान किया गया। वहीं, जीवन सुरक्षा बीमा योजना से 3 करोड़ लोगों को जोड़ने का कार्य किया गया। बताया की अटल पेंशन योजना से देश के 50 करोड़ लोगों को जोड़ने का कार्य




किया गया है। बताया की ओडीएफ योजना के तहत देश में अबतक 12 करोड़ शौचालयों का निर्माण करवाया गया है। जिससे लोगों को खुले में शौच में जाने से मुक्ति मिली। भाजपा झारखंड प्रभारी ने बताया की मुद्रा योजना के तहत 37 करोड़ 76 लाख से अधिक लोगों को ऋण प्रदान किया गया है। इस योजना से जिन्होंने ऋण लिया है वे स्वरोजगार से जुड़कर जीवन में आगे बढ़ रहे हैं। बताया की कोरोना काल के दौरान सरकार ने गरीब कल्याण योजना के तहत देश के 80 करोड़ लोगों को मुफ्त अनाज देने की योजना आरंभ की थी। बताया की योजना के तहत अबतक 4 अरब रूपए मूल्य की अनाज का वितरण लोगों के बीच किया गया है। बताया की जल जीवन मिशन योजना के तहत अबतक देश के 10 करोड़ घरों में पाइप लाइन के माध्यम से जल पहुंचाने का कार्य किया गया है। बताया की आदर्श ग्राम योजना के तहत 27 हजार गांवों को जोड़कर उन्हें बेहतर बनाने का कार्य किया गया। बताया की केंद्र सरकार देश से कुपोषण दूर करने के लिए भी लगातार प्रयास कर रही है। झारखंड के संदर्भ में लक्ष्मीकांत बाजपेई ने कहा की केंद्र सरकार झारखंड को कितनी अहमियत देती है इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है की विश्व की सबसे बड़ी हेल्थ केयर योजना आयुष्मान भारत योजना की शुरूआत बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर 15 अप्रैल 2015 को झारखंड के दुमका से किया गया। वहीं, खूंटी कोर्ट परिसर में सोलर के माध्यम से लाइट की व्यवस्था करवाने का कार्य सरकार द्वारा किया गया। बताया की झारखंड के संथाल क्षेत्र में 5 जिलों में गैस पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया गया। हजारीबाग, दुमका और पलामू में मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की गई। बताया की अंडमान निकोबार के एक द्विप का नाम परमवीर चक्र विजेता अल्वर्ट एक्का के नाम पर रखा गया। केंद्र सरकार ने झारखंड में यातायात व्यवस्था को सुदृढ बनाने के लिए 30 हजार करोड़ की 8 फोरलेन योजनाओं को मंजुरी दी है। बताया की संथाल क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत 118 किलोमीटर पाइप लाइन बिछाई गई है। बताया की राज्य में जब भाजपा की सरकार थी उस समय राज्य में कृषि उत्पादन योजना आरंभ की गई। हाईकोर्ट भवन का निर्माण करवाया गया। रांची में कैंसर हॉस्पिटल का निर्माण हुआ। साथ ही राज्य के पंचायतों में भवनों का निर्माण किया गया।

### राज्य सरकार वादे पूरे करने में विफल

भारतीय जनता पार्टी के झारखंड प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेई ने कहा की राज्य की हेमंत सोरेन सरकार 5 लाख युवाओं को रोजगार देने के नाम पर सत्ता में आई। लेकिन अपने इस वादे को पूरा करने में पूरी तरह से विफल रही है। उन्होंने आरोप लगाया की राज्य में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जिससे यहां के लोगों की परेशानी बढ़ गई है। कहा की हेमंत सरकार के कार्यकाल में राज्य में महिला उत्पीड़न और ब्लात्कार के 50 हजार घटनाएं घटी हैं। वहीं, राज्य में बांग्लादेशियों का घुसपैठ बढ गया है। कहा की राज्य सरकार ने अबतक नेता प्रतिपक्ष के पद को खाली रखा है। जिस कारण राज्य में लोकाआयुक्त और सूचना आयुक्त की नियुक्ति नही हो पाई है। कहा की भाजपा संवैधानिक तरीके से राज्य सरकार की विफलताओं को उजागर कर आनेवाले चुनाव में राज्य सरकार को सत्ता से हटाने का कार्य करेगी।

## पीड़िता ने थाने से लगाई गुहार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** मामला खुर्दजवाड़ की है । मीरा देवी के माता पिता ने हिंदू रीति रिवाज से 24 मार्च 2010 को खुर्दज्वाड़ के ही अनिल राम पिता भुनेश्वर राम से शादी करवाई थी । जिससे तीन बच्चे भी हुए ।उसका पति पंजाब में काम करता था, इस कारण वह अधिकांशतः वही रहता था । इसी क्रम में उसी गांव के राहुल यादव पिता रामचंद्र यादव से आंखें चार हुई और विवाहिता तीनो मासूमो को ससुराल में छोड़ अपने प्रेमी संग 3 अक्तूबर 22 को फरार हो गई ।इसी क्रम में युवक ने उक्त विवाहिता से शादी कर लिया । करीब 8 माह तक दिल्ली आदि



स्थानों पर बतौर पति पत्नी साथ रहे । जब इसकी जानकारी लड़के के घर वालो को हुई तो धोखे से दोनो को घर में रहने के बहाने बुलाया ।बीते 17 मई को वापस घर आए, परंतु कोडरमा स्टेशन पहुंचते ही रंजीत राम, दिनेश राम और संतोष यादव ने उन दोनो को जान मारने का प्रयास किया ।किसी प्रकार वे लोग जान बचाकर वहां से भागकर घर पहुंचे । जहां लड़के की मां भुनेश्वरी देवी और पिता दोनो ने लड़की को घर से भगा दिया ।साथ ही लड़के का मौसेरा भाई बार बार फोन से जान मारने की धमकी दे रहा है ।उक्त बाते पीड़िता ने बरही महिला थाना में दिए आवेदन के माध्यम से बताया है ।पूछे जाने पर पीड़िता ने बताया कि उसका पति उसे रखने के लिए तैयार है परंतु उसके माता-पिता ऐसा करने से मना कर रहे हैं । उसके साथ मारपीट किया गया है ।इस संबंध में पीड़िता ने अपने पहले पति के मामी के साथ उचित न्याय की गुहार लगाई है ।

## तोपा परियोजना वार्ता के बाद हुआ चालू

**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़ ।** सात सूत्री मांग को लेकर गुरूवार को तोपा परियोजना का संपूर्ण कार्य को तोपा परियोजना में सेल संचालन समिति ग्रामीण रैयतो एवं विभिन्न राजनीतिक दल के द्वारा ठप कर दिया गया। ठप कराने वाले लोगों को कहना था कि पूर्व दिनों प्रबंधक को आवेदन देते कहा था कि 7 सूत्री मांग को जल्द पूरा किया जाये। लेकिन प्रबंधन द्वारा किसी प्रकार से पहल नहीं किया गया। जिससे हम सभी लोग मजबूरन कोलियरी का कार्य ठप कराने पहुंचे। लोगों ने प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए कोलियरी के ऑफिस, डिस्पैच, ट्रांसपोर्टिंग पूरा तरह से बंद कर



दिए। करीब 5 घंटे के बाद परियोजना कार्यालय में वार्ता किया गया। वार्ता में प्रबंधक की ओर से परियोजना पदाधिकारी मनीष कुमार, पर्सनल मैनेजर अविनाश श्रीवास्तव, सेल संचालन निलेश कुमार, क्षेत्रीय सुरक्षा पदाधिकारी के अलावे आंदोलन करने वालों में आजसू जिला उपाध्यक्ष रामभजनलाल महतो, जदयू जिलाध्यक्ष ज्योतिंद्र प्रसाद साहू, गोपेश्वर करमाली, राजेश्वर गंझू, अलियास, असगर अंसारी शामिल हुए। वार्ता में प्रबंधन की ओर से कई मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया।

### प्रवासी मजदूर की मुंबई में मौत, पसरा मातम

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के विष्णुगढ़ थाना अंतर्गत जोबर पंचायत के प्रवासी मजदूर की मौत मुंबई में हुई। मुंबई कल्याण के हाइवा केबिन में सीमेंटेड गेट का मलबा गिरने से मजदूर मोतीलाल सोरेन की मौत हो गई। बता दें कि मजदूर 6 महीने पहले रोजगार की तलाश में मुंबई के कल्याण गया था। जहां वह हाइवा चलाकर परिवार का भरण-पोषण करता था। वह घर का इकलौता कमाऊ सदस्य था। उसकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। वहीं गांव में मातम पसरा हुआ है। मृतक के परिवार में पिता रगाई सोरेन, माता, पत्नी आरती देवी, 17 साल का बेटा नीतीश सोरेन और 15 साल की बेटी मनीषा सोरेन है। हादसे की सूचना जोबर पंचायत के मुखिया चेतलाल महतो ने प्रवासी मजदूरों के हित में काम करनेवाले समाजसेवी सिकंदर अली को दी। उन्होंने मृतक के परिवार वालों से मिलकर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। साथ ही कहा कि मृतक का शव मुंबई से उनके पैतृक गांव लाने का प्रयास किया जा रहा है।

### इचाक-बंडासिंगा मार्ग पर मिला युवक का शव

**बरकट्ठा।** गोरहर थाना क्षेत्र के इचाक- बंडासिंगा मार्ग स्थित बाराडीह के समीप एक युवक का शव संदेहास्पद स्थिति में गुरुवार को अहले सुबह मिला। इस बाबत मृतक के पिता चरका मरांडी ने बताया की घटना की जानकारी मृतक के फोन से राहगीर ने दी। शव की शिनाख्त श्याम सुंदर मरांडी 15 वर्ष पिता चरका मराड़ी टोला मंहुवा टांड, पंचायत शिलाडीह के रूप में की गई है। वहीं घटना की सूचना गोरहर पुलिस को मिलते ही घटना स्थल पर पहुंची तथा शव को अपने कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना से आसपास के लोगों में भय व्याप्त है तथा यह निंदनीय खबर क्षेत्र में आग की तरह फेल गई। मौके पर शव को देखने आसपास के सैकड़ो लोग घटनास्थल पर पहुंचे।वही मृतक के मां सरिता देवी ने बताया की घर से करीब रात्रि 10बजे डुमरडीहा शादी समारोह में शामिल होने के लिए दोस्तों ने मेरे पुत्र को फोन कर बुलाया था। सुबह अज्ञात लोगों ने मेरे पुत्र की मौत की सूचना फोन से दी।मृतक की मॉ ने बुंदीलाल मरांडी, छोटेलाल मरांडी, सुरेंद्र मरांडी के साथ शादी समारोह शामिल होने की बात कही थी। मामले को लेकर मृतक पिता चरका मरांडी के आवेदन पर 27/23 के तहत मामला दर्ज कर लिया।

### बेकाबू कार ने खड़े बाइक सवार को मारी टक्कर बाइक समेत कार गड्ढे में गिरा, तीन घायल





**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के बरकट्ठा गैंडा मार्ग स्थित पंदना टांड चौक के पास एक बेकाबू कार ने खड़े बाइक सवार को टक्कर मार दी। इस हादसे में कार बाइक को टक्कर मारने के बाद एक गड्ढे में गिर गया। जबकि बाइक सवार 10 फीट ऊपर हवा में गोते खाते हुए मैदान में गिरा। इसमें कार पर सवार दो लोग और एक बाइक सवार घायल हो गया। घायलों में अखिलेश तिवारी 25 वर्ष लखनऊ, यूपी, मधुकर कदम 27 वर्ष नांदेड़, महाराष्ट्र और बाइक सवार जितेंद्र सिंह 40 वर्ष ग्राम भिखनाडीह चलकुशा शामिल है। घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा में इलाज के लिए लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर किया गया। बताया जाता है कि बाइक सवार सड़क किनारे खड़ा होकर मोटरसाइकिल में पेट्रोल डाल रहा था। इसी बीच बेकाबू कार ने टक्कर मारते हुए खुद पलट गया। कार सवार सर्वेयर बताया जाता है।

### झारखंड छात्र मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने की वीसी से मुलाकात

**हजारीबाग।** हजारीबाग में विभिन्न समस्याओं के निदान के लिए झारखंड छात्र मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने चंदन सिंह की अध्यक्षता में वीसी डॉ.अजीत कुमार सिन्हा से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने वीसी से एलएलएम में नामांकन में खाली बची सीटों पर जल्द से जल्द नामांकन लेने, साथ ही लॉ कॉलेज में छात्रों का 75% उपस्थिति अनिवार्य करने का आग्रह किया। सर्टिफिकेट के आवेदन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों की व्यवस्था करने की मांग की गई। सभी मामलों पर प्रभारी कुलपति ने जल्द कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। छात्र मोर्चा ने कुलपति आवास से संबंधित विषय में कहा की आवास खाली नहीं होने के कारण प्रभारी कुलपति हजारीबाग में समय नहीं दे पा रहे हैं। इससे छात्रों को काफी परेशानी हो रही हैं। छात्रों को कुलपति के हस्ताक्षर के बिना समय पर डिग्री भी उपलब्ध नहीं हो पा रही। इस पूरे मामले में राजभवन को संज्ञान लेने की जरूरत है।

### बरही में आधे से अधिक नलकूप और जलमीनार हुए बेकार

## पेयजल के लिए मचा है हाहाकार, लोग परेशान



**नवीन मेल संवाददाता**

बरही। प्रखंड के लगभग पंचायतों में पानी के स्त्रोत सुख चुके है या जलस्तर नीचे चला गया है। जिससे लोगो के समक्ष जलसंकट गहराता जा रहा है। बरही पश्चिमी पंचायत के युवा समाजसेवी अमित सोनी ने बताया कि उनके पंचायत के वार्ड तीन के पांचों हैंड पंप खराब है। इसकी जानकारी बीडीओ को भी दी गई है। बीडीओ ने तत्काल इसकी सूचना पीएचडी के जेई को देते हुए शीघ्र चालू करवाने का निर्देश दिया है । जेई बिमल किशोर ने भी आदेश का पालन करते हुए खराब हैंडपंप की मरम्मती हेतु मिस्त्री को निर्देश दिया । दो दिन बाद मिस्त्री भी खाना पूर्ति करते हुए सभी हैंडपंप को ड्राई होने की जानकारी विभाग को दे दिया। जबकि दूसरे मिस्त्री ने इसी वार्ड के शिव मंदिर के पास के हैंडपंप का सिर्फ हेड बदलकर हैंडपंप चालू करने की बात कही है। इसकी सूचना पुनः जेई को दिया गया परंतु जेई ने आज तक स्पॉट निरीक्षण तक नही किया है। वार्ड सदस्य सिंकी देवी ने बताया कि शिकायत के बाबजूद भी जेई ने स्पॉट का निरीक्षण तक नही किया है। यही स्थिति कमोबेश सभी हैंडपंप की है। वही पेयजल मामले में प्रखंड के कोनरा पंचायत की भी स्थिति भी कुछ ऐसी

### सूचना के बाबजूद, अब तक नहीं पहुंचे जेई, पानी के लिए बेहाल : वार्ड सदस्य



ही बताया जा रहा है । कई हैंडपंप ड्राई हो चुके है तो कई खराब है । पंचायत में बने जलनीनार की भीं स्थिति बदतर है। समाजसेवी मो इजहार के अनुसार टैंकर की मदद से कई मोहल्लों में पानी उपलब्ध करवाए जा रहे हैं । हालांकि टैंकर से जलापूर्ति को मुखिया यासमीन तबस्सुम ने बेतुका बताया है ।उन्होंने बताया कि जानकारी मिलते ही सभी हैंडपंप बनवाए जा रहे है। यही स्थिति कोल्हूआकला, पूर्वी, बसरिया आदि पंचायतों की भी है. जल मीनार पर है व्यक्तिगत कब्जा : कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉ निजामुद्दीन अंसारी ने बताया कि दो वर्ष पूर्व पंचायत भवन के पीछे पीएचडी से डीप बोरिंग के साथ जलमीनार बनाया गया था।

#### बीडीओ ने बताया

मामले के संदर्भ में बीडीओ सी आर इंदीवर ने बताया कि जानकारी नही थी। अब मामला संज्ञान में आया है। प्राथमिकता के आधार पर शुक्रवार से काम प्रारंभ करवाया जायेगा। सूचना मिलते ही हर संभव प्रखंड में पेयजल संकट दूर करने का प्रयास किए जा रहे है।

### जैन सुधि सम्मेलन में उमड़े श्रद्धालु

**हजारीबाग।** हजारीबाग में जैन सुधि सम्मेलनका आयोजन किया गया. जिसमे मुनि श्री 108 निर्वेग सागर जी महाराज ने कहा कि जीवन को ऐसे जीएं, जैसे प्रत्येक दिन जीवन का अंतिम दिन है। अपना जीवन देव शास्त्र गुरु और मानवता की सेवा में लगाएं, तभी सच्चे अर्थों में जीवन की वास्तविकता कायम रहेगी। सुधि सम्मेलन को मुनि शीतल सागर जी महाराज और एलक निजानंद सागर जी ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में हमेशा दूसरों के प्रति परोपकार की भावना प्रत्येक व्यक्ति में होनी चाहिए। दिल से राग द्वेष से हमें मुक्ति पाने के लिए सदैव सकारात्मक सोच को अपनाना चाहिए। बुजुर्गों को संबोधित करते हुए मुनिश्री ने कहा कि उन्हें घर परिवार में संतुलन बना कर चलना चाहिए। साथ ही आपसी सामंजस्य के साथ पूरे परिवार को एकजुट बनाकर रखना चाहिए। इसके लिए उन्हें उम्र के बढ़ते कदम के साथ-साथ सांसारिक मोहमाया का त्याग करना पड़ेगा. शाम में आरती में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी।

**दौरा** हजारीबाग पहुंचे फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन, बोले

## हजारीबाग समेत पूरे झारखंड की संस्कृति आकर्षक व सुंदर है

**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** हजारीबाग समेत पूरे झारखंड की संस्कृति और लोक कला काफी आकर्षक व सुंदर है। यहां की सड़क और वादियां लोगों को आकर्षित करती है। भारत और फ्रांस का राजनयिक संबंध काफी पुराना है। फ्रांस न्यूक्लियर एनर्जी के तहत भारत में नया न्यूक्लियर प्लांट लगाना चाहता है, जिसमें कार्बन डाइऑक्साइड का कम उत्सर्जन हो। साथ ही इकोसिस्टम पर विशेष रूप से ध्यान देने की जरूरत है। उक्त बातें हजारीबाग में फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन ने कही. फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन जी-20 की बैठक में हिस्सा लेने के लिए भारत के दौरे पर हैं। इसी क्रम में रांची होते हुए वह हजारीबाग पहुंचे। यहां सांसद जयंत सिन्हा ने डेमोटांड़ स्थित अपने आवास में उनका स्वागत किया. इस दौरान हजारीबाग के कई जाने-माने शख्सियत और संत जेवियर्स स्कूल के विद्यार्थी भी उपस्थित हुए। यहां छात्र-छात्राओं के साथ फ्रांस के राजदूत ने संवाद स्थापित किया। कई सवाल-जवाब किए. हजारीबाग के सांसद जयंत सिन्हा ने कहा कि पूरा कार्यक्रम दो भाग में बंटा है। पहला जिले के परंपरागत 5000 साल पुराने सोहराय कला के बारे में जानकारी देना और दूसरा छात्र-छात्राओं से संवाद स्थापित करना। फ्रांस के राजदूत ने हजारीबाग में जयंत



सिन्हा के आवास के कार्यक्रम में हिस्सा लिया। उसके बाद डेमोटांड़ स्थित सिद्धिदात्री आहार फूड फैक्टरी पहुंचे। वहां महिलाओं को आलू की चिप्स बनाते देखा और हजारीबाग में चल रहे इस पूरे सिस्टम की जानकारी ली। फिर उनका कार्यक्रम हजारीबाग के बड़कागांव में हुआ। वहां उन्होंने एनटीपीसी कोल माइनिंग और कंपनी के किए जा रहे कामों के बारे में जानकारी प्राप्त की। फ्रांस के राजदूत इमैनुएल लेनैन ने जवाब दिया कि विश्वास सबसे महत्वपूर्ण होता है। हमेशा दोनों एक-दूसरे के लिए खड़े हुए हैं। कोविड के दौरान वैक्सीन की मदद भी मिली है। ऐसे में हम लोगों के संबंध काफी अच्छे हैं. फ्रांस अधिक से अधिक व्यापार भारत के साथ करना चाहता है। कुछ समस्याएं आती हैं। आने वाले समय में उन समस्याओं को दूर करके बेहतर परिणाम सामने आएंगे। फ्रांस और भारत एक साथ मिलकर काम करने को लेकर करार हुआ था। उस बिंदु पर भी काम किया जा रहा है। आने वाले दिनों में कई क्षेत्रों में फ्रांस और भारत एक साथ काम करेगा। इसका लाभ देश को मिलेगा। भारत एक बड़ी अर्थव्यवस्था का केंद्र बिंदु बना है।

### रसोईया धमना टॉल प्लाजा के कर्मियों का मामला पहुंचा श्रमाधीक्षक के पास

## 'एक सप्ताह के अंदर समाधान करें'

**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** रसोईया धमना टॉल प्लाजा कर्मचारी संघ कर्मी का नौ सूत्री अब श्रमाधीक्षक के पास पहुंच चुका है । श्रमाधिक्षक ने दोनों पक्षों को सुना । साथ ही टॉल प्लाजा प्रबंधक को कर्मियों के विभिन्न मांगों को अपने वरीय पधाधिकारी से बात कर एक सप्ताह के अंदर समाधान करने का निर्देश दिया । बैठक में टॉल प्लाजा कर्मचारी संघ के अध्यक्ष, सचिव के अलावे करीब 50 लोग शामिल थे । वही टॉल प्लाजा की ओर से प्रबंधक सहित तीन लोग थे। टॉल कर्मियों ने अपने लिखित पत्र में वेतन ने 10 फीसदी की वृद्धि, बोनस भत्ता, ईपीएफ, पीएफ सहित कई मांगों को लेकर कई बार टोल प्लाजा



अधिकारी को देते आ रहे हैं । परंतु प्रबंधन के नजरंदाज को देखते हुए कर्मचारियों ने श्रम अधीक्षक को लिखित जानकारी दी। मामले को लेकर टॉल प्रबंधक ने भारतीय मजदूर संघ के जिलाध्यक्ष नवीन सिन्हा एवं जिला मंत्री नीरज सिंह की उपस्थिति में श्रमधीक्षक को लिखित रूप से मामले को जल्द निष्पादन करने का आश्वासन दिया।

# गैरमजरूआ जमीन की राजस्व रसीद निर्गत करने की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**झुमरी तिलैया।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस सचिव सह नागरिक सुरक्षा संघर्ष समिति कोडरमा के महासचिव मनोज सहाय पिंकू ने बुधवार को झारखंड सरकार के कृषि पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री बादल पत्रलेख से रांची स्थित उनके आवासीय कार्यालय पर मुलाकात कर राज्य में विशेषकर कोडरमा जिला में सभी गैरमजरूआ जमीन की राजस्व रशीद निर्गत करने हेतु संबंधित उपायुक्त को आदेश पारित करने का मांग किया है। ज्ञात हो के झारखंड के लोकप्रिय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आदेश पारित कर वैसे सभी जमीन जिसका विक्रय पत्र, पट्टा या हुक्मनामा 1946 के पूर्व निर्गत हो चुका है एवं रजिस्टर टू में गैरमजरूआ भूमि के रूप में दर्ज है उसकी रसीद जारी करने की बात कही है। ऐसे जमीन की रसीद जारी करने की प्रक्रिया को सरल करते हुए जो अभिलेख अनुमोदन हेतु पूर्व में भूमि सुधार उप समाहर्ता और अनुमंडल पदाधिकारी के पास भेजा जाता था अब अंचल अधिकारी अपने स्तर से अभिलेखों की जांच कर स्थल का भौतिक सत्यापन कर रसीद जारी कर सकेंगे। जिन रैयतों के पास पूर्व में जारी मैनुअल लगान रसीद है उस रशीद के आधार पर भी ऑनलाइन रसीद जारी करने की व्यवस्था होगी। इस हेतु झारखंड सरकार के तात्कालिक राजस्व निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव के के सोन ने संबंधित संकल्प जारी कर राज्य के सभी डीसी को कार्यवाही हेतु प्रेषित किया है। ज्ञात हो कि पूर्व की सरकार ने गैरमजरूआ जमीन का लगान रसीद काटना बंद कर दिया था जिसके कारण गैरमजरूआ जमीन को भू माफियाओं द्वारा कर्मचारियों की मिलीभगत से रैयती में तब्दील कर खरीद बिक्री एवं सरकारी राजस्व की क्षति पहुंचाई जा रही थी। सहाय ने माननीय कृषि मंत्री से मांग किया कि माननीय मुख्यमंत्री द्वारा जनहित में सभी गैरमजरूआ जमीन की लगान रसीद जारी करने हेतु आदेश जिला के उपायुक्त को प्रेषित किया जाए ताकि अंचल अधिकारी स्तर पर जांच उपरांत ऐसे रैयतों को राहत प्रदान किया जा सके। साथ ही बिना नक्शा पास कराए निर्माण किए गए मकानों का भी नियमितीकरण नगर प्रशासक के अस्तर पर सुनिश्चित किया जाए। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता अशोक वर्मा भी उपस्थित रहे।

# भाजपा का वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मेलन

नवीन मेल संवाददाता

**कोलेबिरा।** भारतीय जनता पार्टी कोलेबिरा विधानसभा स्तरीय विधानसभा वरिष्ठ कार्यकर्ता बैठक शिशुविद्या मंदिर लचड़ागढ़ के सभागार में मंडल अध्यक्ष अशोक इंदवार अध्यक्षता में सम्पन्न हुई । बैठक की शुरूआत डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं दिनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर वन्दे मातरम के साथ कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गय कार्यक्रम के प्रभारी डा महेन्द्र भगत ने स्वागत भाषण देते हुए विषय का प्रवेश कराते हुए महा जन सम्पर्क अभियान कर पार्टी के सिध्दांतों बताकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के किए गए कल्याणकारी योजनाओं को विस्तार से बताया । बैठक में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ता रामबिलास बड़ाईक ने भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के किए गए सेवा, सुशासन और कोरोना काल में मोदी जी जो बुद्धिमानी का कार्य किए और देश के सभी गरीब जनता के लिए कल्याणकारी योजनाओं लाए उसे विस्तार से बताया । बैठक में उपस्थित पूर्व जिलाध्यक्ष संजय ठाकुर ने भी कहा आदरणीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के 9 वर्ष के कार्यकाल में जिस प्रकार सेवा सुशासन और कल्याणकारी कार्य किए उसे विस्तार से बताया और धारा 370/35अ हटाने से लेकर अयोध्या में भव्य राममंदिर निर्माण, उज्जैन महाकाल मंदिर में भव्य कोरी डोर का निर्माण को सांस्कृतिक विरासत का नया युग बताया।




## मनरेगा आयुक्त बी राजेश्वरी पहुंची सिमडेगा

# सरकार के कल्याणकारी योजनाओं का किया निरीक्षण

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** मनरेगा आयुक्त ग्रामीण विकास विभाग झारखंड रांची के वी. राजेश्वरी का सिमडेगा जिला में आवागमन हुआ।सिमडेगा जिला आगमन के दौरान सर्वप्रथम मनरेगा आयुक्त ने कोलेबिरा प्रखंड में नावाटोली पंचायत के भंवर पहार में निर्मित अमृत सरोवर योजना के तहत निर्मित तालाब का आयुक्त के द्वारा निरिक्षण किया गया एवं उपस्थित पदाधिकारी एवं जनप्रतिनिधि को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। वहीं कोलेबिरा पंचायत में निर्मित बलराम मांझी का प्रधानमंत्री आवास का निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए। तदनोपारान्त आयुक्त महोदया ने नावाटोली पंचायत मे सरकार के महत्वकांक्षी योजना मनरेगा अन्तर्गत बिरसा हरित बागवानी का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक दिशा -निर्देश दिए।सिमडेगा परिसदन पहुंचने के बाद मनरेगा आयुक्त ने बाल संप्रेक्षण गृह, सहयोग विलेज बालिका गृह एवं टुकूपानी गांव में बनें अमृत सरोवर योजना अंतर्गत तलाब निमार्ण कार्य की भौतिक निरीक्षण कर कार्य का जायजा लिया।मनरेगा आयुक्त ने बाल संप्रेक्षण गृह पहुंच बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को मिलने वाले मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। साथ ही उन्होंने बच्चों से उनके केस की स्थिति के बारे में जाना। उन्होंने बच्चों से कहा कि यहां पर रह कर अपने जीवन में कुछ सीखें और यहां से जाने के बाद एक बेहतर जीवन की शुरूआत करें। बच्चों से पढ़ाई से संबंधित आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने बच्चों को मैट्रिक बोर्ड परीक्षा देने हेतु तैयारी करने की बात कहीं। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि यहां जो एक्टिविटी सिखाया जा रहा इसको एक मौका की तरह ले और यहां से जाने के बाद अच्छे कार्य करके अपना भविष्य को बेहतर बनाएं। मनरेगा आयुक्त ने कहा कि आपको यहां किसी भी प्रकार की कोई चीजों की आवश्यक है तो बताएं हम लोग उसको मिलकर पूर्ण करेंगे। उन्होंने रसोई का भी निरीक्षण कर जायजा लिया। मनरेगा आयुक्त ने सहयोग विलेज बालिका गृह पहुंचकर वहां के बच्चों से मिले। जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी से बच्चों के बारे में जानकारी ली। मनरेगा आयुक्त ने बच्चों से मिलकर वहां पर मिलने वाले मूलभूत सुविधाओं के बारे में जानकारी लिए। उन्होंने सभी बच्चों को मिलकर रहने की बात कहीं। बच्चों से उनकी स्कूली शिक्षा के बारे में भी जाना। उन्होंने वहां पर बच्चों को मिलने वाले पोषक आहार के बारे जाना एवं रसोई में जाकर निरीक्षण की। उन्होंने बच्चों को सप्ताह में दो से तीन दिन हरा साग सब्जी भी मुहैया कराने की बात कहीं। साथ ही बच्चों के सीखने हेतु संगीत एवं कंप्यूटर क्लास व अन्य एक्टिविटी सिखाने के बात कहीं।मनरेगा आयुक्त ने टुकू पानी गांव में अमृत सरोवर योजना के तहत निर्माण तलाब का स्थलीय निरीक्षण कर कार्य का जायजा लिया। उन्होंने तालाब के लंबाई चौड़ाई एवं गहराई के बारे में जानकारी ली। तालाब में भरे पानी को देख लाभुक से खाली खेतों पर अधिक मात्रा में खेती करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने तालाब किनारे बगवानी लगाने का निर्देश दिए। उन्होंने वहां पर उपस्थित ग्रामीणों से मुलाकात कर सरकार के विभिन्न महत्वपूर्ण योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। इसके अलावा उन्होंने अन्य महत्वपूर्ण बात कहीं।मौके पर उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा, उप विकास आयुक्त अरुण वाल्टर सांगा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी राजेंद्र प्रसाद सिंह, प्रखंड विकास पदाधिकारी अजय कुमार रजक, प्रखंड विकास पदाधिकारी ठेठईटांगर, जिला बाल संप्रेक्षण पदाधिकारी सुमित्रा बड़ाईक, ग्रामीण विकास विभाग के कर्मी व अन्य उपस्थित थे।





## रोस प्रतिमा सोरेंग को हैदराबाद में किया गया सम्मानित

**सिमडेगा।** जिला परिषद अध्यक्षा रोस प्रतिमा सोरेंग को हैदराबाद में प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षकों के द्वारा सम्मानित किया गया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग ने कहा कि सिमडेगा जिला परिषद के सर्वांगीण विकास के लिए अभी हम झारखंड की पूरी टीम के साथ हैदराबाद में प्रशिक्षण ले रहे हैं। यह प्रशिक्षण शिविर 05 जून 2023 से 09 जून 2023 तक रहेगा। इस शिविर में हम उनलोगों से प्रशिक्षण एवं अनुभव ग्रहण कर रहे हैं, जिन्होंने अपनी कड़ी मेहनत के बलबूते अपने क्षेत्र को विकास के मामले में पूरे भारतवर्ष में एक विशिष्ट पहचान दिलाई है। हमें उनकी यह संघर्ष-गाथा अपने क्षेत्र में विकास की एक नई लकीर खींचने की काम आएगी। प्रशिक्षण के दौरान उनके द्वारा हमें सम्मानित भी किया गया, जो कि हमारे लिए वो एक सुखद क्षण था। आगे उन्होंने अपने इस सम्मान को सिमड़ेगा का सम्मान बताते हुए इस सम्मान का सारा श्रेय पूरे सिमडेगा वासियों के प्यार व आशीर्वाद को दिया। झारखंड सरकार के पंचायती राज के निदेशक द्वारा झारखंड के सभी जिला परिषद अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष को क्षेत्र के सर्वांगीण विकास करने के मद्देनजर प्रशिक्षण के लिए हैदराबाद भेजा गया था।

# 15 से 28 जून तक चलेगा कुष्ठ रोग खोज अभियान




नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कुष्ठ रोग अभियान 2023 को लेकर गुरुवार को को सिविल सर्जन सिमडेगा के सभागार में सिविल सर्जन की अध्यक्षता में जिला समन्वय समिति की बैठक की गई। बैठक में सिविल सर्जन डॉ नवल कुमार ने बताया कि 15 से 28 जून तक जिला में कुष्ठ रोग खोज अभियान चलाया जाएगा। उसमें सर्च टीम द्वारा घर-घर जाकर सभी सदस्यों की जांच की जाएगी। उनमें पुरुष सदस्यों की जांच पुरुष कार्यकर्ता व महिला सदस्यों की जांच महिला कार्यकर्ता करेंगे। बैठक में डीएलओ डॉ पीपी साह ने बताया कि कुष्ठ रोग धीरे-धीरे फैलने वाली बीमारी है जिसमें मरीज को दिव्यांगता जैसे बीमारी हो सकती है। उन्होंने ने बताया कि टीम की ओर से चलाए जाने वाले सर्च अभियान के दौरान परिवार के सभी सदस्यों शारीरिक जांच जरूरी है। बैठक में सिविल सर्जन ने कहा अभियान का सतत निगरानी एवं सुपर विजन आवश्यक है एवं कुष्ठ रोग संभावितों की 100% स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाए। कुष्ठ रोग अभियान को लेकर आयोजित जिला समन्वय समिति की बैठक में जीप उपाध्यक्ष सोनी पैंकरा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

## सड़क हादसे में एक की मौत, एक घायल

**कुरडेग।** थाना क्षेत्र के बनगाँव के समीप सड़क दुर्धटना में स्कुटी सवार की मौत हो गई वहीं चालक की स्थिति गंभीर हो गयी।मृतक की पहचान नितेश किंडो उम्र लगभग 18 वर्ष पिता पितरूस किंडो टैंसर बाजार टोली थाना केरसई एवं घायल की पहचान अनमोल लकड़ा उम्र लगभग 18 वर्ष पिता अन्थोनी लकड़ा ग्राम टैंसर बाजार टोली के रूप में हुई ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार स्कुटी चालक अनमोल लकड़ा अपने साथी नितेश किंडो के साथ बनगाँव बाजार आया था बाजार से शाम में वापस अपने घर जाने के क्रम में अनियंत्रीत होकर माइल स्टोन में जोरदार टक्कर मार दी जिससे स्कुटी में बैठे नितेश किंडो के माथे पर गंभीर चोट लगी अत्यधिक रक्तश्राव होने से घटना स्थल पर ही नितेश किंडो की मौत हो गई ।ग्रामीणों ने घटना की सुचना कुरडेग थाना को देते हुए घायल अनमोल लकड़ा को कुरडेग प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र लायें जहाँ चिकित्सा पदा डॉ दीलीप कुमार बेहरा ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये सिमडेगा सदर अस्पताल भेज दिये।

# कमीशन खोरी की भेंट चढ़ गई सामुदायिक शौचालय और शुद्ध पेयजल यूनिट

नवीन मेल संवाददाता

**जलडेगा।** केंद्र और राज्य सरकार एक तरफ हर घर में शौचालय की सुविधा देने का दावा कर रही है, लेकिन जलडेगा प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में बने सामुदायिक शौचालय में जड़ा ताला उनके दावे पर सवाल खड़ा कर रहा है। स्वच्छ भारत मिशन के तहत जलडेगा ब्लाक में 2 लाख 46 हजार 500 रुपए का सामुदायिक शौचालय और 2 लाख 49 हजार रुपए का शुद्ध पेयजल यूनिट का निर्माण किया गया है। इसका मकसद था कि शौचालय और प्याऊ बनेंगे तो प्रतिदिन प्रखंड और अंचल कार्य के लिए आने दूर दराज के ग्रामीण इनका उपयोग कर सकेंगे। इसके लिए भारी भरकम धनराशि खर्च कर शौचालय और शुद्ध पेयजल यूनिट का निर्माण कराया गया है। शौचालय में महिला व पुरुष के लिए अलग-अलग व्यवस्था की गई थी। लेकिन, जिम्मेदारों की उपेक्षा से शौचालय का उपयोग सार्थक नहीं हो रहा। सामुदायिक शौचालय में ताले शोभा बढ़ा रहे हैं। जब से शौचालय बना है उसमे एक दिन भी जरूरतमंद को जाने का मौका नहीं मिला। ग्रामीणों को पेयजल की दिक्कत न हो इसके लिए पंचायत समिति के फंड से 15 वें वित्त आयोग की राशि खर्च कर 2 लाख 49 हजार रुपए का शुद्ध पेयजल यूनिट निर्माण कराया गया है।








## सिमडेगा उपायुक्त ने मैट्रिक एवं इंटर में टॉप करने वाले बच्चों को किया सम्मानित

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा आर. रॉनीटा द्वारा समाहरणालय के सभागार में माध्यमिक परीक्षा 2023 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा कला, वाणिज्य एवं विज्ञान 2023 परीक्षा में सिमडेगा जिले मे टॉप करने वाले प्रथम पांच विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। छात्रों के सवालों का जवाब देते हुए उन्होंने बताया कि सफलता के लिए तीन चीजें आवश्यक है कठिन परिश्रम, लक्ष्य का निर्धारण एवं सतत प्रयास। उन्होंने छात्रों को जिला पुस्तकालय के सदुपयोग एवं करियर काउंसलिंग के लिए अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी से सहयोग लेने की बात भी कही।इस बीच उन्होंने छात्रों के तमाम सवालों का जवाब दिया और उनके अभिभावकों को भी शुभकामनाएं दी।इस सम्मान समारोह में जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी एवं शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी के साथ साथ सभी सम्मान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों, उनके विद्यालय के शिक्षक एवं अभिभावक भी उपस्थित थे।

## हाथियों ने मचाया उत्पात, दो घरों को किया ध्वस्त



**बानो।** बानो प्रखण्ड के साउबेडा पंचायत में बीती रात जंगली हाथियों ने जमकर उत्पात मचाते हुए दो घरों को तोड़फोड़ किया घर वालों ने किसी तरह दूसरे घर भाग कर अपनी जान बचाई। मिली जानकारी के अनुसार प्रखण्ड के साउबेडा पंचायत के ग्राम हुरपी पहान टोली में जोलेन भेंगरा व सगेन भेंगरा के घरों को तोड़ते हुए घर मे आनाज को खाया तथा नस्ट कर दिया । घर मे रखे दूसरे सामानों को भी नस्ट कर दिया ।उसके बाद हाथी ग्राम हटिंगहोडे पहुंचा।यहां पर सुगढ़ हेमरोम के घर को तोड़ते हुए घर के रखे सामानों को नस्ट कर दिया ।जानकारी मिलने पर साउबेडा मुखिया सुसाना जड़िया ने गांव जाकर हाथी पीड़ित परिवार से मिला व छति का जायजा लेते हुए वन विभाग से जल्द मुवावजा दिलाने का पहल करने की बात कही ।जानकारी मिलने पर प्रभारी वनपाल विवेक कुमार वर्मा ने गांव जाकर छति का मुवायना कर हाथी पीड़ित परिवार को निर्देश दिया कि आवेदन जल्द वन विभाग बानो को दे ताकि समय पर मुवावजा की राशि मिल सके।

## आरोपी को अदालत ने सुनाई उम्र कैद की सजा

**सिमडेगा।** सिमडेगा पीडीजे राज कमल मिश्र की अदालत ने गुरुवार को अपनी गर्भवती पत्नी एवं 4 वर्षीय बच्चे की निर्मम हत्या करने के मामले में आरोपी मनकरण भोक्ता को आजीवन कारावास एवं ?10000 का जुमार्ना सुनाई ।जुमार्ना की राशि नहीं भरने पर छह माह अतिरिक्त सजा के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में बानो थाना कांड संख्या 47/18 धारा 302 के तहत मामला दर्ज किया गया था। घटना के संबंध में बताया गया कि मृतिका बसंती देवी एवं 4 वर्षीय बच्ची मनीषा 20 जून को पिता के मृत्यु के बाद मेहमान घर चले गए थे। इसी दौरान धारदार हथियार से मारकर उन दोनों की हत्या कर दी गई थी ।पुलिस द्वारा आरोपी पति को गिरफ्तार किया था और जेल भेज दिया था ।और उसी के निशानदेही पर हत्या में प्रयोग किया गया कुल्हाड़ी बरामद किया था। अनुसंधान के क्रम में एवं वैज्ञानिक तरीके से संगठन करते हुए कुल 10 गवाहों की गवाही कराई गई एवं दस्तावेजों की प्रस्तुति की गई जिसके बाद पीडीजे राज कमल मिश्र की अदालत ने मनकरण भोक्ता को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं ?10000 की जुमार्ना की राशि सजा सुनाई। इधर तमाम साक्ष्य एवं दलीलें प्रभारी लोक अभियोजक अमित कुमार श्रीवास्तव के द्वारा पेश की गई।

**कार्यक्रम** | सिमडेगा ईदगाह में इसलाहे मुआशरा कांफ्रेंस का आयोजन, बोले मौलाना अबु तालिब रहमानी

# गरीबों की मदद करें, सभी धर्मों के लोगों के अंदर मोहब्बत पैदा करें

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** शहर के ईदगाह परिसर में सेंट्रल अंजुमन इसलामिया के तत्वावधान में इसलाहे मुआशरा कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य मौलाना अबु तालिब रहमानी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में मौलाना शरीफ काशमी उपस्थित थे।कार्यक्रम का आगाज तेलावते कलाम पाक से किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को संबोधित करते मौलाना अबु तालिब रहमानी ने कहा कि सभी कौम के साथ अखलाके रसूल का नमूना पेश करें. अपने साथ अपनी पड़ोसी की खबर रखें। सब के साथ अखलाक अचछे रखो।गैरों की भी फिक्र करो। यदि व बीमार है तो उसकी अयादत को जाओ. गरीबों व असहायों की मदद करें।दूसरों के अंदर मुहब्बत पैदा करो चाहे वह किसी भी धर्म का हो।उन्होंने कहा कि जो भी काम करें दिल से करें।सिर्फ दिखावा अल्लाह को पसंद नहीं है।जो काम करें अल्लह को राजी करने की नियत से करें. मोलाना रहमानी ने कहा कि आज के नौजवान गलत रास्ता अख्तियार कर रहे हैं. नशाखोरी आम हो रही है।इससे बचें तभी कौम में तरक्की आयेगी. कौम के अंदर सुधार लाने की जरूरत है. बच्चों में दीनदारी लायें. बेटियों की तालीम पर विशेष ध्यान दें।रसूल की तालीम को अपायें तभी महफूज रहेंगे।उन्होंने हज पर चर्चा करते हुए कहा कि हज के दौरान हरमैन व शरिफैन का एहतराम करें तभी हज कबूल होगी।इस मौके पर मौलाना शरीफ काशमी ने भी अपने विचार व्यक्त किये. कार्यक्रम का संचालन मौलाना एहसान इशाती ने किया. कार्य्रक्रम में मुख्य रूप से मौलाना मिन्हाज रहमानी, मुफ्ती इस्राफिल, मौलाना साकिब, मौलाना मुख्तार, मौलाना नेसार, कारी तौफिक, मौलाना तौकीर, मौलाना असीफुल्लाह, हाफिज मकबूल, मौलाना सेराज के अलावा काफी संख्या में लोग उपस्थित थे. कार्यक्रम के दौरान सेंट्रल अंजुमन के पदधारियों की पगड़ीपोशी भी की गयी. कार्यक्रम को सफल बनाने में मुख्य रूप से अंजुमन के सदर मो गयास, सचिव मोजाहिद अंसारी, हाजी जावेद, इफ्तेखार लल्लू, अय्यूब अंसारी, जफर खान, तनवीर खान, मो जाहिद, इफ्तेखार,नौशाद अंसारी, मो रिजवान, मो परवेज, साजिद अहमद, नईम अंसारी आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभायी।



# शनि देव मंदिर का छठा स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया, भंडारे में उमड़ी भीड़

**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**



अनुमंडल मुख्यालय के बगल में स्थित अहिपुरवा बाकी नदी के किनारे अवस्थित शनिदेव मंदिर में बुधवार को मंदिर का छठवां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया गया। शनि देव मंदिर की स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर प्रांगण में कमेटी की ओर से साफ सफाई कर मंदिर परिसर को रंगीन रोशन फूल मालाओं से सजाया गया। प्रातः कालीन शुभ मुहूर्त में शनि भगवान की आदमकत प्रतिमा को पंचतत्व से स्नानादि करवा कर अभिषेक किया गया। बाद में मुख्य प्रतिमा का श्रंगार कर विधिवत पूजा अर्चना किया गया। इस दौरान मंदिर शिखर पर ध्वजा चढ़ाई गई। इसके बाद मंदिर पुजारी भोला उपाध्याय एवं नंदकिशोर दास महंत जी के वैदिक मंत्रोचार के बीच मुख्य यजमान मोहन तिवारी द्वारा शनि भगवान की मंगला आरती उतार कर प्रसादी का भोग लगाया गया। स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे दिन श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहा। श्रद्धालुओं ने शनि भगवान के समक्ष तेल सिंदूर नारियल मेवा का प्रसाद चढ़कर शनि भगवान के चरणों में शीश झुका कर मन्नते मांगी। स्थापना दिवस के अवसर पर मंदिर प्रांगण में 12 घंटे का अखंड जाप किया गया। वहीं रात्रि में भव्य भंडारा का भी आयोजन किया गया था। अखंड कीर्तन कार्यक्रम का शुभारंभ मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू ने दीप प्रज्वलित विधिवत शुभारंभ किया। मंदिर कमेटी के अध्यक्ष विक्रांत सिंह उर्फ सोनू ने बताया कि शनि मंदिर का छठा स्थापना दिवस मनाया गया। भंडारे का आयोजन किया गया था जिसमें सैकड़ो श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया। उन्होंने कार्यक्रम के सफल आयोजन पर कमेटी के सभी सदस्यों को सहृदय धन्यवाद दिया है। गुलाब पासवान, अशोक चंद्रवंशी, प्रदीप रवि, सुदामा द्विवेदी, खखनू पासवान, ब्रजेश उपाध्याय, रवि रंजन त्रिपाठी, डॉ मुनेश्वर तिवारी, उदय नारायण सिंह, अशोक तिवारी, सुभाष पासवान, योगेंद्र तिवारी, मिथिलेश तिवारी, संतोष तिवारी, देवेंद्र कुशवाहा, विनय सिंह आदि मौजूद थे।

## खरौंधी-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर हुई दुर्घटना

# बस-ट्रक की सीधी टक्कर, आधा दर्जन से अधिक यात्री हुए चोटिल

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी (गढ़वा)**

खरौंधी-भवनाथपुर मुख्य मार्ग पर रोहिनिया गांव के समीप तीखे मोड़ पर गुरुवार की सुबह शिवोत्तम नामक बस और एक एलपी ट्रक के बीच हुई आमने-सामने की टक्कर में आधा दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से चोटिल हो गए। गनीमत रही कि इतनी भीषण दुर्घटना के बाद भी कोई हताहत नहीं हुआ। घायलों में भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव निवासी बिनोद राम और उसके पुत्र उत्पल कुमार, यस कुमार, करिवाडीह के हुसरु निवासी रामनाथ उरांव को इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भवनाथपुर में भर्ती कराया गया है। शेष घायलो का खरौंधी के निजी अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि यात्रियों से खचाखच भरी शिवोत्तम नामक यात्री बस गुरुवार सुबह उत्तर प्रदेश से मेदिनीनगर जा रही थी, जबकि श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के कुशदड गांव से लिप्टस का बोटा लदा हुआ एलपी ट्रक खरौंधी की ओर जा रहा था। तभी मुख्य पथ स्थित रोहिनिया गांव के समीप तीखे मोड़ पर बस और ट्रक की सीधी टक्कर हो गई। इस टक्कर में बस सवार आधा दर्जन से अधिक यात्री घायल हो गए। उधर घटना की सूचना मिलते ही भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर सभी घायल यात्रियों को इलाज के लिए भवनाथपुर सीएचसी अस्पताल भेजवाया। बस और ट्रक के बीच हुई टक्कर से जाम हुए मुख्य पथ से वाहनों को हटवा कर आवागमन चालू कराया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को जब्त कर थाना लाया गया।



### टेंपो-बाइक की टक्कर में पति-पत्नी घायल

**गढ़वा।** रेहला मार्ग पर बेलचांपा गांव के पास टेंपो व टीवीएस मोटरसाइकिल की टक्कर में पति-पत्नी घायल हो गये। घायलों में पलामू जिले के रामगढ़ थाना क्षेत्र के खैराही गांव निवासी अशोक विश्वकर्मा एवं उसकी पत्नी आरती देवी के नाम शामिल हैं। दोनों को सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। अशोक विश्वकर्मा ने बताया कि गुरुवार को अपने ससुराल से पत्नी को लेकर घर जा रहे थे। इसी दौरान बेलचांपा के पास एक टेंपो ने उसकी टीवीएस मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। लोगों ने दोनों को एक निजी क्लिनिक में प्राथमिक उपचार के लिए भर्ती कराया, जहां उन्हें गढ़वा पर अस्पताल भेज दिया गया।

# रमना प्रखंड प्रमुख ने पीडीएस दुकानों का किया निरीक्षण

## राशन वितरण में गड़बड़ी की शिकायत मिल रही थी

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

प्रखंड में जनवितरण प्रणाली दुकानदारों के द्वारा लाभुकों के बीच खाद्यान्य वितरण में लगातार हो रही अनियमितता की सूचना लाभूकों के द्वारा प्रखंड प्रमुख करुणा सोनी को लगातार मिल रही थी। इसकी जांच एवं सत्यापन के लिए प्रमुख ने शुक्रवार को टंडवा पंचायत के सुर्यदेव राम तथा सुखमानी देवी की पीडीएस दुकानों का निरिक्षण किया। जिस वक्त जांच करने के लिए करुणा सोनी सुखमानी देवी की दुकान पर पहुंची उस वक्त दुकान बंद पाई गई, जबकि दर्जनों लाभुक राशन लेने के लिए दुकान पर पहुंचे हुए थे। लाभुकों के बीच वितरण किए जाने वाले राशन के वजन में कटौती करने, नियमित वितरण नहीं करने तथा सरकार के द्वारा दिए गए कंप्यूटराइज तौल काटा से राशन नहीं देने सिर्फ अंगूठा लगाने की शिकायत भी लाभुकों ने करुणा सोनी से की।



करुणा सोनी के बुलावे पर पहुंचे पीड़िएस दुकानदार सुखमानी देवी के पति जयप्रकाश सिंह ने दुकान को खोला, तत्पश्चात स्टाक, वितरण और उठाव पंजी के संधारण भी नियमाकूल नहीं होने से नाराज प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि लाभूकों का राशन हर माह वितरण सुनिश्चित करें। वहीं सुर्यदेव राम की दुकान में मौके पर राशन का स्टॉक नहीं पाया गया। स्टाक नहीं रहने के बारे में पूछे जाने पर सुर्यदेव राम ने कहा कि घर में शादी-विवाह का कार्य चल रहा था जिसके कारण वितरण नहीं कर सके हैं। दोनों दुकानों पर खाद्यान्य का उठाव-वितरण की जानकारी के साथ-साथ लाभुकों के नाम की सूची बोर्ड पर अंकित नहीं रहने पर नाराजगी जाहिर करते हुए सुधार लाने की चेतावनी भी दी है। इस संबंध में प्रमुख करुणा सोनी ने कहा कि पीडीएस दुकानदारों द्वारा राशन वितरण किए जाने में घोर अनियमिता बरते जाने की शिकायत उपभोक्ताओं से मिल रही है। इसमें सुधार को लेकर लगातार पीडीएस दुकानों की जांच समय- समय पर की जाएगी तथा अनियमितता पाए जाने पर इसकी शिकायत उच्च स्तरीय पदाधिकारियों को की जाएगी।

## 44 लाख की बड़ी राशि से निर्माण हो रहे घटिया पार्क की जांच हो : रूचिर



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** शहर के नगर निगम स्थित भीष्म नारायण इंटर कॉलेज के पास 44 लाख की लागत से बन गए पार्क का निरीक्षण भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी एवं जिला सचिव मृत्युंजय कुमार तिवारी ने किया, जिसमें पार्क में घोर अनियमितता पायी। साथ ही उन्होंने अगल-बगल के अन्य लोगों से भी बात की और ये पाया कि बिल्कुल घटिया सामग्री से पार्क का निर्माण कार्य करवाया जा रहा है। अभी ही सीमेंट से काम हुआ दीवाल फटने लगा। वहीं पार्क में जो लोहे से भी घेरावा किया गया है, वह बिल्कुल ही घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है अभी भी निर्माण कार्य जारी है लेकिन पार्क का उद्घाटन भी हो गया ऐसे में निगम के पदाधिकारियों से, नगर आयुक्त से उन्होने प्रश्न पूछा है कि इतनी घटिया सामग्री का निर्माण क्यों हुआ। ऐसा प्रतीत होता है कि शहर में अभी तक जो भी पार्क का निर्माण हुआ उसने शहर के मेयर और डिप्टी मेयर को मोटी कमीशन मिला है।

# केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में मन के मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जेल में बंद कैदी को अधिकार है कि वह अपने बचाव के लिए कानूनी सलाह लेने के लिए अपने वकील से मुलकात कर सकता है। उक्त बातें लीगल एड डिफेन्स काउंसिल के डिप्टी चीफ सन्तोष कुमार पांडेय ने कही। वे गुरुवार को केंद्रीय कारा मेदिनीनगर में मन के मिलन पखवाड़ा के तहत जागरूकता शिविर में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि जेल प्रशासन कैदियों को वकीलों से मुलाकात करने से नहीं रोक सकता है । जेल में बंद कोई कैदी बीमार पड़ता है तो उसे बेहतर इलाज पाने का अधिकार है। जेल के सक्षम अधिकारी की जिम्मेदारी है कि तुरंत जेल में बने अस्पताल में कैदी का इलाज कराए और बीमारी गंभीर होने पर उसे किसी बड़े अस्पताल में ले जाए । उन्होंने कहा जेल में रहते हुए भी कोई कैदी काम करता है तो वह न्यूनतम मजदूरी पाने का हकदार है। उन्होंने कहा कि भले ही कैदी जेल में बंद है पर उससे गुलामी नहीं करायी जा सकती है। जैसे ही पुलिस किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करती है व रिमांड के लिए मजिस्ट्रेट के पास लाती है। डालसा के माध्यम से रिमांड अधिवक्ता विधिक सहायता प्रदान करने के लिए उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने कहा कि हमें ऐसे बंदियों को चिन्हित करना होगा जिनके मुकदमे में हो रही पैरवी के संबंध में कोई जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि 29 मई से 14 जून तक मन का मिलन पखवाड़े का आयोजन किया गया है। जेल में बंद कैदी भी अपने मामले का निस्तारण सुलह समझौते के आधार पर करा सकते हैं। इस मौके पर एल ए डी सी के असिस्टेंट उत्तम कुमार ने कहा कि कोई भी बन्दी अब अधिवक्ता के अभाव में न्याय से बंचित नही रहेंगे।इसके लिए वैसे लोगो को चिन्हित किया जा रहा है जो किसी कारणवश अधिवक्ता नही रख सके हैं। एल ए डी सी के असिस्टेंट वीर विक्रम वकस राय ने कहा कि न्याय से कोई वंचित नही रहेगा। निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराना डालसा का मुख्य उदेश्य है। इस मौके पर कारा कर्मी के अलावे दर्जनों कैदी उपस्थित थे।




### यौन शोषण का आरोपी पुलिस के गिरफ्त में

**मेदिनीनगर।** पलामू पुलिस ने शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। युवक ने पहले एक लड़की के साथ प्रेम संबंध स्थापित किया, प्रेम संबंध स्थापित करने के बाद लड़की को शादी का झांसा देकर उसके साथ एक वर्ष तक यौन शोषण करता रहा। इसी दौरान युवक ने एक और लड़की से प्रेम संबंध स्थापित कर लिया और उससे भी शादी करने का वादा किया। इस बात का पता पहली प्रेमिका को लग गई, उसने युवक से शादी करने को कहा, लेकिन युवक ने इनकार कर दिया। इसके बाद पीड़िता मामले की शिकायत लेकर पुलिस के पास गई। जिसके बाद पुलिस ने मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक के खिलाफ दुष्कर्म समेत कई गंभीर धाराओं में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है और उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। यह घटना पलामू प्रमंडलीय मुख्यालय मेदिनीनगर की है। दरअसल,मेदिनीनगर की रहने वाली एक लड़की ने लातेहार के महुआडांड़ के रहने वाले सुनील कुजूर नाम के युवक पर शादी के नाम पर यौन शोषण करने का आरोप लगाया है। सुनील से उसके संबंध पिछले सात वर्ष से थे, लेकिन पिछले एक वर्ष से शादी का झांसा देकर वह उसका यौन शोषण किए जा रहा था। इसी दौरान सुनील की एक और लड़की के साथ दोस्ती हो गई और वह उसे को धोखा देने लगा। इस बात की जानकारी उसे हुई, उसने सुनील से शादी करने को कहा, लेकिन सुनील ने शादी से इनकार कर दिया। जिसके बाद पीड़िता ने मेदिनीनगर टाउन थाना की पुलिस को आवेदन दिया, जिसके बाद युवक को गिरफतार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। आरोपी फिलहाल मेदिनीनगर टाउन थाना क्षेत्र के रेड़मा के इलाके में रहता है।

## आयोजन — डीसी की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता व संख्याज्ञान की कार्यशाला

# 'लक्ष्य के अनुरूप बच्चों में दक्षता विकास हो'

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला मुख्यालय स्थित राजकीय संपोषित प्लस 2 उच्च विद्यालय में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान (एफएलएन) की एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का उद्देश्य बच्चों में मूलभूत भाषा गणित की दक्षता विकास हेतु शिक्षकों को एफएलएन कार्यक्रम की बुनियादी आवश्यकताओं पर व उसके क्रियान्वयन हेतु विकसित अधिगम सामग्री पर प्रशिक्षित करना है। कार्यशाला की शुरुआत उपायुक्त द्वारा द्वीप प्रज्वलन कर किया गया। उसके बाद कार्यशाला के बारे में जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश मिश्रा ने बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा निपुण भारत के साथ बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान (एफएलएन) राष्ट्रीय स्तर पर क्रियान्वित किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों को निपुण करने हेतु भारत व राज्य सरकारों द्वारा कार्यक्रम का आयोजन सतत रूप से किया जा रहा है। इसी कड़ी में झारखंड सरकार द्वारा अपने प्रदेश के शिक्षकों को उक्त कार्यक्रम हेतु प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया है। वहीं उपायुक्त श्री इमरान ने शिक्षा की महत्ता बताते हुए कहा कि बुनियादी साक्षरता एवं संख्याज्ञान बच्चों की विकास प्रक्रिया के महत्वपूर्ण आधार है और इसके क्रियान्वयन में शिक्षकों के साथ अभिभावकों का भी बहुत योगदान होता है। उन्होंने कहा कि विश्वस्तर पर शिक्षा पद्वति के उथान के लिए काफी प्रेरणादायक काम किये जा रहे हैं। ऐसे में हमें अपनी बुनियादी व्यवस्था को और ज्यादा परिपूर्ण बनाने की जरूरत है। कार्यशाला में मौजूद शिक्षकों को सम्बोधित करते हुए कहा कि कार्यशाला में निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप कार्य करते हुए बच्चों में बुनियादी साक्षरता और संख्याज्ञान को सुदृढ़ किया जाए। कार्यशाला में जिला शिक्षा पदाधिकारी के साथ जिला शिक्षा अधीक्षक अभिषेक बड़ाईक समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।




### डीसी ने की विभिन्न योजनाओं की समीक्षा

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) सहित पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा क्रियान्वित योजनाओं की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें उपायुक्त ने क्रमवार जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत अभियान (ग्रामीण) की प्रगति पर बिंदूवार समीक्षा कर संबंधितों को कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। बैठक में जल जीवन मिशन एवं स्वच्छ भारत मिशन फेज टू अंतर्गत क्रियान्वित योजनाओं की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने निर्देश दिया कि सभी कार्यों को ससमय पूर्ण करें तथा चापाकल मरम्मती हेतु मरम्मत वाहन चलाया जाये। आंगनबाड़ी में खराब पड़े चापानलों की सम्पूर्ण सूची प्राप्त कर तत्परता से उनको सुचारू करने का निर्देश दिया।

# मुखिया ने निजी खर्च से लगवाया चापाकल



**नवीन मेल संवाददाता। कुंदा(चतरा)**

चिलचिलाती गर्मी में कुंदा प्रखंड के नवादा पंचायत अंतर्गत खुटवलिया व बाचकुम में ग्रामीणों के समक्ष पेयजल समस्या को देखते हुए नवादा पंचायत मुखिया भरत यादव ने अपने निजी खर्च से दोनों स्थानों पर चापाकल लगवाया है। मुखिया ने बताया कि पेयजल समस्या को लेकर विभाग को लगातार सूचित किया जा रहा है, लेकिन विभाग के द्वारा भीषण गर्मी में भी कोई ठोस पहल नहीं की गई। ग्रामीणों के बीच पेयजल समस्या को दूर करने के लिए अंततः विवश होकर निजी खर्च से दोनों स्थानों पर चापाकल लगाया गया है। इसके लिए ग्रामीण अखलेश गंझू, संतोष गंझू, महेंद्र गंझू, उगन गंझू, विनोद गंझू,जुगेश गंझू,लोकनाथ गंझू, सुरेश गंझू, जीतन गंझू, शिवदयाल गंझू आदि ने मुखिया के प्रति आभार जताया।

**'जीवन मिलना यह हमारे भाग्य की बात है लेकिन मृत्यु होना समय की बात है लेकिन जो मृत्यु के बाद भी लोगों के दिलों में जीवित रहे यह कर्मो की बात है।'**
**– गौतम बुद्ध**

# भारत-अमेरिका करार

***भारत*** और अमरीका के बीच लड़ाकू विमान के इंजन का सह-उत्पादन करने की सहमति हुई है। ऐसे इंजन न केवल भारत में बनाए जा सकेंगे, बल्कि अमरीका 100 फीसदी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण भी करेगा। दोनों देश प्रधानमंत्री मोदी के अमरीका-प्रवास के दौरान औपचारिक करार पर दस्तखत करेंगे। दुनिया में सिर्फ चार देश-अमरीका, ब्रिटेन, फ्रांस और रूस-ही अपने लड़ाकू विमानों के लिए इंजन का उत्पादन करने में सक्षम हैं। चीन ने रूस की ही तकनीक को पलट कर इंजन बनाने की कोशिश की है। भारत-अमरीका करार और इंजन जीई-एफ 414 का उत्पादन शुरू होने के बाद हम भी इस जमात में शामिल हो जाएंगे। यकीनन इससे भारत की वायुसेना और उसकी सामरिक शक्ति मजबूत होगी। सिर्फ इसी उदाहरण से समझा जा सकता है कि भारत और अमरीका कितने रणनीतिक साझेदार हैं और सैन्य स्तर पर भी आपसी सहयोग से शक्ति का विस्तार किया जा सकता है। इस करार से यह भी समझ लेना चाहिए कि अमरीका ने भारत के प्रधानमंत्री को आमंत्रण क्यों दिया है? और राजकीय रात्रि-भोज का आयोजन भी क्यों किया जा रहा है? बेशक अमरीकी जमीन से ऐसे आरोप भी लगते रहे हैं कि भारत में अल्पसंख्यक, खासकर मुसलमान, खतरे या संकट में हैं। उनके मानवाधिकार पर प्रहार किए जाते रहे हैं। इसी आशय का सवाल 'व्हाइट हाउस' की प्रेस कॉन्फ्रेंस में, एक । पत्रकार ने, पूछा था, तो अमरीकी प्रवक्ता एवं राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद में समन्वयक जॉन किर्बी ने बेहद सटीक जवाब दिया-'भारत में जीवंत लोकतंत्र है। आप दिल्ली जाइए और खुद ही देख-महसूस कर लीजिए।' उन्होंने स्पष्ट टिप्पणी की कि भारत अमरीका का सबसे भरोसेमंद, रणनीतिक साझेदार है। वह 'क्वाड' में भी अमरीका का साथी है।

**लड़ाकू विमान के इंजन न केवल भारत में बनेंगे, बल्कि अमरीका 100 फीसदी प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण भी करेगा। दोनों देश प्रधानमंत्री मोदी के अमरीका-प्रवास के दौरान औपचारिक करार पर दस्तखत करेंगे।**

यह संगठन हिन्द-प्रशांत महासागर क्षेत्र की रणनीति और सक्रियता पर निगाह रखता है, ताकि चीन की दादागीरी पर अंकुश रखा जा सके। लड़ाकू विमान के इंजन-उत्पादन का करार भी इसीलिए हो रहा है, क्योंकि भारत एक जीवंत लोकतंत्र है। ह्यतेजसह्न भारत का स्वदेशी हल्का लड़ाकू विमान है, लेकिन उसका स्वदेशी इंजन तकनीकी जरूरतों पर उतना सफल नहीं रहा है, जितनी अपेक्षा की जाती रही है। ह्यतेजस मार्क-1ह्न लड़ाकू विमानों में अमरीकी इंजन ही इस्तेमाल किया जा रहा है, लेकिन भारत फिलहाल इसे खरीद रहा है। प्रौद्योगिकी का हस्तांतरण अभी नहीं हो पा रहा है। करार और उत्पादन शुरू होने के बाद ह्यतेजसह्न के लिए ये इंजन सस्ते पड़ेंगे और तुरंत उपलब्ध होंगे। भारत के लोकतंत्र पर स्पष्टीकरण देने की हम जरूरत नहीं समझते, क्योंकि भारत सबसे प्राचीन और लोकतांत्रिक सभ्यता और संस्कृति वाला राष्ट्र है। भारत 'लोकतंत्र की मां' है, यह शेष विश्व भी मानता है, लिहाजा जापान, ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, जर्मनी, ब्रिटेन सरीखे बड़े देशों के लिए भी भारत सबसे महत्त्वपूर्ण ह्यरणनीतिक मित्रह्न है। अमरीकी इंजन व प्रौद्योगिकी का करार भारत को सैन्य और औद्योगिक स्तर पर भी आत्मनिर्भर बना सकता है। बदलते भू-राजनीतिक परिदृश्य में भारत पिछड़ा देश नहीं रह सकता। कमोबेश चीन जैसे पड़ोसी देश की हरकतों और मंसूबों के मद्देनजर भारत की सेना को आधुनिकतम किया जाना जरूरी है। उसके लिए ऐसे इंजन का उत्पादन सहायक साबित हो सकता है। दरअसल भारत के लोकतंत्र को जो कोसते हैं और खत्म मानते हैं, कमोबेश वे लोकतंत्र के जरिए ही सियासत व सत्ता में मौजूद हैं। लोकतंत्र किसी प्रधानमंत्री या पार्टी तक ही सीमित नहीं है। यदि अमरीका हमसे करार कर रहा है या हमें 'रणनीतिक दोस्त' बनाए रखना चाहता है, तो यह भारत राष्ट्र की ताकत है। देश चीन की तुलना में भारत को पसंद कर रहे हैं, तो साफ मायने हैं कि भारत में हर स्तर पर लोकतंत्र है।

# बदला हुआ भारत: मोदी सरकार के यादगार नौ वर्ष

***यह*** हमारे लिए इस बात को महसूस करने का समय है कि एक देश के तौर पर हम इतने महान हैं कि खुद को छोटे सपनों तक सीमित नहीं कर सकते। हम वैसे नहीं हैं, जैसा कि कुछ लोग हमें मानते हैं। एक अपरिहार्य पतन के लिए अभिशप्त। मैं उस भाग्य में कतई विश्वास नहीं करता जिसका फल हम पर पड़ेगा ही, चाहे हम जो कुछ भी करें। मेरा भरोसा एक ऐसे भाग्य में है जिसका फल हम पर पड़ेगा, अगर हम कुछ भी नही करेंगे। इसलिए, अपने नियंत्रण में उपलब्ध सभी रचनात्मक ऊर्जा को बटोरते हुए, आइए हम सब राष्ट्रीय नवीनीकरण के युग की शुरूआत करें। आइए हम अपने दृढ़ संकल्प, अपने साहस और अपनी ताकत को नए सिरे से सहेजें और आइए हम अपने विश्वास और अपनी आशा को नए सिरे से मजबूत करें। हमें बहादुरी भरे सपने देखने का पूरा अधिकारहै। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के उपरोक्त उद्धरण से यह बात प्रतिध्वनित होती है कि कैसे यह भारत के लिए बड़े सपने देखने का समय है। नौ वर्ष पहले जब नरेन्द्र मोदी ने प्रधानमंत्री का पद संभाला था, तब भारत की धीमी आर्थिक विकास, उच्च बेरोजगारी और उच्च राजकोषीय घाटे की स्थिति 1980 के दशक के संयुक्त राज्य अमेरिका जैसी ही थी। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में, सरकार ने ऐसे कई परिवर्तनकारी पहलों को लागू किया, जिन्होंने हमारे महान राष्ट्र को और अधिक ऊंचाइयों पर ले जाते हुए भारतीय समाज के सभी वर्गों के जीवन को प्रभावित किया है।



**स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में बदलाव**

स्वास्थ्य संबंधी देखभाल, फार्मास्यूटिकल एवं बायो फार्मास्यूटिकल उद्योग से जुड़े एक व्यक्ति और खुद एक उद्यमी के तौरपर, मेरा यह मानना है कि इस प्रशासन की कई विशेष खूबियो में से एक बेहतर और अधिक सुदृढ राष्ट्रीय स्वास्थ्य सेवा प्रणाली के निर्माण के प्रति इसकी वचनबद्धता है। जब 2020 में पूरी दुनिया कोविड-19 महामारी से निपटने के लिए जूझ रही थी, तो भारत निर्णायक नेतृत्व, दूरदर्शी योजना और आरोग्य सेतु एवं कोविन ऐप जैसे नवाचारों के जरिए इस घातक वायरस से प्रभावी तरीके से निपटने में सक्षम था। इसके परिणामस्वरूप, भारत न केवल अपनी 90 प्रतिशत से अधिक आबादी को 200 मिलियन से अधिक टीके लगाने में सफल रहा, बल्कि इसने 'वैक्सीनमैत्री' पहल के हिस्से के रूप में टीके भेजकर कई अन्य देशों की भी मदद की। पिछले नौ वर्षों में, मोदी सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं के लिए एक डिजिटल प्लेटफॉर्म बनाया है जिसका उद्देश्य सभी को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करना है। 'ई-संजीवनी' नाम की सरकार की रचनात्मक टेलीमेडिसिन सेवा लोगो को अपना घर छोड़े बिना प्रमुख शहरों में मौजूद विशेषज्ञ डॉक्टरों तक पहुंचन में मदद करतीहै। यह बुजुर्गों और अपर्याप्त चिकित्सा सुविधाओं वाले दूरदराज के क्षेत्रों में रहने वाले लोगों के लिए एक बड़ी मदद है। यह टेली मेडिसिन सेवा दिहाड़ी मजदूरों के लिए अपनी मजदूरी खोने के डर के बिना चिकित्सीय परामर्श लेना संभव बनाती है। अब तक 120 मिलियन से अधिक रोगियो ने ई-संजीवनी के जरिए दूरदराज के इलाकों में रहते हुए गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया है। जन औषधि परियोजना के तहत, सरकार समर्पित दुकानों के जरिए आम लोगो को उच्चगुणवत्ता वाली जेनेरिक दवाएं सस्ती कीमत पर उपलब्ध करा रहीहै। इन जेनेरिक दवाओ की गुणवत्ता और प्रभावकारिता महंगी ब्रांडेड दवाओं

**ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार, स्टार्ट-अप की संख्या 2014 से पहले लगभग 350 थी जो 2023 में बढ़कर 90,000 से अधिक हो गई है, जिसमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न शामिल हैं।**

**इन दिनों**

के बराबर है। भारत ने वित्तीय वर्ष 2023 के दौरान 160 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक मूल्य की जेनेरिक दवाएं बेची है। आयुष्मान भारत योजना 1,54,000 से अधिक स्वास्थ्य एवं कल्याण केन्द्रों के अपने नेटवर्क के जरिए एक स्वस्थ एवं उत्पादक नया भारत बनाने साथ-साथ समाज के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को बीमा को वर प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। इस मेगा स्वास्थ्य बीमा योजना से भारत के लगभग 220 मिलियन नागरिकला भान्वित हुए हैं।

**उद्यमिता को बढ़ावा :** एक महिला व्यवसायी के तौर पर एक और बड़ा बदलाव जो मैंने देखा है, वह पिछले नौ वर्षों में देश में उद्यमिता संबंधी परिदृश्य का विकास है। आज बहुत सारे ऊर्जावान युवा हमारी रोजमरा की समस्याओं के नए-नए समाधा न ढूंढ रहे हैं। यह सब केवल 'मेक इन इंडिया' और 'स्टार्ट-अपइंडिया' जैसी उच्च-लक्षित सरकारी पहलों के कारण ही संभव हो पाया है। भारत के एक व्यवसाय-समर्थक राष्ट्र बनने में राजनीतिक नेतृत्व ने एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ताजा सरकारी आंकड़ों के अनुसार, स्टार्ट-अप की संख्या 2014 से पहले लगभग 350 थी जो 2023 में बढ़कर 90,000 से अधिक हो गई है, जिसमें 100 से अधिक यूनिकॉर्न शामिल हैं। प्रधानमंत्री को खुद देश के युवाओं, उनके विचारों और उनकी उपलब्धियों की सराहना करते हुए देखना बेहद सुखद है, जो ऐसे कई अन्य लोगों के लिए प्रेरणा का एक बड़ा स्त्रोत रहा है जो समाज में बदलाव लाना चाहते हैं लेकिन इसमें निहित जोखिमों से डरते हैं। वास्तव में, देश के कानूनों और विनियमों में व्यवसायों के अनुकूल किए गए बदलावों से सड़क, हवाई संपर्क 'आदि जैसे



किरण मज़ूमदार-शॉ

बुनियादी ढांचे में सुधारह ुआहै और इससेभारतीय उद्योग जगत को काफी मदद मिली है। आज, कई बहुराष्ट्रीय निगम भारत को मैन्यूफैक्चरिंग के एक पसंदी दागंतव्य के रूप में देख रह हैं। पिछल नौ वर्षों में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) और निर्यात दोनों में जबरदस्त वृद्धि हुई है। एफडीआई हासिल करने वाले दुनिया के शीर्ष 10 देशों में भारत को स्थान दिया गया है और देश ने वित्तीय वर्ष 2022 के दौरान 84.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर का अब तक का सबसे अधिक एफडी आईप्रवाह प्राप्त किया है।

**सामाजिक सुधारों को बढ़ावा :** मेरे हिसाब से एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि महिला सशक्तिकरण में निहित है। 'बेटी बचाओ बेटी पढाओ 'कार्यक्रम ने बेटियों के प्रति भारतीय समाज की धारणा को पूरी तरह से बदल दिया है। आज बेटियों के जन्म पर उत्सव मनाया जा रहा है और खेल, विज्ञान, मनोरंजन, रक्षा या विमानन, हर क्षेत्र में महिलाएं भारत का नाम रोशन कर रही हैं। मेरा मानना है कि यह न केवल इस सरकार के लिए, बल्कि प्रत्येक भारतीय महिला के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। लघु एवं सूक्ष्म उद्यमों के लिए दि एजा ने वाले मुद्रा ऋणपरियोजना की मदद से 408 मिलियन से अधिकमहिलाएं आत्मनिर्भर बन गई हैं। उज्ज्वला योजना ने समाज के सबसे वंचित वर्गों की 96 मिलियन महिलाओं कोरियायती दरों पर एलपीजी (तरली कृत पेट्रोलियमगैस) प्राप्त करने में मददकी है। यह योजना खाना पकाने केअस्वच्छईं धन के कारण पैदा होने वाले घरेलू वायुप्रदूषण से होने वाली श्वसन संबंधी गंभीर बीमारी से लाखों लोगों को बचार ही है।

**बोधि वृक्ष**

## *आईये सुने बृहस्पति देव की कथा*

तब एक दिन राजा ने रानी से बोला कि हे रानी, तुम यहीं रहो, मैं दूसरे देश को जाता हूँ, क्योंकि यहाँ पर सभी लोग मुझे जानते हैं। इसलिए मैं कोई छोटा कार्य नहीं कर सकता। ऐसा कहकर राजा परदेश चला गया। वहाँ वह जंगल से लकड़ी काटकर लाता और शहर में बेचता। इस तरह वह अपना जीवन व्यतीत करने लगा। इधर, राजा के परदेश जाते ही रानी और दासी दुःखी रहने लगी। एक बार जब रानी और दासी को सात दिन तक बिना भोजन के रहना पड़ा, तो रानी ने अपनी दासी से कहाः हे दासी! पास ही के नगर में मेरी बहिन रहती है। वह बड़ी धनवान है। तू उसके पास जा और कुछ ले आ, ताकि थोड़ी-बहुत गुजर-बसर हो जाए। दासी रानी की बहिन के पास गई। उस दिन गुरुवार था और रानी की बहिन उस समय बृहस्पतिवार व्रत की कथा सुन रही थी। दासी ने रानी की बहिन को अपनी रानी का संदेश दिया, लेकिन रानी की बड़ी बहिन ने कोई उत्तर नहीं दिया। जब दासी को रानी की बहिन से कोई उत्तर नहीं मिला तो वह बहुत दुःखी हुई और उसे क्रोध भी आया। दासी ने वापस आकर रानी को सारी बात बता दी। सुनकर रानी ने अपने भाग्य को कोसा। उधर, रानी की बहिन ने सोचा कि मेरी बहिन की दासी आई थी, परंतु मैं उससे नहीं बोली, इससे वह बहुत दुःखी हुई होगी। कथा सुनकर और पूजन समाप्त करके वह अपनी बहिन के घर आई और कहने लगीः हे बहिन! मैं बृहस्पतिवार का व्रत कर रही थी। तुम्हारी दासी मेरे घर आई थी परंतु जब तक कथा होती है, तब तक न तो उठते हैं और न ही बोलते हैं, इसलिए मैं नहीं बोली। कहो दासी क्यों गई थी? **रानी बोलीः** बहिन, तुमसे क्या छिपाऊं, हमारे घर में खाने तक को अनाज नहीं था। ऐसा कहते-कहते रानी की आंखें भर आई। उसने दासी समेत पिछले सात दिनों से भूखे रहने तक की बात अपनी बहिन को विस्तार पूर्वक सुना दी।

*(क्रमशः)*

# बिरसा मुंडा : समाज हित के लिए समर्पित जीवन

***भारतीय*** संस्कृति को आत्मसात करने वाले कई महानायकों का पूरा जीवन एक ऐसी प्रेरणा देता है, जो देश और समाज को राष्ट्रीयता का बोध कराता है। कहा जाता है कि जो अपने स्वत्व की चिंता न करते हुए समाज के हित के लिए कार्य करता है, वह नायक निश्चित ही पूजनीय हो जाते हैं। महान क्रांतिकारी बिरसा मुंडा ऐसे ही नायक रहे हैं, जिन्होंने देश और समाज की खातिर अपने प्राणों का उत्सर्ग कर दिया। सामाजिक, विशेषकर जनजातीय समाज के हितों के लिए संघर्ष करने वाले बिरसा मुंडा ने भारत पर राज करने वाली ब्रिटिश सत्ता के विरोध में ऐसा जन आंदोलन खड़ा किया, जिसने जनजातीय समाज को एकत्रित कर जागरूक कर दिया और अंग्रेजों को भारत की भूमि छोड़कर जाना पड़ा। हालांकि इतिहास में ऐसे अनेक देश भक्त साहसी वीर हुए हैं, जिनका वर्णन आज के इतिहास में दिखाई नहीं देता। वीर देश भक्तों के साथ ऐसा क्यों किया गया, इसका कारण यही था कि स्वतंत्रता के बाद भारत के शासकों ने प्रेरणा देने वाले नायकों के साथ पक्षपात करके उनका नाम सामने नहीं आने दिया। इसके पीछे यह भी बड़ा कारण हो सकता है कि अगर ऐसे नायकों को सामने लाते तो स्वाभाविक रूप से समाज उनके बारे में जानने के लिए उत्सुक रहता और इसी उत्सुकता के चलते देश के करोड़ों मनों में राष्ट्रीयता का प्रवाह पैदा होता। लेकिन राजनीतिक द्वेष के चलते लम्बे समय तक राष्ट्रीयता को नीचा दिखाने का प्रयास किया जाता रहा। जिसका परिणाम यह रहा कि भारत का समाज पश्चिम की धारणाओं से प्रभावित हुआ। इसी कारण भारतीय भाव का विलोपन भी होता गया। लेकिन अब इतिहास के पन्ने कुरेदे जा रहे हैं। भारत का असली इतिहास खंगालने के प्रयास भी होने लगे हैं। देश के प्रेरणा देने वाले नायक भी सामने आने लगे हैं। वर्तमान समय में इस बात पर गंभीर चिंतन और मनन करने की आवश्यकता है कि हमारे आदर्श कैसे होना चाहिए। आज की स्थिति देखने से पता चलता है कि हमने अपने जीवन के उत्थान के लिए आदर्श बनाने ही बंद कर दिए हैं। इसलिए व्यक्ति स्वयं को पूर्ण सही मानता है। जबकि जीवन में सीखने की निरंतरता बनी रहनी चाहिए। इसके लिए आदर्श भी बहुत जरूरी है। बिरसा मुंडा का सम्पूर्ण जीवन ऐसा ही आदर्श है, जिससे राष्ट्रीय भाव का प्रस्फुटन होता है। जहां से समाज का नायक बनने का आदर्श दिशाबोध है। बिरसा मुंडा भारतीय समाज के ऐसे आदर्श रहे हैं, जिसे हम सर ऊंचा करके गौरव के साथ याद करते हैं। देश के लिए उनके द्वारा किये गये अप्रतिम योगदान के कारण ही उनका चित्र भारतीय संसद के संग्रहालय में लगी है। ऐसा सम्मान विरले नायकों को ही मिलता है। जनजातीय समाज की बात करें तो इस समाज से यह सम्मान अभी तक केवल बिरसा मुंडा को ही मिल सका है। बिरसा मुंडा का जन्म झारखंड के खूंटी जिले में हुआ था। उनके मन में बचपन से ही राष्ट्र भाव की उमंग दिखाई देती थी। उनके मन में अंग्रेजी सत्ता के प्रति नफरत हो गई थी। इसके पीछे का कारण भारतीय समाज, विशेषकर जनजातीय समाज के प्रति अपनेपन की पराकाष्ठा ही थी। अंग्रेज प्रारंभ से ही भारतीय समाज और उसकी संस्कृति की आलोचना करते थे,



डॉ. वंदना सेन

**भारत का इतिहास खंगालने के प्रयास भी होने लगे हैं। देश के नायक भी सामने आने लगे हैं। वर्तमान समय में इस बात पर गंभीर चिंतन और मनन करने की आवश्यकता है कि हमारे आदर्श कैसे होना चाहिए।**

**महानायक**

यह बात देश से प्रेम करने वाले बिरसा मुंडा को अंदर तक चुभती थी। यही वजह थी कि मिशनरी स्कूल में पढ़ने के बाद भी वे अपने आदिवासी तौर तरीकों की ओर लौट आए, लेकिन इन सबके बीच के उनके जीवन में एक अहम मोड़ आया जब 1894 में आदिवासियों की जमीन और वन संबंधी अधिकारों की मांग को लेकर वे सरदार आंदोलन में शामिल हुए। स्वतंत्रता संग्राम के दौरान भारतभूमि पर ऐसे कई नायक पैदा हुए जिन्होंने इतिहास में अपना नाम स्वर्णाक्षरों से लिखवाया।

**फोटो की दुनिया**



**फेसबुक वॉल से**




# रेल बजट का विलय होने से रेलवे की सेहत पर खास असर नहीं

***भारत*** का रेल तंत्र दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों में से एक है, जिसे आमजन के लिए जीवनदायी माना जाता है। भले ही देश में हवाई मार्ग और सड़क मार्गों का कितना भी विस्तार हो जाए, फिर भी देश की बहुत बड़ी आबादी यातायात के मामले में रेल नेटवर्क पर ही निर्भर है। ओडिशा के बालासोर में 2 जून की शाम को हुए भीषण ट्रेन हादसे में करीब तीन सौ लोग मारे गये हैं और एक हजार से भी ज्यादा घायल हुए हैं। इस हादसे में कोलकाता से चेन्नई जाने वाली कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतर गई थी और इसी बीच यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस वहां आ गई और कोरोमंडल से टकरा कर पलट गई। इस टक्कर के बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस की मालगाड़ी से टक्कर हो गई, जिसमें ट्रेन का इंजन बोगी के ऊपर चढ़ गया। बालासोर के पास बाहानगा बाजार स्टेशन के नजदीक हुए हादसे में पहले कोरोमंडल एक्सप्रेस पटरी से उतरी और यह ट्रेन दूसरी तरफ से आ रही यशवंतपुर-हावड़ा एक्सप्रेस से टकरा गई, जिसके बाद कोरोमंडल एक्सप्रेस के कुछ डिब्बे पटरी से उतरे और उसी दौरान कोरोमंडल एक्सप्रेस एक मालगाड़ी से जा टकराई। यह रेल हादसा कितना भयानक था, इसका अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि रेल की पटरी सीधे ट्रेन के फर्श को चीरते हुए अंदर घुस गई और बोगी के आर-पार हो गई। भारत में आजादी के बाद हुए घातक ट्रेन हादसों में यह हादसा अत्यधिक भीषण हादसा है। इस दर्दनाक हादसे के बाद दुर्घटनास्थल पर किसी का हाथ कटा पड़ा था तो किसी का पैर, किसी का सिर तो किसी का धड़। रेल सुरक्षा आयुक्त (दक्षिण पूर्व सर्किल) ए.एम. चौधरी को इस रेल दुर्घटना की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि प्रारंभिक संकेतों के अनुसार इस दुर्घटना के पीछे मानवीय चूक मानी जा रही है। कहा जा रहा है कि देश में 16 महीने बाद कोई ऐसा रेल हादसा हुआ है, जिसमें लोगों की जान गई है। इससे पहले 14 जनवरी 2022 को पश्चिम बंगाल के जलपाईगुड़ी में दोमोहानी के पास हुए हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी। तब बीकानेर से गुवाहाटी जा रही बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस की 12 बोगियां पटरी से उतर गई थी। हादसे के समय ट्रेन की गति कम थी, अन्यथा रेल तंत्र की लापरवाही के कारण वह दुर्घटना बहुत बड़ी हो सकती थी। इसी साल 2 जनवरी को राजस्थान में पाली के नजदीक बांद्रा-जोधपुर सूर्यनगरी एक्सप्रेस के 13 डिब्बे बेपटरी हो गए थे, उस हादसे में 26 यात्री घायल हुए थे। 22 अप्रैल 2021 को लखनऊ-चण्डीगढ़ एक्सप्रेस ने बरेली-शाहजहांपुर के पास क्रॉसिंग पर कुछ वाहनों को टक्कर मार दी थी, जिसमें पांच लोगों की मौत हुई थी। उससे पहले 3 फरवरी 2019 को जोगबनी से दिल्ली जा रही सीमांचल एक्सप्रेस के 11 डिब्बे पटरी से उतरने से सात से अधिक यात्रियों की मौत हुई थी। ऐसे हादसों में हर बार हताहतों की चीखें खोखले रेल तंत्र की कमियों को उजागर करते हुए समूचे रेल तंत्र को कटघरे में खड़ा करती रही हैं लेकिन उसके बावजूद रेल



योगेश कुमार गोयल

**जलपाईगुड़ी में दोमोहानी के पास हुए हादसे में 9 लोगों की जान चली गई थी। तब बीकानेर से गुवाहाटी जा रही बीकानेर-गुवाहाटी एक्सप्रेस की 12 बोगियां पटरी से उतर गई थी।**

**देश-विदेश**

हादसों पर लगाम नहीं कसी जा रही। बालासोर रेल हादसे से उपजते सवाल समय रहते ही मांग रहे दो टूक जवाब ताकि **थमे ऐसी रेल दुर्घटनाएं :** भारत का रेल तंत्र दुनिया के सबसे बड़े सार्वजनिक उपक्रमों में से एक है, जिसे आमजन के लिए जीवनदायी माना जाता है। भले ही देश में हवाई मार्ग और सड़क मार्गों का कितना भी विस्तार हो जाए, फिर भी देश की बहुत बड़ी आबादी यातायात के मामले में रेल नेटवर्क पर ही निर्भर है।

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com।

## NEWS इन ब्रीफ

### न्यूजीलैंड के लिए टी20 विश्व कप खेल सकते हैं ट्रेंट बोल्ट



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टेड ने गुरुवार को कहा कि तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट सेंट्रल कॉन्ट्रैक्ट नहीं होने के बावजूद इस साल भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 में न्यूजीलैंड के लिए वापसी कर सकते हैं। बोल्ट ने पिछले साल न्यूजीलैंड क्रिकेट अनुबंध से बाहर होने का विकल्प चुना, जिससे वह ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में खेल सके। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने कहा कि उन्हें अन्य खिलाड़ियों की तरह केंद्रीय अनुबंध नहीं पेश किया गया है, लेकिन उन्होंने ब्लैक कैप्स के साथह्यआकस्मिक खेल समझौते' पर हस्ताक्षर किये हैं। स्टेड को उम्मीद है कि भारत में अक्टूबर में शुरू होने वाले विश्व कप में बोल्ट और टिम साउदी साथ मिलकर गेंदबाजी कर सकेंगे।

### लुकमान अली ने जीता कांस्य पदक

**नई दिल्ली।** जामिया मिलिया इस्लामिया के मास्टर ऑफ सोशल वर्क के कार्यक्रम के प्रथम वर्ष के छात्र मो. लुकमान अली ने कुश्ती में खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में कांस्य पदक जीता है। खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में 200 से अधिक विश्वविद्यालयों ने भाग लिया, जो भारत सरकार की खेलो इंडिया पहल का एक हिस्सा है। इसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेलों को बढ़ावा देना और देश भर से युवा प्रतिभाओं की पहचान करना है।

### एडम मिल्ने ने 5 साल बाद न्यूजीलैंड अनुबंध सूची में वापसी की

**ऑकलैंड।** तेज गेंदबाज एडम मिल्ने को पांच साल में पहली बार न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) के केंद्रीय अनुबंध की पेशकश की गई है। सूची में मिल्ने का उत्थान उनके सबसे अधिक उत्पादक अंतरराष्ट्रीय सीजन के कारण हुआ, जिसमें उन्होंने ब्लैक कैप्स (11 टी20 और पांच वनडे) के लिए 16 मैच खेले, जिसमें 24 के औसत से 24 विकेट लिए और इसमें करियर का सर्वश्रेष्ठ 5-26 शामिल है। श्रीलंका के खिलाफ दूसरे टी20 में, एक न्यूजीलैंडर द्वारा तीसरा सर्वश्रेष्ठ टी20 आंकड़ा है। 31 वर्षीय, जिन्होंने 2010 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था, ब्लैक कैप्स के पिछले दो टी20 विश्व कप अभियानों का हिस्सा थे। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने गुरुवार को अपनी वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में कहा कि कोच गैरी स्टेड ने कहा कि केंद्रीय अनुबंध की मिल्ने को पेशकश पूरी तरह से योग्य थी और न्यूजीलैंड के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के लिए उनकी मजबूत और चल रही प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

### महिला जूनियर हॉकी एशिया कप

# भारत सेमीफाइनल में, चीनी ताइपे को 11-0 से हराया

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ने गुरुवार को जापान के काकामीगहारा में चल रहे महिला जूनियर एशिया कप 2023 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। भारतीय टीम ने अपने आखिरी पूल मैच में चीनी ताइपे को 11-0 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इस जीत के साथ ही भारतीय टीम टूर्नामेंट के पूल चरण में अजेय रही। भारत ने पूल ए में तीन मैच जीते और एक ड्रॉ रहा।



भारतीय टीम के लिए वैष्णवी विठ्ठल फाल्के (1'), दीपिका (3'), अन्नू (10', 52'), रुतुजा दादासो पिसल (12'), नीलम (19'), मंजू चौरसिया (33'), सुनलिता टोप्पो (43', 57'), दीपिका सोरेंग (46'), और मुमताज खान (55') ने गोल किये।

भारत ने शुरू से ही अपना दबदबा दिखाया और चीनी ताइपे के खिलाफ लगातार हमले किए। वैष्णवी विठ्ठल फाल्के ने मैच के पहले ही मिनट में मैदानी गोल कर भारत को 1-0 से आगे कर दिया। उसके बाद दीपिका (3') ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदलकर टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। इसके अलावा, अन्नू (10') और रुतुजा दादासो पिसाल (12') ने एक-एक गोल किया, जिससे भारतीय टीम पहले क्वार्टर की समाप्ति पर 4-0 से आगे रही। दूसरे क्वार्टर में भी भारतीय टीम ने अपना दबदबा कायम रखा और नीलम (19') ने गोल कर भारत को 5-0 से आगे कर दिया। मध्यांतर तक भारतीय टीम 5-0 से आगे रही।

तीसरे क्वार्टर में भारत के लिए मंजू चौरसिया (33') और सुनलिता टोप्पो (43') ने फील्ड गोल कर भारत की बढ़त 7-0 कर दी। चौथे क्वार्टर में पिका सोरेंग (46'), अन्नू (52'), मुमताज खान (55'), और सुनलिता टोप्पो (57') ने गोल कर भारत को 11-0 से जीत दिला दी।

## 100 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में सुजाना लकड़ा ने जीता गोल्ड



**रांची।** अंडर-19 स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसजीएफआई) के तत्वावधान में भोपाल में 66वां नेशनल स्कूल गेम्स आयोजित किया जा रहा है। एथेलेटिक्स के 100 मीटर हर्डल्स स्पर्धा में सुजाना लकड़ा ने गोल्ड जीता है। सुजाना खेल निदेशक सरोजनी लकड़ा की पुत्री है। सुजाना ने झारखंड के खाते में गुरुवार को पहला गोल्ड मेडल दिलाया। सुजाना लकड़ा रांची साई से प्रशिक्षण लेती हैं। पदक विजेता बनने पर सुजाना और कोच विनोद सिंह को शिक्षा विभाग, खेल विभाग, झारखंड ओलंपिक संघ के अधिकारियों और खेल प्रेमियों ने बधाई दी।

# एमएलएस टीम इंटर मियामी में शामिल होंगे लियोनल मैसी

**एजेंसी। पेरिस**



अर्जेंटीना के फुटबॉल स्टार लियोनल मैसी ने कहा है कि वह मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी से जुड़ेंगे। मैसी के पूर्व क्लब पेरिस सेंट-जर्मेन ने पिछले हफ्ते घोषणा की कि मैसी अंतिम लीग 1 मैच के बाद जाने के लिए तैयार हैं। अर्जेंटीना के फॉरवर्ड ने पीएसजी में दो सीजन बिताए, जिसके लिए उन्होंने बार्सिलोना छोड़ने के बाद 2021 में एक मुफ्त एजेंट के रूप में हस्ताक्षर किए थे। मैसी, जो जून में 36 वर्ष के हो गए, को पहले बार्सिलोना में वापस आने के एक कदम से जोड़ा गया था, जहां उन्होंने अपने करियर का अधिकांश समय बिताया था। मैसी के हवाले से स्पेनिश समाचार पत्रों डियारियो स्पोर्ट और मुंडो डेपोर्टिवो ने बुधवार को कहा, मैंने निर्णय लिया है कि मैं मियामी जा रहा हूं, मेरे पास 100 प्रतिशत सौदा नहीं है या शायद कुछ करना बाकी है, लेकिन हमने वहां अपना रास्ता जारी रखने का फैसला किया है। इंग्लैंड के पूर्व अंतर्राष्ट्रीय डेविड बेकहम के सह-स्वामित्व वाली और 2018 में स्थापित इंटर मियामी ने भी सोशल मीडिया पर इस खबर की पुष्टि की। सात बार के बैलोन डी'ओर विजेता मैसी ने अपने करियर में पहली बार कतर में दिसंबर 2022 में कप्तान के रूप में अर्जेंटीना के साथ विश्व कप जीता।

# कैस्पर सेमीफाइनल में पसंदीदा हैं, मैं उसे फाइनल में देखता हूं: होल्गर रूण

**एजेंसी। पेरिस**

फ्रेंच ओपन में लगातार दूसरे साल कैस्पर रुड के खिलाफ क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करने के बाद होल्गर रूण को उम्मीद है कि नार्वे का खिलाड़ी सेमीफाइनल में पसंदीदा है और लगातार रौलां गैरो फाइनल में जगह बनाएगा। पिछले साल के क्वार्टरफाइनल प्रदर्शन के रीमैच में, चौथी वरीयता प्राप्त रूड ने रूण के खिलाफ 6-1, 6-2, 3-6, 6-3 से जीत हासिल की और क्ले-कोर्ट मेजर में लगातार दूसरे फाइनल के लिए अपनी दावेदारी जारी रखी। वह शुक्रवार को सेमीफाइनल में अलेक्जेंडर ज्वेरेव से भिड़ेंगे। रूण, जिन्होंने रौलां गैरो में लगातार दो क्वार्टर फाइनल में पहुंचकर अपने दो सर्वश्रेष्ठ प्रमुख प्रदर्शन किए हैं, कर्ट नीलसन के बाद कई बड़े मेजर में उस स्तर तक पहुंचने वाले दूसरे डेनिश व्यक्ति हैं। रूण के हवाले से



रौलां गैरो की वेबसाइट ने कहा, ₹मैं शायद कहूंगा कि कैस्पर सेमीफाइनल के लिए पसंदीदा है, लेकिन फिर ज्वेरेव, अगर आपने मुझसे एक साल पहले पूछा होता तो मैं शायद कहता कि ज्वेरेव पसंदीदा है। यह कहना मुश्किल है। ज्वेरेव अपनी चोट के बाद मजबूत वापसी कर रहा है, लेकिन अभी मुझे लगता है कि मैं कैस्पर को फाइनल में देखता हूं।" इस जीत ने रुड को एटीपी लाइव रैंकिंग में रुण से ऊपर नंबर 5 पर पहुंचा दिया। वह स्टेफानोस सितसिपास से ऊपर जा सकते हैं और अपने तीसरे ग्रैंड स्लैम फाइनल में पहुंचकर वर्ल्ड नंबर 4 के रूप में अपनी स्थिति बनाए रख सकते हैं, लेकिन अपने पहले बड़े खिताब के साथ भी इससे ऊपर नहीं जा सकते। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि मैं कम तेज था। मुझे लगता है कि कैस्पर वास्तव में एक ठोस खिलाड़ी है। उसका स्तर वास्तव में ऊंचा है। मुझे लगता है कि शायद वह करता है, लेकिन आप वास्तव में इसे महसूस नहीं करते हैं। मुझे कुछ खेलना है हर बार मैं उसे हराने के लिए या उसे हराने का मौका पाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ टेनिस खेलता हूं। मैं रोम में ऐसा करने में कामयाब रहा।

# ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी 469 रनों पर सिमटी

### सिराज ने लिए सबसे ज्यादा विकेट

**एजेंसी। लंदन**

ट्रेविस हेड के तेज तर्रार शतक से भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण धारहीन दिखाई दिया जिससे आस्ट्रेलिया ने बुधवार को यहां विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के पहले दिन स्टंप तक तीन विकेट पर 327 रन बनाकर शानदार शुरूआत की। दूसरे दिन की शरुआत के साथ ही स्मिथ (121) ने अपना शतकीय पारी के बाद जबकि ट्रैविस हैड ने 163 रन बनाकर अपना विकेट गंवाया। इन दोनों के शतक की मदद से ऑस्ट्रेलिया ने पहली पारी में 469 रन बनाए। मोहम्मद सिराज ने 4 विकेट लिए। मोहम्मद शमी व शार्दुल ठाकुर को 2-2 तो जडेजा को 1 विकेट मिला।

रविचंद्रन अश्विन को अंतिम एकादश में नहीं चुनने का फैसला फिर भारी पड़ा क्योंकि न तो उमेश



यादव और न ही शार्दुल ठाकुर दमदार दिखे जिससे भारतीय गेंदबाजी आक्रमण दूसरे और तीसरे सत्र में पूरी तरह बेदम दिखा। भारत ने अश्विन की जगह एक अतिरिक्त तेज गेंदबाज को चुना जिससे भी टीम को कोई मदद नहीं मिली क्योंकि हेड (146 रन बनाकर खेल रहे) और स्मिथ (95 रन बनाकर खेल रहे) ने चौथे विकेट लिये 370 गेंद में 251 रन की नाबाद साझेदारी से आस्ट्रेलिया को तीन विकेट पर 73 रन के स्कोर से उबारने में मदद की। मार्नस लाबुशेन (26 रन) का विकेट 25वें ओवर में गिरा था जिसके बाद स्मिथ और हेड ने दोपहर और शाम के सत्र में बल्लेबाजी के मुफीद पिच का फायदा उठाया।

अभी तक 44 चौके और एक छक्का लग चुका है जिससे भारतीय तेज गेंदबाजी आक्रमण का लचर प्रदर्शन साफ दिखता है। हेड का यह विदेशी सरजमीं पर पहला और कुल छठा शतक है। भारतीय गेंदबाजों में मोहम्मद सिराज को दूसरे दिन काफी काम करना होगा। सिराज ने अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया लेकिन उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर की तरह उनमें निरंतरता की कमी दिखी।

मैच के बचे हुए दिनों में अश्विन को अंतिम एकादश से बाहर रखने को लेकर बहस जारी रहेगी। पर पहले दिन गेंद इतनी टर्न नहीं ले रही थी जिससे रविंद्र जडेजा को ज्यादा फायदा नहीं हुआ जिन्होंने 14 ओवर फेंके लेकिन विकेट नहीं झटक सके। हेड ने अपने 36 टेस्ट के करियर में चिर परिचित अंदाज में खेलते हुए भारतीय तेज गेंदबाजों के खिलाफ आक्रामकता बरती जबकि इससे पहले आस्ट्रेलियाई टीम लंच के बाद लाबुशेन के आउट होने से दबाव में आ गयी थी। फुल लेंथ गेंद से उन्हें जरा भी परेशानी नहीं हुई।

# एक और भारतीय क्रिकेटर चढ़ा घोड़ी, तस्वीरें आईं सामने





**एजेंसी। नई दिल्ली**

एक और भारतीय क्रिकेटर घोड़ी चढ़ गए हैं। जी हां...टीम के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने अपनी गर्लफ्रेंड रचना कृष्णा से शादी कर ली है। उनकी शादी व हल्दी रस्म की तस्वीरें भी अब सामने आ चुकी हैं। बता दें कि इससे पहले इसी महीने की शुरूआत में रुतुराज गायकवाड़ ने शादी की थी। वहीं अब कृष्णा की शादी की जो पहली तस्वीर सामने आई है, उसमें वह पत्नी को मंगलसूत्र डालते नजर आ रहे हैं। कृष्णा ट्रेडिशनल अंदाज में दिखाई दिए तो वहीं कृष्णा के चेहरे पर मुस्कान दिखाई दे रही है। इसके अलावा जो दो तस्वीरें सामने आई हैं, उसमें एक में वो अपनी मंगेतर के गले में हाथ डालकर बैठे हुए हैं तो दूसरी तस्वीर में वो अपनी मंगेतर के साथ विपरीत दिशा में बैठे हैं और दोनों ही हल्दी से रंगे हुए।

### शिखर धवन के मामले में दिल्ली की अदालत ने कहा

# बच्चे पर अकेले मां का अधिकार नहीं

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली की एक अदालत ने कहा कि अकेले मां का बच्चे पर विशेष अधिकार नहीं होता है और क्रिकेटर शिखर धवन से अलग हो चुकी पत्नी आयशा मुखर्जी को आदेश दिया है कि वह अपने नौ साल के बेटे को एक पारिवारिक मिलन के लिए भारत लाएं। दोनों ने तलाक और बच्चे की कस्टडी को लेकर भारत और ऑस्ट्रेलिया दोनों जगहों पर कानूनी कार्यवाही शुरू कर दी है। पटियाला हाउस कोर्ट के जस्टिस हरीश कुमार ने बच्चे को भारत लाने पर आपत्ति जताने के लिए मुखर्जी को फटकार लगाई। फैमिली कोर्ट को बताया गया कि धवन के परिवार ने अगस्त 2020 से बच्चे को नहीं देखा है।



पारिवारिक मिलन पहले 17 जून के लिए निर्धारित किया गया था, लेकिन बच्चे के स्कूल की छुट्टी को देखते हुए इसे 1 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दिया गया। हालांकि, मुखर्जी ने फिर से आपत्ति जताते हुए दावा किया कि यह आयोजन असफल होगा क्योंकि नई तारीख के बारे में कई विस्तारित परिवार के सदस्यों से सलाह नहीं ली गई थी। न्यायाधीश ने कहा कि भले ही धवन ने अपने विस्तारित परिवार से परामर्श नहीं किया, इसके गंभीर परिणाम नहीं होंगे। न्यायाधीश ने स्वीकार किया कि बच्चा अगस्त 2020 से भारत नहीं आया है और धवन के माता-पिता तथा परिवार के अन्य सदस्यों को बच्चे से मिलने का अवसर नहीं मिला है। इसलिए जज ने बच्चे के अपने दादा-दादी से मिलने की धवन की इच्छा को वाजिब माना। न्यायाधीश ने बच्चे को भारत में धवन के घर और रिश्तेदारों से परिचित न होने देने के मुखर्जी के तर्कों पर सवाल उठाया। बच्चे के स्कूल की छुट्टी और इस तथ्य को ध्यान में रखते हुए कि बच्चा धवन के साथ सहज है, न्यायाधीश ने बच्चे को भारत में कुछ दिन बिताने के उनके अनुरोध को यथार्थवादी पाया।

# ज्योति ने जीता रजत, अमलान ने फिनलैंड में जीता कांस्य पदक

**एजेंसी। ज्वास्कीला (फिनलैंड)**

भारतीय एथलीटों ने चीन में इस साल होने वाले एशियाई खेलों से पहले यूरोपीय स्पधाओं में चमकना जारी रखा, यहां ज्योति याराजी ने ज्वास्क्यला मोटोनेट जीपी 2023 एथलेटिक्स मीट में रजत और अमलान बोगोर्हेन ने कांस्य पदक जीता। ज्योति ने महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ स्पर्धा में रजत पदक जीता जबकि बोगोर्हेन ने बुधवार शाम पुरुषों की 100 दौड़ में कांस्य पदक जीता। 23 वर्षीय ज्योति ने फिनलैंड में अपने पोडियम फिनिश के लिए विश्व एथलेटिक्स कॉन्टिनेंटल टूर पर आठ-महिला फाइनल रेस में 12.95 सेकंड का समय दर्ज किया।



वह इससे पहले अपनी हीट में 12.96 सेकेंड के समय के साथ दूसरे स्थान पर रही थी। फिनलैंड की रीटा हर्स्के ने 12.80 सेकेंड के समय के साथ भारतीय एथलीट से आगे रहकर स्वर्ण पदक जीता जबकि एक अन्य फिन नूरालोट्टा नेजिरी ने 13.17 सेकेंड के साथ कांस्य पदक जीता।

### डब्ल्यूटीसी फाइनल

### भारत के रक्षात्मक रवैए से निराश रवि शास्त्री, बोले-

# क्षेत्ररक्षण का फैसला नहीं रहा सकारात्मक

**एजेंसी। लंदन**

भारत के रक्षात्मक रवैए से निराश पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में कप्तान रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला करके सकारात्मक मानसिकता नहीं दिखाई। भारत ने अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को अंतिम एकादश में जगह नहीं दी और चार तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला किया। पिच पर घास होने और बादल छाए रहने के कारण भारत ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। उसका यह फैसला सही साबित नहीं हुआ। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रेविस हेड (नाबाद 146) और स्टीव स्मिथ (नाबाद 95) के बीच चौथे विकेट के लिए 251 रन की अटूट साझेदारी की मदद से पहले दिन तीन विकेट पर 327 रन बनाए। शास्त्री ने पहले दिन का खेल समाप्त होने के बाद आईसीसी से कहा, पहले दिन जो हुआ वह टॉस



जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने की मानसिकता से जुड़ा हुआ है।

इसलिए आप चार तेज गेंदबाज और एक स्पिनर के साथ उतरे। उन्होंने कहा, अगर मानसिकता सकारात्मक होती तो आप पहले बल्लेबाजी का फैसला करते। पहला सत्र संभल कर खेलते और फिर देखते कि क्या आप दिन में 250 रन तक पहुंच सकते हो। बहुत बड़े स्कोर के बारे में नहीं सोचते और अगर परिस्थितियां बेहतर होती और पहला सत्र अच्छा निकल जाता तो आप इससे भी बड़ा स्कोर बना सकते थे।

## कमिंस टॉस जीतते तो भारत की भी यही स्थिति होती : गांगुली

**भारत** के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली को लगता है कि अगर पैट कमिंस ने टॉस जीतकर भारत को विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के पहले दिन पहले बल्लेबाजी करने के लिए कहा होता तो भारत स्टंप्स के समय एक उत्कृष्ट स्थिति में होता। भारत ने नंबर 1 टेस्ट गेंदबाज रविचंद्रन अश्विन और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। विशेष रूप से ऑस्ट्रेलिया ने बुधवार को ओवल में लंच के समय 73/2 का स्कोर बनाया। ब्रेक के बाद भारत ने डेविड वार्नर को 43 रन पर आउट कर दिया जबकि उस्मान ख्वाजा शून्य पर आउट हो गए। मोहम्मद शमी द्वारा लंच के बाद मारनस लेबुस्चगने को आउट किया। पहले दिन के अंत



में ट्रैविस हेड और स्टीव स्मिथ के रूप में ऑस्ट्रेलिया का दबदबा बना रहा और स्टंप्स तक 327/3 का स्कोर बनाया और एक साथ 250 रन जोड़े।

गांगुली ने कहा, 'बिल्कुल, अगर आप देखें कि जब पैट कमिंस ने टॉस जीता तो उन्होंने भी कहा था कि वह पहले गेंदबाजी करते। अगर पैट कमिंस टॉस जीतते तो भारत शायद इस स्थिति में होता। ऐसा पहली बार नहीं हुआ है कि किसी टीम ने पहले सत्र में दो विकेट खोकर 300 रन बनाए हों। गांगुली ने स्मिथ और हेड की भी उनकी भूमिकाओं में असाधारण प्रदर्शन करने के लिए सराहना की। उन्होंने कहा, 'आपको स्टीव स्मिथ और ट्रैविस हेड को श्रेय देना होगा। दोनों ने अलग-अलग प्रकार की पारियां खेली हैं। स्मिथ ने इंग्लैंड में स्विंग और सीम की स्थिति में आप जिस तरह से खेलते हैं, वह खेला है। हेड ने अपना खेल खेला है कि आप सभी स्थितियों में सकारात्मक रूप से खेलते रहें।'

गौर हो कि दूसरे दिन भारत ने खेल में वापसी दिखाई और हैड (163) तथा स्मिथ (121) को आउट करते हुए लंच के बाद तक 430 रन पर 7 विकेट अपने नाम कर लिए।



## NEWS इन ब्रीफ

### मेटा ने भारत में शुरू किया वेरिफाइड प्रोग्राम

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने भारत में मेटा वेरिफाइड प्रोग्राम को शुरू कर दिया है। कंपनी के सीईओ मार्क जुकरबर्ग ने इसकी घोषणा की। उन्होंने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'मेटा वेरिफाइड अब भारत, यूके और कनाडा में अवेलेबल है और ब्राजील में जल्द आ रहा है।' भारत के लिए मेटा ने आईओएस और एंड्रॉयड डिवाइस यूजर्स के लिए 699 रुपए मंथली सब्सक्रिप्शन प्लान रखा है। कंपनी ने बताया है कि अगले कुछ महीनों में वेब यूजर्स 599 रुपए हर महीने देकर सब्सक्रिप्शन प्लान ले सकेंगे।

### पेट्रोल-डीजल के रेट्स में बदलाव नहीं, बीते 1 साल से स्थिर हैं दाम

**नई दिल्ली।** गुरुवार को भी पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। फिलहाल दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए लीटर है तो डीजल 89.62 रुपए लीटर के हिसाब से बिक रहा है। वहीं मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर मिल रहा है। देश के 16 राज्यों में पेट्रोल 100 रुपए लीटर के ऊपर बना हुआ है। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में मामूली गिरावट देखने को मिल रही है। कच्चा तेल (ब्रेंट क्रूड) 77 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है। आखिरी बार 21 मई 2022 में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में बदलाव किया गया था। तब पेट्रोल पर 8 रुपए और डीजल पर 6 रुपए प्रति लीटर उत्पाद शुल्क घटाया गया था। इससे पेट्रोल और डीजल के दाम 9.5 रुपए और 7 रुपए कम हो गए थे।

### 2000 रुपए के 50% नोट बैंकों में वापस लौटे

# गवर्नर शक्तिकांत दास ने किया आंकड़ा जारी

**एजेंसी। नई दिल्ली**




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने गुरुवार को कहा कि चलन में मौजूद दो हजार रुपए के कुल नोटों में लगभग 50 प्रतिशत बैंकिंग प्रणाली में वापस आ गए हैं। बता दें कि केंद्रीय बैंक ने पिछले महीने इन नोटों को वापस लेने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि 31 मार्च, 2023 तक कुल 3.62 लाख करोड़ रुपए मूल्य के दो हजार रुपए के नोट चलन में थे। दास ने यहां द्विमासिक मौद्रिक नीति जारी करने के बाद मीडिया से कहा, इस घोषणा के बाद अबतक 1.80 लाख करोड़ रुपए के नोट वापस आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि दो हजार रुपए के करीब 85 प्रतिशत नोट बैंक खातों में जमा किए जा रहे हैं, जबकि बाकी नोटों को छोटे मूल्य वर्ग के नोटों से बदला जा रहा है। दास ने पिछले महीने कहा था कि 2,000 के नोटों को चलन से हटाने के फैसले का अर्थव्यवस्था पर बहुत सीमित' असर होगा। चलन में मौजूद कुल मुद्रा में 2,000 के नोट का हिस्सा सिर्फ 10.8 प्रतिशत है। उन्होंने कहा कि 2016 में नोटबंदी के बाद नकदी की कमी की भरपाई के लिए 2,000 रुपए का नोट लाया गया था। गवर्नर ने कहा था कि जिस किसी के पास 2,000 रुपए का नोट है वह उसे अपने बैंक खाते में जमा कर सकता है या किसी अन्य मूल्य की मुद्रा से बदल सकता है। बैंकों को 2,000 का नोट बदलने के लिए जरूरी व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। उन्होंने कहा कि हमें उम्मीद है कि 30 सितंबर की समयसीमा तक 2,000 के ज्यादातर नोट वापस हो जाएंगे।

### 17 करोड़ की लागत से बन रहा वाराणसी में चंद्रप्रभु गंगा घाट

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश के वाराणसी में 17 करोड़ रुपए की लागत से इको फ्रेंडली भव्य घाट बन रहा है। गंगातट पर जैन तीर्थंकर को समर्पित यह घाट पर्यटन का हब बनेगा। यूपी सरकार अब जैन धर्म के 8वें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभुजी के चार कल्याणकों (च्यवन, जन्म, दीक्षा और केवल्यज्ञान) के स्थान को भव्य बनाने में जुटी है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी के निर्देश पर अब चंद्रप्रभु जी की जन्मस्थली चंद्रावती गांव में पक्के गंगा घाट का निर्माण कराया जाएगा। इसकी लागत 17 करोड़ रुपए से अधिक है। वाराणसी मुख्यालय से करीब 23 किलोमीटर दूर गाजीपुर रोड पर चंद्रावती गांव में जैन धर्म के आठवें तीर्थंकर भगवान चंद्रप्रभुजी की जन्मस्थली गंगा किनारे है। यहां भगवान चंद्रप्रभुजी का श्वेताम्बर व दिगम्बर जैन मंदिर है।

# घट गये धारा ब्रांड तेल के दाम



**एजेंसी। नई दिल्ली**

खाद्य तेल ब्रांड ह्यधारा' की बिक्री करने वाली मदर डेयरी ने इस तेल की कीमतों में प्रति लीटर 10 रुपए तक की कटौती करने की घोषणा करते हुए कहा है कि अगले सप्ताह से नई कीमतों वाली पैकिंग उपलब्ध हो जाएगी। दिल्ली एवं एनसीआर क्षेत्र में दुग्ध उत्पादों की प्रमुख आपूर्तिकर्ता मदर डेयरी धारा ब्रांड के तहत खाद्य तेल की भी बिक्री करती है। उसने कहा कि धारा ब्रांड के तेल की कीमतों में कटौती वैश्विक बाजार में खाद्य तेल की कीमतों में आई गिरावट को देखते हुए की गई है। मदर डेयरी के प्रवक्ता ने बृहस्पतिवार को जारी बयान में कहा, धारा खाद्य तेल के सभी संस्करणों के अधिकतम खुदरा मूल्य (एमआरपी) में 10 रुपए प्रति लीटर तक की कटौती की जा रही है। यह कदम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खाद्य तेलों के दाम गिरने और घरेलू स्तर पर सरसों जैसी तिलहन फसलों की उपलब्धता में सुधार को देखते हुए उठाया गया है।

# टिकटों के दाम न बढ़ाएं

**एजेंसी। दिल्ली**




अकासा एयर के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने कहा कि भारत में हवाई टिकटों के किराए की बहुत अच्छी व्यवस्था है लेकिन एयरलाइंस को किसी विशेष परिस्थिति का लाभ उठाकर टिकटों के दाम नहीं बढ़ाने चाहिए। पिछले एक महीने में गो फर्स्ट एयरलाइन का परिचालन बंद होने और गर्मियों के मौसम में हवाई टिकटों की मांग में आई बढ़ोतरी के बीच उड़ानों का किराया बहुत अधिक हो जाने को लेकर चौतरफा चर्चा हो रही है। इसे लेकर नागर विमानन मंत्रालय भी एयरलाइन कंपनियों को वाजिब किराए की एक व्यवस्था बनाने को कह चुका है। इस संदर्भ में दुबे ने कहा कि हालात का फायदा उठाने के लिए किराया बढ़ाने के मुद्दे पर नागर विमानन मंत्रालय का नजरिया एकदम साफ है और वह इस समय भारत में हवाई टिकटों के औसत दाम की बात नहीं कर रहा है। अकासा एयर के सह-संस्थापक दुबे ने कहा, हद से ज्यादा किराया वसूलने को लेकर सरकार चिंतित है। एयरलाइन समुदाय से जुड़े होने के नाते हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि टिकटों के दाम बहुत ज्यादा न हों।" उन्होंने कहा, किसी खास स्थिति का फायदा उठाने के लिए दाम बढ़ा देना अच्छी बात नहीं है। भारत में टिकटों का औसत दाम दुनिया में बहुत ग्राहक-अनुकूल है। भारतीय हवाई ग्राहकों के पास सबसे अच्छी टिकट मूल्य प्रणाली है। यह एक तथ्य है और दुनिया में किसी दूसरे देश की तुलना में बहुत सस्ती टिकटें हैं। भारत में हवाई टिकटों के दाम बेतहाशा बढ़ने के बाद सरकार भी हरकत में आई है और उसने एयरलाइंस के साथ बैठक कर उन्हें हवाई टिकटों के वाजिब दाम तय करने की एक व्यवस्था बनाने को कहा है। एयरलाइंस को टिकटों के दाम पर नजर रखने को भी कहा गया है।

### दुनिया को देखने का तरीका बदलेगा एपल विजन

**नई दिल्ली।** टेक जगत में एक बार फिर एपल के डिवाइस विजन प्रो की चर्चा है। इसकी रिलीज का बहुत इंतजार हो रहा था। कंपनी के वार्षिक वर्ल्डवाइड डेवलपर्स कॉफ्रेंस में रिलीज विजन प्रो हमारे अपने आसपास के संसार को देखने और उससे संवाद के तौर-तरीके को पूरी तरह से बदल देने वाला है। एपल विजन और विजन प्लस की कामयाबी की बुनियाद पर विकसित ह्यविजन प्रो ऑग्मेंटेड रियलिटी (अफ) को नई ऊंचाई पर ले गया है। लेटेस्ट टेक्नोलॉजी और अपनी छरहरी डिजाइन के साथ इस डिवाइस का मकसद वर्चुअल और वास्तविक संसार को मिला देना है। यह यूजर्स के लिए संभावनाओं का नया संसार लाया है। विजन प्रो एडवांस्ड न्यूरल प्रोसेसिंग यूनिट पर आधारित है।

# धनराशि ट्रांसफर करने में सुस्त राज्यों को ब्याज सहित लौटाना होगा पैसा

**एजेसी। नई दिल्ली**



केंद्र से प्रधानमंत्री पोषण योजना के लिए वर्ष 2022-23 के अंतर्गत समय पर धनराशि प्राप्त करने के बावजूद नामित एजेंसी को जून के अंत तक पैसा मुहैया कराने में नाकाम रहने वाली राज्य सरकारों को ब्याज सहित राशि भारत की संचित निधि (सीएफआई) में लौटानी होगी। एक पत्र से यह जानकारी सामने आयी है।शिक्षा मंत्रालय के स्कूली शिक्षा और साक्षरता विभाग में अवर सचिव अजय कुमार द्वारा 31 मई 2023 को सभी राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों के अतिरिक्त मुख्य सचिवों, प्रधान सचिवों, शिक्षा सचिवों और पीएम पोषण के लिए शीर्ष विभागों को लिखे पत्र से यह जानकारी मिली है। पत्र के अनुसार, ह्यव्यय विभाग ने यह निर्णय किया है कि वर्ष 2022-23 के लिए पीएम पोषण के तहत जिन राज्यों को केंद्रीय हिस्सेदारी की राशि प्राप्त हो गई है और 30 जून 2023 तक उक्त राशि को राज्य के खजाने से नामित एजेंसी को जारी नहीं किया गया है, तो रिजर्व बैंक आफ इंडिया (आरबीआई) के सुझाव के अनुरूप उन्हें इस राशि को ब्याज सहित भारत की संचित निधि (सीएफआई) को लौटाना होगा। इसमें कहा गया है, ऐसे में यह आग्रह किया जाता है कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं के लिए कोष जारी करने संबंधी सभी प्रावधानों एवं संशोधित प्रक्रियाओं का पालन किया जाए। सूत्रों के अनुसार, राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों को किस्त जारी कर दी गई थी।

## विदेश

### 2030 तक खत्म हो सकते हैं आर्कटिक के ग्लेशियर

**स्पेन।** एक रिसर्च में सामने आया है कि 2030 तक आर्कटिक महासागर के ग्लेशियर पूरी तरह गायब हो सकते हैं, यानी सात साल बाद गर्मियों में यहां बर्फ नजर नहीं आएगी। आर्कटिक दुनिया के बाकी हिस्सों की तुलना में चार गुना तेजी से गर्म हो रहा है। पिछले 40 साल में गर्मी के बाद रहने वाली मल्टी लेयर बर्फ 70 लाख वर्ग किमी से घटकर 40 लाख वर्ग किमी ही रह गई है। रिसर्चर्स के मुताबिक, इसकी वजह क्लाइमेट चेंज है। इसके चलते पिछले 10 सालों में दुनिया में मौजूद कुल ग्लेशियर का 2% हिस्सा पिघल चुका है। दरअसल, यूरोप की क्रायोसैट सैटेलाइट ने पृथ्वी पर करीब 2 लाख ग्लेशियरों का पता लगाया है। इससे मिले डेटा के मुताबिक,जलवायु परिवर्तन के कारण 10 सालों में इन ग्लेशियरों की 2.72 लाख करोड़ टन बर्फ पिघल चुकी है। दुनिया की 20% आबादी पानी के लिए इन पर निर्भर करती है। शोधकर्ताओं का कहना है कि ग्लेशियर में कितनी तेजी से बदलाव आ रहे हैं।

### नाटो देशों की एयरफोर्स करेंगी सबसे बड़ा युद्धाभ्यास

# 25 देशों के एयरक्राफ्ट लेंगे हिस्सा

**एजेंसी। वाशिंगटन**



रूस-यूक्रेन जंग के बीच नाटो देशों की एयरफोर्स अब तक का सबसे बड़ा युद्धाभ्यास करने जा रही है। ये युद्धाभ्यास 12 जून से शुरू होगा। इसे 'एयर डिफेंडर-23' नाम दिया गया है। दस दिनों तक चलने वाली मिलिट्री एक्सर्साइज में 25 नाटो देशों के 220 मिलिट्री एयरक्राफ्ट हिस्सा लेंगे। अमेरिका और जर्मनी के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी है। इस युद्धाभ्यास पर अमेरिका में जर्मनी की राजदूत ने कहा कि हम इसे केवल अपने बचाव के नजरिए से कर रहे हैं। हालांकि, इससे रूस जैसे देशों का कड़ा संदेश देना भी हमारे मकसद में शामिल है। जर्मनी की राजदूत एमी गुटमन ने कहा कि अगर कोई वर्ल्ड लीडर (पुतिन) हमारे युद्धाभ्यास को इग्नोर करेगा तो मुझे हैरानी होगी। हम दुनिया को अपने संगठन की ताकत दिखाएंगे। युद्धाभ्यास जर्मनी, चेक रिपब्लिक, एस्टोनिया और लातविया में होगा। इसकी तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। सभी 25 देशों की वायु सेनाएं अपने हथियारों और विमानों को दुनिया के सामने पेश करने के लिए तैयार कर रही हैं। पिछले हफ्ते जेलेंस्की ने नाटो में शामिल होने की अपनी मांग को दोहराया था। जेलेंस्की ने कहा था- यूक्रेन नाटो का सदस्य बनने के लिए तैयार है। हम सदस्य देशों से इस पर बातचीत कर रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा था कि जब सिक्योरिटी की गारंटी नहीं होती तो वहां केवल जंग की गारंटी होती है। दरअसल, जर्मनी, फ्रांस और अमेरिका जंग के दौरान यूक्रेन को नाटो संगठन में शामिल करने को तैयार नहीं है। इन देशों को चिंता है कि ऐसा करने पर रूस की नाराजगी और बढ़ेगी।

### अफगानिस्तान में तालिबान कमांडर समेत 16 लोगों की मौत

**काबुल।** अफगानिस्तान के बदख्शन राज्य की राजधानी फैजाबाद में गुरुवार को एक फिदायीन हमले में 16 लोगों की मौत हो गई। हमला तब हुआ जब लोग यहां के डिप्टी गवर्नर को सुपुर्द-ए-खाक करने के लिए जुटे थे। लोकल हॉस्पिटल के इंचार्ज ने कहा- अब तक 16 डेडबॉडीज रिसीव कर चुके हैं। मरने वालों का आंकड़ा काफी ज्यादा हो सकता है, क्योंकि वहां काफी लोग मौजूद थे। मारे गए लोगों में तालिबान का एक बड़ा कमांडर भी शामिल है। कुछ रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यह हमला आतंकी संगठन इस्लामिक स्टेट के खोरासान ग्रुप ने अंजाम दिया है। बदख्शन में मौजूद एक तालिबान नेता ने कहा- यह फिदायीन हमला बदख्शन की राजधानी फैजाबाद में गुरुवार दोपहर करीब 3 बजे हुआ। कुछ दिन पहले मौलवी निसार अहमद की एक हमले में मौत हो गई थी। वो बदख्शन राज्य के डिप्टी गवर्नर थे। उनकी अंतिम विदाई के लिए कई तालिबान लीडर्स फैजाबाद आए थे।

### कनाडा से 700 भारतीय छात्रों को निकालने की तैयारी

# स्टूडेंट्स के पास मिले जाली डॉक्यूमेंट्स

**एजेंसी। कनाडा**

कनाडा की बॉर्डर सर्विस एजेंसी सीबीएसए ने 700 भारतीय स्टूडेंट्स के लिए डिपोर्टेशन, यानी देश से निकाले जाने का लेटर जारी कर दिया है। सीबीएसए के मुताबिक, इन स्टूडेंट्स के पास जाली एडमिशन लेटर्स हैं, जिसके जरिए इन्होंने कई यूनिवर्सिटी में एडमिशन लिया। द कैनेडियन प्रेस के मुताबिक, कनाडा में ढट जस्टिन ट्रूडो की सरकार ने छात्रों को वापस भारत भेजने का फैसला किया है। वहीं डिपोर्ट किए जाने के डर से ये स्टूडेंट्स देशभर में प्रदर्शन कर रहे हैं। मामले में विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- पिछले कुछ समय से छात्रों का यह मामला आ रहा है। कनाडाई कहते हैं कि वे उस कॉलेज में नहीं पढ़े, जिसमें उन्हें होना चाहिए था और जब उन्होंने वर्क परमिट के लिए आवेदन किया, तो वे मुश्किल में पड़ गए। शुरू से ही हमने इस मामले को उठाया है और हमारा कहना है कि छात्रों ने नेक नीयत से पढ़ाई की। जयशंकर ने आगे कहा- अगर उन्हें गुमराह करने वाले लोग हैं, तो दोषी पक्षों के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए।

### भारत-नेपाल के बीच सुस्ता को लेकर फिर विवाद

**काठमंडू।** एक बार फिर से भारत-नेपाल सीमा पर विवादित सुस्ता का मुद्दा गरमाने लगा है। पहले से अस्पताल, स्कूल, पुलिस चौकी, मिलिट्री कैंप के बाद नेपाल ने गंडक पर झूला पुल का निर्माण भी शुरू कर दिया था। अब नेपाल विवादित सुस्ता में आर्म्ड पुलिस फोर्स के लिए भवन, स्कूल और 8 कमरों कर का निर्माण कार्य भी भारत की बिना सहमति से कराना शुरू कर दिया है। एसएसबी ने डीएम को पत्र लिखकर नेपाल के नवलपरासी पश्चिम जिला के डीएम से बात कर इस पर विराम लगाने की दिशा में पहल का अनुरोध किया है। पत्र में एसएसबी 21वीं वाहिनी के कमांडेंट प्रकाश ने कहा है कि विवादित भूमि सुस्ता में नेपाल सरकार तैनात एपीएफ जवानों के लिए दो तल और आठ कमरों वाले भवन का निर्माण करवा रही है। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड हाल ही में भारत दौरे पर आए थे। उन्होंने मोदी के साथ सीमा विवाद पर चर्चा की थी। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड हाल ही में भारत दौरे पर आए थे। उन्होंने ढट मोदी के साथ सीमा विवाद पर चर्चा की थी।

### कारोबार — एयरटेल के 5जी नेटवर्क पर झारखंड और बिहार में 2 मिलियन से अधिक ग्राहक

# दोनों राज्यों के 600 शहरों,गांवों में 5जी सेवा है उपलब्ध

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




भारत के अग्रणी टेलीकॉम सर्विस प्रोवाइडर्स में से एक भारती एयरटेल (एयरटेल) ने आज घोषणा करते हुए बताया कि उसने बिहार और झारखंड में अपने 5जी नेटवर्क पर 2 मिलियन से अधिक यूनिक कस्टमर्स को जोड़ा है। एयरटेल देश में सबसे पहले 5जी सेवाएं शुरू करने वाली कंपनी है। अब एयरटेल की 5जी सेवा बिहार के पटना, बोधगया, मुजफ्फरपुर, भागलपुर, किशनगंज और बेगूसराय सहित 450 से अधिक शहरों गांवों और झारखंड के रांची, देवघर, धनबाद और जमशेदपुर सहित 165 शहरों गांवों में उपलब्ध है। अत्याधुनिक 5जी सेवा पहले से ही दोनों राज्यों के सभी रेलवे स्टेशनों, बस टर्मिनलों, राजमार्गों और महत्वपूर्ण व्यावसायिक केंद्रों को कनेक्टिविटी प्रदान कर रही है। अनुपम अरोड़ा, सीईओ बिहार, झारखंड और ओडिशा, भारती एयरटेल ने इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए कहा, हम बिहार और झारखंड में ग्राहकों द्वारा एयरटेल 5जी प्लस को तेजी से अपनाते हुए देख रहे हैं। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि हमने अपने अल्ट्राफास्ट एयरटेल 5जी नेटवर्क पर 2 मिलियन ग्राहकों के आंकड़े को पार कर लिया है। हम अपने नेटवर्क का विस्तार करना जारी रखेंगे। राज्य भर के हर शहर और प्रमुख ग्रामीण क्षेत्रों को जोड़ते हुए, कई और ग्राहकों को हाई-डेफिनिशन वीडियो स्ट्रीमिंग, गेमिंग, मल्टीपल चैटिंग, फोटो को तुरंत अपलोड करने और अन्य सेवाओं का आनंद लेने की सुविधा प्रदान करेंगे। एयरटेल 5जी प्लेस अब देश भर के 3500 से अधिक शहरों और गांवों में उपलब्ध है और इसने राष्ट्रीय स्तर पर अपने 5जी नेटवर्क पर 10 मिलियन यूनिक कस्टमर्स के आंकड़े को पार कर लिया है। सितंबर 2023 तक एयरटेल अपनी 5 जी सेवाओं के साथ हर शहर और प्रमुख ग्रामीण क्षेत्र को कवर करने के लिए तैयार है। कंपनी ने अपने ग्राहकों के लिए अनलिमिटेड 5जी डेटा भी लॉन्च किया है ताकि उन्हें एयरटेल 5जी प्लस नेटवर्क की अद्वितीय क्षमता का अनुभव करने के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। एयरटेल ने अपने सभी प्लान्स पर डेटा लिमिट हटा दी हैए ताकि ग्राहक डेटा खत्म होने की चिंता लिए बिना ही अल्ट्राफास्ट, भरोसेमंद और सुरक्षित 5जी प्लस सेवाओं का आनंद ले सकें। एयरटेल ने देश में अपने सभी रिटेल स्टोर्स में 5जी एक्सपीरियंस जोन बनाया है और ऐसे जोन बिहार में चार रिटेल स्टोर्स और झारखंड में छह रिटेल स्टोर्स में उपलब्ध हैं। ग्राहक अल्ट्राफास्ट एयरटेल 5जी प्लस का अनुभव लेने के लिए किसी भी स्टोर में जा सकते हैं।

### यूक्रेन में बांध टूटने से डूबे 2000 घर, 30 कस्बे बाढ़ की चपेट में

**कीव।** यूक्रेन का काखोवका बांध टूटने से खरसोन में 30 से ज्यादा गांव और कस्बे बाढ़ की चपेट में हैं। इनमें 20 यूक्रेन और 10 रूसी सेना के कब्जे में हैं। 2000 घर पूरी तरह से पानी में समा चुके हैं। 40 हजार लोगों की जिंदगी खतरे में है। अभी तक पता नहीं चल पाया है कि बांध पर हमला किसने किया। रेस्क्यू ऑपरेशन के बीच रूस और यूक्रेन एक-दूसरे पर बांध तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं। बाढ़ की वजह से अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, बांध पर हमला उस समय हुआ है जब यूक्रेन खरसोन और डोनटेस्क में रूसी सेना पर बड़े हमले की ओर बढ़ रहा था। इइउ की रिपोर्ट के मुताबिक रूस पर हमले के लिए बिछाई गई लैंड माइन अब बचाव कार्यों में रुकावट बन रही हैं। इलाके में पानी भर जाने के कारण उन्हें लोकेट करना मुश्किल हो रहा है। रेड क्रॉस के एक अधिकारी के मुताबिक लैंड माइन की वजह से न सिर्फ खरसोन के लोगों को खतरा है, बल्कि ये उन लोगों के लिए भी बड़ी चुनौती है जो उन्हें बचाने के लिए आ रहे हैं।

## पेज एक के शेष

### सेना जमीन घोटाला ...

राजेश ऑटो में कुल 4 करोड़ 13 लाख 87 हजार रुपये ट्रांसफर किए गए। मनी लाउंड्रिंग के लिए जगतबंधु टी एस्टेट कंपनी और उसका बैंक खाता अमित अग्रवाल के ही पत्ते पर खोला गया था।

### कैसे जगतबंधु-राजेश ऑटो के...

दिन आरटीजीएस से पैसे टांसफर हुए, 6 नवंबर 20 को 1.80, 9 नवंबर 20 को 3 लाख, 10 नवंबर 20 को 30, 11 नवंबर 20 को 15 लाख,16 नवंबर 20 को 7 लाख, 27 नवंबर 20 को 21 लाख कैश जमा हुए। क्रमशः जगतबंधु के खाते में जमा तारीखों को ही पूरी राशि राजेश ऑटो को ट्रांसफर किए गए। 1 दिसंबर 20 को 1.88 लाख जमा कराए गए, जबकि दूसरी कंपनी दीवान हाउस फाइनेंस कॉरपोरेशन के खाते में 1.10 लाख डाले गए। इस तरह अलग अलग तारीखों में 25 जुलाई 2022 तक जगतबंधु के खाते में 4.67 करोड़ जमा करा, राजेश ऑटो के खाते में 4.13 करोड़ ट्रांसफर लिए गए।

### खौफनाक : प्रेमिका की हत्या ...

देखा तो वहां महिला का शव मिला। जांच में पता चला कि मनोज और सरस्वती यहां लिव-इन में रहते थे। मनोज ने पेड़ काटने का कटर खरीदा था जिससे वह महिला के टुकड़े करता था और फिर वह उन्हें कूकर में उबाल कर प्लास्टिक के बैग में भर देता था। हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है। यह मामला मुंबई के मीरा रोड स्थित नया नगर पुलिस स्टेशन की गीता-आकाशदीप सोसायटी का बताया जा रहा है। पुलिस जानकारी से सामने आया है कि सोसायटी की 7वें फ्लोर पर 56 वर्षीय मनोज साने अपने 36 वर्षीय प्रेमिका सरस्वती वैद्द के साथ लंबे समय से लिव-इन रिलेशनशिप में रह रहा था। इस बीच कुछ दिनों से आसपास के लोगों को मनोज के फ्लैट से दुर्गंध आ रही थी। जिसके बाद लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने जब मनोज के फ्लैट में पहुंची तो पुलिस को अंदर तेज दुर्गंध उठ रही थी। पुलिस ने देखा तो घर में महिला के शव के टुकड़े पड़े थे। यह देखकर पुलिस के होश उड़ गए। पुलिस ने आरोपी को तुरंत गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार मनोज और सरस्वती का किसी बात पर विवाद हो गया था। इस दौरान गुस्से के कारण मनोज के सिर पर खून सवार हो गया और उसने सरस्वती की हत्या कर दी। इसके बाद आरोपी चेनशॉ ( पेड़ कटर ) लेकर आया और शव को कई टुकड़ों में बांट दिया। यही नहीं आरोपी ने बदबू व शव मिटाने के लिए शव के टुकड़ों के प्रेशर कुकर में भी उबाला। पुलिस ने शव के टुकड़ों को फोरेंसिक जांच के लिए भिजवाया है। फिलहाल, पुलिस हत्या के कारणों की जांच में जुट गई है।




**NEWS इन ब्रीफ**

### ऑनलाइन गेमिंग से खेला गया धर्म परिवर्तन का खेल, जांच की मांग

**नई दिल्ली।** बाल अधिकारों के लिए काम करने वाली शीर्ष संस्था राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) ने एक नाबालिग लड़के के धर्मांतरण में कथित संलिप्तता का आरोप लगाते हुए इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय से ऑनलाइन गेमिंग मंच फोर्टनाइट और तत्काल संदेश भेजने वाले मंच डिस्कॉर्ड के खिलाफ जांच की मांग की है। एनसीपीसीआर के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो ने इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी सचिव को एक पत्र लिखकर कहा कि एक खबर उनके संज्ञान में आई है जिसमें कहा गया है कि गाजियाबाद में एक मस्जिद की देखरेख करने वाला एक व्यक्ति और मुंबई का एक अन्य व्यक्ति ऑनलाइन गेमिंग मंच फोर्टनाइट के जरिए एक नाबालिग लड़के के धर्मांतरण में शामिल है।

### बीएसएफ ने पाकिस्तानी ड्रोन गिराया, भारी मात्रा में हेरोइन बरामद

**चण्डीगढ़।** बीएसएफ के जवानों ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर पाकिस्तानी ड्रोन को मार गिराकर भारी मात्रा में हेरोइन बरामद की है। इसके बाद जवानों ने एरिया में रात के समय ही सर्च शुरू कर दी है। सीमा पर तैनात जवानों को मध्य रात्रि भारतीय सरहद पर ड्रोन के आने की आवाज सुनाई दी। इस पर जवानों ने फायरिंग शुरू कर दी। कुछ समय बाद ही ड्रोन की आवाज आना भी बंद हो गई। जवानों ने एरिया में रात के समय ही सर्च शुरू कर दी। इस दौरान अमृतसर में अजनाला के अंतर्गत गांव भिंडीसैदा में जवानों ने ड्रोन जब्त कर लिया।

# भारत-सर्बिया प्राचीन भूमि हैं : राष्ट्रपति मुर्मू

**एजेंसी। नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को कहा कि भारत और सर्बिया प्राचीन भूमि हैं और आधुनिक युग में बाल्कन देश के साथ भारत के संबंध विशेष रूप से गुटनिरपेक्ष आंदोलन (नाम) के संदर्भ में परिभाषित किए गए थे। उन्होंने कहा कि भारत और सर्बिया ने हमेशा एक-दूसरे के मूल हितों की समझ साझा की है, उन्होंने कहा कि इस द्विपक्षीय नींव के आधार पर, वह यात्रा के दौरान सर्बियाई नेतृत्व के साथ बातचीत करने के लिए उत्सुक हैं। राष्ट्रपति ने बेलग्रेड में सर्बिया में भारत के राजदूत संजीव कोहली द्वारा आयोजित एक सामुदायिक स्वागत



समारोह में भारतीय समुदाय और 'भारत के मित्र' के साथ बातचीत करते हुए यह बात कही। राष्ट्रपति मुर्मू अपने दो देशों के दौरे के दूसरे चरण में तीन दिवसीय राजकीय यात्रा पर बुधवार को सर्बिया पहुंचे थे। वह इससे पहले सूरीनाम गई थीं। उन्होंने अपने संबोधन में आगे कहा कि सर्बिया भारत के सतत विकास सहयोग कार्यक्रमों में एक महत्वपूर्ण भागीदार रहा है। वैश्विक मंच पर राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा कि भारत को एक जिम्मेदार विकास भागीदार, प्रथम उत्तरदाता और वैश्विक दक्षिण की आवाज के रूप में पहचाना जाता है। उन्होंने कहा कि इनमें से प्रत्येक पहलू एक अग्रणी शक्ति बनने की दिशा में हमारी खोज को दशार्ता है। राष्ट्रपति ने जलवायु कार्रवाई, आतंकवाद का मुकाबला, कनेक्टिविटी, समुद्री सुरक्षा, वित्तीय समावेशन और खाद्य सुरक्षा से संबंधित मुद्दों पर भारत द्वारा निभाई गई अग्रणी भूमिका का भी उल्लेख किया।

# सीमा पर शांति की पहल करे चीन : जयशंकर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने गुरुवार को कहा कि चीन ने 2020 में गलवान गतिरोध के दौरान समझौतों का उल्लंघन कर भारत पर दबाव बनाने की कोशिश की थी, इसलिए जब तक सीमाओं पर शांति नहीं होगी, तब तक द्विपक्षीय संबंधों में सामान्य स्थिति नहीं हो सकती है। राजग सरकार के नौ साल के कार्यकाल की उपलब्धियों को उजागर करने के अवसर पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए मंत्री ने कहा कि जब पाकिस्तान के साथ द्विपक्षीय संबंधों की बात आती है, तो सीमा पार आतंकवाद की चुनौतियां हैं, जिसे भारत ने कभी बर्दाश्त नहीं किया।

उन्होंने कहा कि भारत जबरदस्ती, प्रलोभन और झूठे आख्यानों के बहकावे में नहीं आता है। जयशंकर ने कहा कि भारत ने सीमा पार आतंकवाद को अवैध



घोषित कर दिया है।

साथ ही, उन्होंने स्पष्ट किया कि चीन के साथ द्विपक्षीय संबंध जारी रहेंगे, क्योंकि पीछे हटना (सीमाओं पर) एक विस्तृत प्रक्रिया है। उन्होंने कहा, हम चीन के साथ शांति चाहते हैं, लेकिन अगर शांति समझौते का उल्लंघन होता है तो क्या किया जा सकता है। हालांकि बातचीत होती है। हमने गलवान घटना से ठीक पहले चीन से बात की थी, हमने उन्हें अपने सैनिकों की आवाजाही के बारे में बताया। मैंने गलवान के बाद उनसे सिर्फ एक दिन बात की। हमें पीछे हटने का रास्ता खोजना होगा, अन्यथा सीमा की स्थिति में सुधार नहीं होने पर संबंध (चीन के साथ) बिगड़े रहेंगे।' जयशंकर ने गालवान में स्थिति को जटिल बताया। उन्होंने कहा, यह चीन द्वारा भूमि पर कब्जा करने के बारे में नहीं है (उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के आरोपों के जवाब में कहा कि चीन ने गलवान के बाद महत्वपूर्ण भूमि पर कब्जा कर लिया है)। दोनों पक्षों ने आगे की तैनाती की।

चीन द्वारा भारतीय क्षेत्रों पर कब्जा करने के राहुल गांधी के बयानों पर सवालों का जवाब देते हुए जयशंकर ने कहा कि कांग्रेस नेता बहुत कुछ कहते हैं। जयशंकर ने कहा, उन्होंने (राहुल) पैंगोंग त्सो झील पर चीन द्वारा बनाए जा रहे एक पुल का उल्लेख किया। लेकिन वह 1962 में चीन द्वारा कब्जा किए गए क्षेत्र पर था। चीन ने 1950 के दशक से भारत में क्षेत्रों पर कब्जा कर लिया है। हालांकि 2020 में हमें आगे की तैनाती करनी पड़ी, जिसके कारण तनाव है।

उन्होंने कहा कि ऐसे मुद्दों को प्वाइंट स्कोरिंग कवायद नहीं बनाया जाना चाहिए, बल्कि इस पर बहस होनी चाहिए। उन्होंने कहा, लोग इसे समझ रहे हैं कि यह अब हो गया है। हमारी अपनी सीमाओं की लंबे समय तक उपेक्षा की गई और जब भी सीमा के बुनियादी ढांचे को विकसित करने के प्रयास किए गए, पर्यावरण के मुद्दे एक मुद्दा बन गए। जयशंकर ने बताया 2014 तक हमारा सीमा बुनियादी ढांचा बजट 4,000 करोड़ रुपये था, जो अब 40,000 करोड़ रुपये तक पहुंचा गया है। अन्य पड़ोसी देशों के साथ भारत के संबंधों के संदर्भ में, जयशंकर ने कहा कि अन्य देशों के साथ, नई दिल्ली के मजबूत संबंध हैं।

## मप्र : तेज रफ्तार ट्रक बोलेरो कार पर पलटा, 7 की मौत

**एजेंसी। सीधी**

मध्य प्रदेश के सीधी जिले में गुरुवार सुबह एक सड़क हादसे में दो बच्चों समेत सात लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हैं। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक एक तेज रफ्तार ट्रक (बल्कर) शहर कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सीधी-टिकरी मार्ग पर ग्राम डोल के पास एक गड्ढे में फंस गया और अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी बोलेरो कार पर पलट गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक के नीचे फंसे लोगों को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया। बोलेरो जीप में सवार होकर आठ लोग यादव परिवार की बारात में शामिल होने के लिए सिरसी से कुंदोर कुशमी गए थे। वहां से लौटते समय गुरुवार सुबह सभी लोग रास्ते में नाश्ता करने के लिए रुके ही थे, तभी सीधी की तरफ से आ रहा तेज रफ्तार ट्रक बोलेरो पर आकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि ट्रक के पलटते ही बोलेरो बुरी तर पिचक गई और उसमें बैठे 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इसी दौरान एक स्कूटी चालक भी ट्रक की चपेट में आ गया और उसकी भी मौके पर ही मौत हो गई।

मोहब्बत की दुकान पर बोलीं स्मृति ईरानी

# ये कैसी मोहब्बत है, जो देश से नहीं अपनी सियासत से है

**एजेंसी। नई दिल्ली**

केन्द्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी के मोहब्बत की दुकान वाले बयान पर कहा कि ये किस तरह की मोहब्बत है, जो देश से नहीं बल्कि अपनी राजनीतिक सियासत से है। गुरुवार को प्रेसवार्ता में स्मृति ईरानी ने राहुल गांधी से पूछा कि जब आप 'मोहब्बत' की बात करते हैं, तो क्या इसमें सिखों की हत्या शामिल है? जब आप 'मोहब्बत' की बात करते हैं, तो क्या इसमें राजस्थान में महिलाओं का अपहरण शामिल



है? जब आप 'मोहब्बत' की बात करते हैं, तो क्या इसमें हिंदू जीवन शैली की निंदा करना शामिल है? जब आप 'मोहब्बत' के बारे में बात करते हैं, तो क्या इसका मतलब उन लोगों के साथ साझेदारी करना है, जो भारत को एक ठहराव में लाना चाहते हैं? जब आप 'मोहब्बत' की बात करते हैं, तो क्या वह 'मोहब्बत' आपको अपने लोकतंत्र के खिलाफ जाने पर मजबूर करती है। ये कैसा इश्क है, जो देश से नहीं, अपनी राजनीतिक सियासत से है? भाजपा मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में अपने मंत्रालय के कार्यों के बारे में जानकारी देते हुए स्मृति ईरानी ने कहा कि मोदी ने देश की हर आंगनवाड़ी को स्मार्ट फोन से जोड़ा और अब तक 11 लाख स्मार्ट फोन वितरित किए जा चुके हैं।

## डीआरडीओ ने बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि प्राइम' का किया परीक्षण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) ने नई पीढ़ी की बैलिस्टिक मिसाइल 'अग्नि प्राइम' का सफल परीक्षण किया। मिसाइल का परीक्षण ओडिशा के तट पर डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम द्वीप से किया गया। रक्षा मंत्रालय के एक अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि मिसाइल का परीक्षण अपने उद्देश्यों में सफल रहा। मंत्रालय के अनुसार, मिसाइल के तीन सफल विकासात्मक परीक्षणों के बाद यह पहला प्री-इंडक्शन नाइट लॉन्च था, जो सिस्टम की सटीकता और विश्वसनीयता की पुष्टि करता है। मंत्रालय ने कहा, यह परीक्षण 7 जून की रात में किया गया। रडार, टेलीमेट्री और इलेक्ट्रो ऑप्टिकल



ट्रैकिंग सिस्टम जैसे रेंज इंस्ट्रूमेंटेशन को दो डाउन-रेंज जहाजों सहित विभिन्न स्थानों पर टर्मिनल बिंदु पर तैनात किया गया था, ताकि उड़ान डेटा को कैप्चर किया जा सके। डीआरडीओ और सामरिक बल कमान के वरिष्ठ अधिकारियों ने इस परीक्षण को देखा। रक्षा मंत्री, राजनाथ सिंह ने इस परीक्षण के लिए डीआरडीओ और सशस्त्र बलों को बधाई दी।

## इंस्टाग्राम पर बच्चों के अश्लील और शोषण दिखाने वाली कंटेंट को बढ़ावा देने का आरोप

**आरएनएम। नई दिल्ली**

अमेरिका की स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी और वॉल स्ट्रीट जर्नल की एक रिपोर्ट के अनुसार इंस्टाग्राम बच्चों से संबंधित अश्लील और शोषण दिखाने वाली कंटेंट को बढ़ावा देता है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मेटा के स्वामित्व वाला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम बाल यौन शोषण वाले कंटेंट को बढ़ावा देने और बेचने के लिए पीडोफाइल नेटवर्क द्वारा उपयोग किया जाने वाला मुख्य प्लेटफॉर्म है।

यूएस यूनिवर्सिटी के साइबर पॉलिसी सेंटर के शोधकताओं ने कहा, अकाउंट के बड़े नेटवर्क जो नाबालिगों द्वारा संचालित प्रतीत होते हैं, खुले तौर पर बिक्री के लिए स्व-निर्मित बाल यौन शोषण कंटेंट का विज्ञापन कर रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि इंस्टाग्राम वर्तमान में इन नेटवर्कों के लिए सबसे महत्वपूर्ण प्लेटफॉर्म है, जिसमें रिकमंडेशन एल्गोरिदम और डायरेक्ट मैसेजिंग जैसी सुविधाएं हैं, जो खरीदारों और विक्रेताओं को जोड़ने में मदद करती हैं।जर्नल के अनुसार, विशेष रूप से बच्चों को संदर्भित करने वाले यौन रूप से स्पष्ट कीवर्ड का इस्तेमाल किया जाता है, जो उन अकाउंट की ओर ले जाते हैं जो अपने अकाउंट का इस्तेमाल नाबालिगों के यौन शोषण को दिखाते वाले कंटेंट का विज्ञापन करने के लिए करते हैं। जर्नल में कहा गया है कि यह अकाउंट खुद बच्चों द्वारा संचालित होने का दावा करते हैं और खुले तौर पर अश्लील नामों का उपयोग करते हैं। हालांकि, जर्नल में विशेष रूप से यह नहीं कहा गया है कि वे इन फोटो को बेचते हैं, अकाउंट में ऑप्शन के साथ मेनू होते हैं, जिनमें कुछ मामलों में विशिष्ट सेक्सुअल एक्टिविटी शामिल हैं।स्टैनफोर्ड के शोधकर्ताओं ने पाशविकता और खुद को नुकसान पहुंचाने वाले वीडियो के ऑफर भी देखे।

## 23 को वाशिंगटन में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे प्रधानमंत्री मोदी



**एजेंसी। वाशिंगटन**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जून को वाशिंगटन में भारतीय-अमेरिकियों की एक सभा को संबोधित करेंगे। समुदाय के एक प्रतिष्ठित नेता ने यह जानकारी दी। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन और प्रथम महिला जिल बाइडन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21 से 24 जून को अमेरिका की यात्रा पर रहेंगे। इस दौरान वह कांग्रेस के संयुक्त सत्र को भी संबोधित करेंगे। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के नेता डॉ. भारत बरई ने मीडिया को बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 23 जून की शाम को देशभर के प्रवासी नेताओं की एक सभा को संबोधित करेंगे। बरई ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी प्रतिष्ठित रोनाल्ड रीगन बिल्डिंग एंड इंटरनेशनल ट्रेड सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में भारतीय प्रवासियों को संबोधित करेंगे। पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति रोनाल्ड रीगन के नाम पर इस स्थल का नाम रखा गया है। इसमें 900 लोगों तक के बैठने की क्षमता है। यहां कई बड़े आयोजन हो चुके हैं।




## धोनी ने अपनी पहली फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' का टीजर साझा किया

**चेन्नई** सुपर किंग्स के कप्तान एम.एस. धोनी तमिल फिल्म 'लेट्स गेट मैरिड' (एलजीएम) के साथ निमार्ता के रूप में शुरूआत कर रहे हैं। फिल्म का पहला आधिकारिक टीजर रिलीज



हो गया है। पिछले अक्टूबर में आधिकारिक तौर पर यह घोषणा की गई थी कि धोनी कॉलीवुड में अपनी पारी की शुरूआत करने जा रहे हैं। और अब टीजर, बुधवार शाम को जारी किया गया, जिसमें हरीश कल्याण और इवाना हैं। इससे पता चलता है कि धोनी का नया करियर किस दिशा में जा रहा है। धोनी एंटरटेनमेंट प्राइवेट लिमिटेड के आधिकारिक हैंडल ने धोनी के फेसबुक पेज और उनकी पत्नी साक्षी रावत के इंस्टाग्राम हैंडल पर टीजर रिलीज का विवरण साझा किया। सोनी म्यूजिक साउथ ने फिल्म का एक मोशन पोस्टर भी रिलीज किया है। रमेश तमिलमणि द्वारा निर्देशित मस्ती से भरी पारिवारिक मनोरंजक फिल्म में नादिया और योगी बाबू भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### कलाकारों का सबसे ज्यादा शोषण होता है : जसलीन रॉयल

**'रांझा'**, 'नचदे ने सारे' और 'दिन शगना दा' जैसी चार्टबस्टर हिट देने वाली गायिका जसलीन रॉयल ने कहा है कि भारतीय संगीत कलाकारों के अनुकूल नहीं है। जसलीन ने ट्विटर पर साझा किया कि वह इस बात से परेशान हैं कि भारत में संगीत लेबल कैसे काम करते हैं। भारत में संगीत लेबल कैसे काम करते हैं, इससे परेशान हैं! वे यह कहने का एक भी मौका नहीं छोड़ते हैं कि वे कलाकारों के कितने हमदर्द हैं, लेकिन वास्तव में देखा जाय तो वे सबसे ज्यादा शोषण करते हैं। उन्होंने सभी कलाकारों से फिल्मों को अपना काम देने से पहले राय लेने का आग्रह किया। उन्होंने कहा, सभी कलाकार जो इसे पढ़ रहे हैं कृपया अपने गीतों को लेबल और फिल्मों को बेचने से पहले राय जरूर लें। हस्ताक्षर करने से पहले अपने अधिकारों और मूल्यों को जानें।

**समझौता** भारत का जर्मनी के साथ छह पनडुब्बियों की खरीद का सौदा फाइनल

# भारत में ही होगा पनडुब्बियों का निर्माण

### जर्मन रक्षा मंत्री पिस्टोरियस की उपस्थिति में प्रारंभिक समझौते पर हस्ताक्षर

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत का जर्मनी के साथ प्रोजेक्ट-75 आई के तहत छह पनडुब्बियों की खरीद का सौदा फाइनल हो गया है। इन पनडुब्बियों का निर्माण ट्रांसफर ऑफ टेक्नोलॉजी के जरिए भारत के मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड में किया जाएगा। भारतीय नौसेना 2020 से ही छह पनडुब्बियों के लिए विदेशी पार्टनर की तलाश कर रही थी। चार दिवसीय भारत दौरे पर आये जर्मनी के रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस की उपस्थिति में प्रारंभिक समझौते पर



हस्ताक्षर किये गए हैं। भारतीय रक्षा पीएसयू मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड (एमडीएल) और जर्मनी के थाइसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स ने बुधवार को पनडुब्बी परियोजना 75 आई की निविदा में भाग लेने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए, जिसकी कीमत लगभग 5.2 बिलियन डॉलर है। दोनों कंपनियां अगली पीढ़ी की 6 डीजल इलेक्ट्रिक पनडुब्बियों के अधिग्रहण के लिए संयुक्त रूप से बोली लगाएंगी। एमडीएल के सीएमडी वाइस एडमिरल (सेवानिवृत्त) नारायण प्रसाद और जर्मन रक्षा मंत्री बोरिस पिस्टोरियस की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।

अब कंसोर्टियम छह पारंपरिक पनडुब्बियों के लिए भारतीय नौसेना की ओर से मंगवाई गई आरएफपी में बोली लगाएगा, जो यहां 'बाय इंडियन श्रेणी' के तहत निर्मित की जाएंगी। दूसरी बोली लगाने वाली कंपनी एलएंडटी है, जिसने बोली लगाने के लिए एक अन्य विदेशी ओईएम के साथ भी समझौता किया है। एमओयू के अनुसार थाइसेनक्रुप इंजीनियरिंग और डिजाइन की पेशकश करेगा और मुंबई स्थित एमडीएल छह पनडुब्बियों का निर्माण करेगी। जर्मन पनडुब्बियों का निर्माण करना एमडीएल के लिए कोई नई बात नहीं है। इससे पहले भी भारत ने चार पनडुब्बियों के लिए जर्मन एचडीडब्ल्यू से अनुबंध किया था, जिसमें से दो का निर्माण एमडीएल ने ही किया था। थाइसेनक्रुप मरीन सिस्टम्स के सीईओ और थिसेनक्रुप के प्रबंधन बोर्ड के सदस्य ओलिवर बर्कहार्ड ने सौदे पर हस्ताक्षर होने के बाद कहा कि हमें इस पर बहुत गर्व है और भविष्य में भारत की राष्ट्रीय सुरक्षा में योगदान जारी रखने में खुशी होगी। हम भारत के साथ एक भरोसेमंद और दशक भर की साझेदारी की ओर देखते हैं। 1980 के दशक में हमने जो नावें बनाई थीं, वे आज भी सेवा में हैं। जब भारत बुलाएगा तो हम तैयार हैं।

## रवीना ने 'पाइन कोन' के लिए ओनिर को कशिश रेनबो वॉरियर पुरस्कार से सम्मानित किया

**अभिनेत्री** रवीना टंडन ने हाल ही में फिल्मकार ओनिर को उनकी फिल्म 'पाइन कोन' के लिए प्रतिष्ठित कशिश रेनबो वॉरियर पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्हें 14वें कशिश इंटरनेशनल क्वीर फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन समारोह में यह पुरस्कार दिया गया। यह आयोजन विविधता, समावेश और सिनेमा की शक्ति को सेलिब्रेट करता है। फिल्म सामाजिक मानदंडों की सीमाओं से आगे जाते हुए समलैंगिक संबंधों की



जटिलताओं को दशार्ती है, और एलजीबीटी प्लस समुदाय के अनुभवों पर प्रकाश डालती है। प्राइड मंथ और समलैंगिक विवाह को लेकर जारी हालिया बहस के कारण ओनीर के लिए कशिश रेनबो पुरस्कार का विशेष महत्व रखता है। ओनिर ने कहा, यह पुरस्कार अविश्वसनीय रूप से विशेष है, न केवल इसलिए कि यह प्राइड मंथ है, बल्कि इसलिए भी है क्योंकि यह कशिश है, और यह विशेष है कि प्यार का यह पुरस्कार मेरे शहर .. मुंबई में होता है। मैं इस पुरस्कार के लिए कशिश फिल्म फेस्टिवल और श्रीधर को धन्यवाद देता हूं।